खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 30°C
न्यूनतम : 25°C

देहरादून, सोमवार 7 जुलाई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 334 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र में नया क्यूआर कोड सिस्टम हुआ लागू

पेज 2





बर्मिंघम में टीम इंडिया की 58 साल में पहली जीत

खेल टाइम्स



बांग्लादेश के चुनाव आयोग के तत्कालीन सुधारों को समझिए

सम्पादकीय



अमेरिकी हमलों के बाद पहली बार सामने आए खामेनेई

पेज 2

### नितिन गडकरी का बेबाक मत

# विश्व युद्ध में बदल सकती है सुपर पावर देशों की हनक

**नागपुर, वार्ता**

- इजरायल-ईरान जैसी पुनरावृत्ति हुई, तो हालात होंगे बदतर
- महाशक्तियों की तानाशाही से दुनिया से प्रेम होता जा रहा खत्म



**केंद्रीय सड़क** परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि दुनिया में रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान जैसे युद्धों के कारण दुनियाभर में टकराव का माहौल बन गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी स्थिति बन रही है जिससे कभी भी विश्व युद्ध छिड़ सकता है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी नागपुर में बियान्ड बॉर्डर्स नाम के पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बड़ी महाशक्तियों की तानाशाही और अधिनायकवाद के चलते दुनिया से समन्वय, सौहार्द और प्रेम खत्म होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में संघर्ष का वातावरण है। रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान के बीच युद्ध जारी हैं। ऐसे हालात बन रहे हैं कि कभी भी वर्ल्ड वॉर जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। केंद्रीय मंत्री ने इस मौके पर भारत की सांस्कृतिक विरासत की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत बुद्ध की धरती है, जिसने दुनिया को सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश दिया है। नितिन गडकरी ने कहा कि युद्ध की तकनीक अब पूरी तरह बदल चुकी है। अब टैंक और पारंपरिक विमान कम उपयोगी हो गए हैं, जबकि मिसाइल और ड्रोन जैसे आधुनिक हथियारों का ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब मिसाइलें सीधे नागरिक बस्तियों पर गिराई जा रही हैं, जिससे मानवता की रक्षा करना मुश्किल होता जा रहा है। यह एक गंभीर समस्या है जिस पर वैश्विक स्तर पर चर्चा की जरूरत है।

# दुनिया को नई व्यवस्था की जरूरत: मोदी

## ग्लोबल साउथ देशों के बिना वैश्विक संस्थाएं बिना नेटवर्क वाले मोबाइल की तरह

**रियो डी जनेरियो, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने रविवार को ब्रिक्स समिट में एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि आज दुनिया को एक बहुध्रुवीय और समावेशी व्यवस्था की जरूरत है। इसकी शुरुआत वैश्विक संस्थाओं में बदलाव से करनी होगी। पीएम ने कहा कि 20वीं सदी में बनाई गई वैश्विक संस्थाएं 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं।

एआई के दौर में तकनीक हर हफ्ते अपडेट होती है, लेकिन एक वैश्विक संस्थान 80 सालों में एक बार भी अपडेट नहीं होता। 20वीं सदी के टाइपराइटर 21वीं सदी के सॉफ्टवेयर को नहीं चला सकते। प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्लोबल साउथ के देश अक्सर डबल स्टैंडर्ड का शिकार रहे हैं। चाहे विकास हो, संसाधनों की बात हो, या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की, ग्लोबल साउथ को कभी प्राथमिकता नहीं दी गई है। इनके बिना, वैश्विक संस्थाएं ऐसे मोबाइल की तरह हैं, जिसमें सिम कार्ड तो है, लेकिन नेटवर्क नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में जिन देशों का योगदान ज्यादा है, उन्हें फैसले लेने का हक नहीं है। यह सिर्फ प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का भी सवाल है।



### पीएम मोदी को 'की टू द सिटी सम्मान', भारत-अर्जेंटीना संबंधों में मील का पत्थर

**ब्यूनस आयर्स।** पीएम मोदी को शनिवार को अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान की टू द सिटी (शहर की चाबी) सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान भारत और अर्जेंटीना के बीच संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए दिया गया। यह सम्मान विश्व के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को ही दिया जाता है, जो किसी शहर के साथ विशेष संबंध बनाते हैं या उस शहर में सांस्कृतिक, राजनीतिक या आर्थिक जुड़ाव बढ़ाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस सम्मान के प्रति आभार जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ब्यूनस आयर्स के सिटी गवर्नमेंट प्रमुख जार्ज मैकरी से 'की टू द सिटी' प्राप्त करना मेरे लिए गौरव की बात है।

### पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ से सरकारी बंगला खाली कराएं

**नई दिल्ली।** पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ अपने सरकारी बंगले (5, कृष्ण मेनन मार्ग) में तय समयसीमा से ज्यादा रह गए हैं। अब सुप्रीम कोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा कि पूर्व सीजेआई से उनका बंगला जल्द खाली कराया जाए, ताकि हम उसे कोर्ट के हाउसिंग पूल में शामिल कर सकें। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई को मिलाकर 33 जज हैं। सुप्रीम कोर्ट में जजों की सेंक्शन संख्या 34 है। शीर्ष कोर्ट के चार जजों को अभी तक सरकारी बंगला नहीं मिला है। तीन जज सुप्रीम कोर्ट के ट्रांजिट अपार्टमेंट, जबकि एक जज स्टेट गेस्ट हाउस में रह रहे हैं। शीर्ष कोर्ट ने जल्द से जल्द 5, कृष्ण मेनन मार्ग बंगला लौटाए जाने की मांग की है।

### ब्रिटिश फाइटर जेट F-35 को ठीक करने 40 इंजीनियर पहुंचे

**तिरुअनंतपुरम।** ब्रिटिश फाइटर जेट एफ-35 को ठीक करने ब्रिटेन से 40 इंजीनियरों की टीम रविवार को भारत पहुंच गई है। टीम तय करेगी कि विमान की मरम्मत यहीं हो सकती है या वापस यूके भेजना होगा। पहले ब्रिटेन की इस टीम को 2 जुलाई को आना था। फाइटर जेट 14 जून की रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका। जेट 23 दिन से एयरपोर्ट पर ही खड़ा है।

### मणिकर्णिका घाट की छत पर हो रहा अंतिम संस्कार

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में गंगा उफान पर है। गंगा में हर घंटे 1 सेमी पानी बढ़ रहा है। गंगा 62.62 मीटर पर बह रही है। खतरे का निशान 71.262 मीटर है। महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पानी में डूबा है, इसके कारण चिताएं छत पर जलाई जा रही हैं। मध्य प्रदेश में 21 जिलों में रविवार को बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। लगातार बारिश जारी है। अगले 24 घंटे में 8 इंच बारिश की संभावना है। जबलपुर में बरगी बांध के 9 गेट खोले गए हैं। पहले से उफान पर नर्मदा नदी का जलस्तर और बढ़ने की संभावना है। शहडोल में जिला अस्पताल के कई वार्ड में पानी भर गया। राजस्थान के श्रीगंगानगर में दो मकानों की छत गिर गई। हादसे में 5 साल के बच्चे की मौत हो गई। पांच लोग घायल हैं।

## ऋषिकेश-यमुनोत्री हाईवे सहित 67 सड़कें बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी के समीप एनएच विभाग की ओर से करीब 24 मीटर लंबे स्पान के बैली ब्रिज का निर्माण कर रहा है। मौसम का साथ मिलने पर विभाग ने काम में तेजी लाई।



इसके साथ ही स्यानाचट्टी में सिंचाई विभाग की ओर से यमुना नदी में बनी झील के मुहाने से मलबा हटाने का कार्य जारी है। बीते 28 जून को यमुनोत्री हाईवे का हिस्सा ओजरी में बह गया था। राज्य में ऋषिकेश-यमुनोत्री-राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 67 सड़के बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक रुद्रप्रयाग जिले में चार ग्रामीण सड़कें, उत्तरकाशी में एक एनएच सहित 11 ग्रामीण सड़कें, नैनीताल में दो, चमोली में एक राज्य मार्ग सहित 21 ग्रामीण सड़कें, पिथौरागढ़ में छह ग्रामीण, अल्मोड़ा में एक राजमार्ग और एक ग्रामीण, बागेश्वर जिले में 11 ग्रामीण, पौड़ी गढ़वाल में तीन ग्रामीण, देहरादून में दो ग्रामीण और टिहरी जिले में तीन ग्रामीण सड़के मलबा आने से बंद हैं।

### राफेल लड़ाकू विमान के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा चीन

**पेरिस।** फ्रांस की सैन्य और खुफिया एजेंसियों ने अपनी एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा किया है कि चीन अपने दूतावासों के जरिये फ्रांस के लड़ाकू विमान राफेल फाइटर जेट के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है और फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों की क्षमता पर संदेह पैदा करने की कोशिश कर रहा है। खासकर भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए संघर्ष के बाद इस दुष्प्रचार में तेजी आई है। चीन, राफेल लड़ाकू विमानों के मुकाबले अपने लड़ाकू विमानों को बेहतर बनाकर पेश कर रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन के दूतावासों में तैनात डिफेंस अताशे विभिन्न देशों को राफेल लड़ाकू जेट नहीं खरीदने पर जोर दे रहे हैं।

## रॉयटर्स का एक्स अकाउंट ब्लॉक होने पर केंद्र ने दी सफाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- सरकार ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट की गलती बताई

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने रविवार को कहा कि उसने अंतर्राष्ट्रीय समाचार एजेंसी रॉयटर्स के एक्स अकाउंट को ब्लॉक करने का कोई निर्देश नहीं दिया है और अकाउंट को ब्लॉक करना माइक्रोब्लॉगिंग साइट की ओर से एक 'गलती' है।

केन्द्र सरकार की यह टिप्पणी भारत में रॉयटर्स के एक्स अकाउंट पर दिखाए गए एक नोटिस के जवाब में आई है, जिसमें कहा गया है कि कानूनी मांग के अनुरूप इसे 'विदहेल्ड' किया गया था। अधिकारी ने हाल ही में ऐसी कोई मांग करने से इन्कार करते हुए कहा कि इस मामले में एक्स से विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने एक आदेश जारी किया था। लेकिन एक्स ने अब इसे लागू किया है, जो उनकी ओर से एक गलती है। इस बीच समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने, अब तक इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं की। रिपोर्टों के अनुसार, भारत में केवल रॉयटर्स न्यूज़ एजेंसी और रॉयटर्स वर्ल्ड के आधिकारिक अकाउंट एक्स पर बंद हैं, लेकिन इसके अन्य संबद्ध हैंडल, जिनमें रॉयटर्स टेक न्यूज़, रॉयटर्स फैक्ट चेक, रॉयटर्स एशिया और रॉयटर्स चाइना आदि एक्स पर देखे जा सकते हैं।

# वारदात के बाद आरोपी घंटों पीते रहे शराब

**कोलकाता, वार्ता**

### कोलकाता गैंगरेप

- ढाबे पर खाना खाया, फिर घर लौटे
- गार्ड को धमकाया, किसी को कुछ मत बताना

**कोलकाता लॉ** कॉलेज गैंगरेप केस में पुलिस ने नए खुलासे किए हैं। जांच में सामने आया है कि वारदात के बाद मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा और उसके साथी (प्रमित मुखर्जी और जैब अहमद) ने कॉलेज के गार्ड रूम में घंटों तक शराब पी।

सिक्योरिटी गार्ड पिनाकी बनर्जी को धमकाया कि वह इस घटना के बारे में किसी को कुछ न बताए। इसके बाद ईएम बाइपास पर एक ढाबे पर खाना खाने गए। फिर अपने-अपने घर लौट गए। पुलिस के अनुसार, घटना के अगले दिन 26 जून को मनोजीत मिश्रा को जब हालात की गंभीरता का एहसास हुआ तो उसने साउथ कोलकाता के देशप्रिय पार्क इलाके में रहने वाले एक प्रभावशाली व्यक्ति से संपर्क किया। वह व्यक्ति पहले भी उसकी मदद कर चुका था। हालांकि, इस बार उसने मनोजीत से पीछे हटने की सलाह दी। साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में 25 जून को गैंगरेप एक छात्रा से गैंगरेप हुआ था। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा यहीं का पूर्व छात्र है। बाकी 2 आरोपी मौजूदा स्टूडेंट्स हैं। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा, जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी को 26 जून को गिरफ्तार किया गया था।



## संक्षिप्त समाचार

### हाईटेंशन लाइन से ताजिया टकराया एक युवक की मौत

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में ताजिए के हाईटेंशन लाइन से टकराने पर एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शहर के रोरावर थाना क्षेत्र के जलालपुर इलाके में हुई। रविवार शाम 4:45 बजे मुहर्रम का जुलूस निकाला जा रहा था। इस दौरान जलालपुर क्षेत्र में ताजिया अचानक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन तार से टकरा गया, जिससे उसमें करंट प्रवाहित हो गया। करंट लगने से तीन लोग इसकी चपेट में आ गए। हादसे में रोरावर थाना क्षेत्र के अलहदादपुर नीवरी मोहल्ले के निवासी अरवान (20 वर्ष), पुत्र अनवार खान की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

### राजौरी में दुर्घटनावश गोली लगने से सैनिक की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के धर्मसल इलाके में रायफल से दुर्घटनावश गोली लगने से सेना के एक जवान की मौत हो गई। पुलिस ने आज यहां बताया कि जवान धर्मसल में अपनी यूनिट में ड्यूटी पर था, तभी उसकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल गई। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, तब तक उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुरानी व नई दिल्ली स्टेशनों के नाम बदले जाएं

**नई दिल्ली।** बीजेपी सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने नई दिल्ली और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के नाम बदलने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर 'अटल बिहारी वाजपेयी रेलवे स्टेशन' रखा जाए और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम 'महाराजा अग्रसेन रेलवे स्टेशन' किया जाए।

# बिहार के लोगों के मताधिकार छीन रही सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार चुनाव आयोग के साथ मिलकर बिहार के लोगों के वोट देने के अधिकार को छीनना चाहती है, इसलिए चुनाव से ठीक पहले मतदाता पहचान पहचान के लिए सदन अभियान चलाकर मतदाता सूची तैयार करने का काम किया जा रहा है।

कांग्रेस का कहना है कि जो काम उसे समय से कर देना चाहिए था वह चुनाव से ठीक पहले शुरू किया जा रहा है, ताकि मतदाता समय पर शर्तों के अनुसार कागजात जमा नहीं कर पाएं और और उन्हें मतदान से वंचित रखा जा सके। पार्टी ने कहा कि बिहार वासियों सावधान। चुनाव आयोग के साथ मिलकर मोदी सरकार आपके वोट के अधिकार को छीन लेना चाहती है। इतना ही नहीं, आपकी नागरिकता भी खतरे में है। बूथ स्तर के एक अधिकारी-बीएलओ का साफ कहना है कि अगर आप कागज नहीं दिखा पाए, तो वोट देने का अधिकार तो गया ही आपकी नागरिकता भी खत्म कर दी जाएगी। कांग्रेस का कहना है कि चुनाव आयोग बिहार में मतदाता सूची की जांच कर रहा है। इसके लिए लोगों से कागज दिखाने को कहा गया है, लेकिन इसमें आधार कार्ड और वोटर पहचान पत्र शामिल नहीं हैं। बिहार के अधिकतर लोगों के पास पहचान साबित करने कि लिए सिर्फ आधार कार्ड है जिसे चुनाव आयोग मानने को तैयार नहीं है। इससे बिहार के करोड़ों मतदाताओं के ऊपर मतदान सूची से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है, जो सरासर अन्याय है। पार्टी ने कहा कि ये साजिश है। वोट का अधिकार छीन लेने की साजिश, जो मोदी सरकार और चुनाव आयोग ने मिलकर रची है।

## पीएम मोदी को नहीं हटाया, तो ले लूंगा संन्यास



कांग्रेस नेता अजय राय ने दिया 2029 को लेकर बयान

**वाराणसी।** यूपी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर वाराणसी के पिंडरा विधानसभा में कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेता अजय राय ने ऐलान कर दिया कि अगर वह 2029 में प्रधानमंत्री मोदी को वाराणसी से नहीं लौटा पाए, तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। वाराणसी के पिंडरा विधानसभा में कामरेड उदल पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल सहित इंडिया गठबंधन के नेता और सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस नेता अजय राय ने मंच से संबोधित करते हुए 2027 के साथ-साथ 2029 को लेकर भी बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि आप लोग हमें 2027 चुनाव जिताइए, आपसे वादा करता हूं 2029 में पीएम मोदी बनारस छोड़कर भाग नहीं गए, तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा। 2022 में वाराणसी के विधायक जीते नहीं, बल्कि ताकत के बल पर उन्हें जिताया गया, नहीं तो हम 2022 में यहां से जीत गए होते।

# अमेरिकी हमलों के बाद पहली बार सामने आए खामेनेई

**तेहरान, वार्ता**

■ राजधानी तेहरान में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में ईरान के सर्वोच्च नेता की मौजूदगी दिखी

ईरान और इजरायल के बीच छिड़े 12 दिन के युद्ध के बाद अब ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई पहली बार जनता के सामने आए हैं।

तेहरान में एक धार्मिक कार्यक्रम में खामेनेई की मौजूदगी दिखी। बीते दिनों अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले किए थे, जिसके बाद से खामेनेई सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आ रहे थे। उनकी मौजूदगी को लेकर अफवाहें भी उड़ रही थीं। लेकिन अब उनकी तस्वीरें सामने आ चुकी हैं। 86 साल के खामेनेई को काले कपड़ों में मंच पर बैठे देखा गया। उनके सामने मौजूद भीड़ हाथ हवा में उठाकर नारेबाजी कर रही थी कि हमारे खून की हर बूंद हमारे नेता के लिए है। ईरान के सरकारी टीवी ने बताया कि यह कार्यक्रम तेहरान की इमाम खोमैनी मस्जिद में हुआ। यह मस्जिद ईरान के इस्लामिक क्रांति के संस्थापक के नाम पर बनी है। यह कार्यक्रम शिया मुसलमानों के लिए बेहद अहम इमाम हुसैन की शहादत की बरसी पर आयोजित किया गया था। खामेनेई बीते कुछ दिनों से सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर थे। उनकी आखिरी सार्वजनिक उपस्थिति इजरायल के हमलों से ठीक दो दिन पहले हुई थी, जब वो सांसदों से मिले थे। हालांकि, पिछले हफ्ते उनका एक रिकार्डेड वीडियो सामने आया था, लेकिन उनकी शारीरिक स्थिति को लेकर सवाल उठ रहे थे। अब सार्वजनिक मंच पर नजर आने के बाद यह साफ हो गया है कि वो सक्रिय हैं और देश के हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

# 2011 की जनगणना के आधार पर होगा पंचायतों का आरक्षण

**लखनऊ, वार्ता**

■ 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं को आरक्षित

उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत ग्राम पंचायतों में आरक्षण की व्यवस्था 2011 की जनगणना के आधार पर होगी।

उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक श्रेणी में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी, जबकि पिछले चुनाव में लागू नियमों में निर्धारित आरक्षण की चक्रानुक्रम प्रणाली का भी पालन किया जाएगा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने रविवार को यहां पत्रकारों से कहा कि पिछली बार की तरह इस बार भी ग्राम पंचायत की सीटें सामान्य, पिछड़ी, महिला या अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए आरक्षित की गई हैं, लेकिन इस बार सीटों में कुछ फेरबदल हो सकता है। उन्होंने बताया कि नए सिरे से परिसीमन के लिए ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण चल रहा है। उन्होंने कहा कि परिसीमन का काम पूरा होने पर आरक्षण की व्यवस्था शुरू हो जाएगी। राजभर ने कहा कि आरक्षण व्यवस्था में कोटा के भीतर कोटा लागू करने के लिए वह जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि उनकी पार्टी एसबीएसपी अकेले ही पंचायत चुनाव लड़ेगी। हमारी पार्टी जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव किसी पार्टी के सिंबल पर नहीं होते। ऐसे में इस चुनाव में गठबंधन का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने दो. हराया कि 2027 में पिछड़े वर्ग के सभी नेता एकजुट होकर एनडीए की सरकार बनाएंगे।

## उप्र में नया क्यूआर कोड सिस्टम लागू हुआ

# कांवड़ यात्रा मार्ग के दुकानदारों को बड़ी राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**





■ दुकानदारों को अपनी पहचान नहीं करनी होगी सार्वजनिक, क्यूआर कोड में छिपी होगी हर जानकारी

■ ग्राहक दुकानदार का नाम, पता, लाइसेंस नंबर, मोबाइल नंबर और ईमेल जैसे विवरण जान सकेंगे

**लखनऊ।** यूपी में कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को अब अपनी पहचान सार्वजनिक करने की अनिवार्यता से छूट मिल गई है, लेकिन खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने एक नया नियम लागू किया है। इसके तहत हर दुकानदार को अपनी दुकान पर क्यूआर कोड युक्त प्रपत्र प्रदर्शित करना होगा।

इस क्यूआर कोड को स्कैन करते ही ग्राहक दुकानदार का नाम, पता, लाइसेंस नंबर, मोबाइल नंबर और ईमेल जैसे विवरण आसानी से जान सकेंगे। कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानों के नाम और मालिकों की जानकारी को लेकर पहले भी विवाद हो चुके हैं। पिछले साल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दुकानदारों के नाम प्रदर्शित करने का आदेश जारी किया गया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। अदालत ने इस पर अंतरिम रोक लगा दी थी। इसके बाद 24 सितम्बर 2024 को यूपी सरकार ने राज्यभर के भोजनालयों के लिए मालिकों, प्रबंधकों और कर्मचारियों के नाम-पते प्रदर्शित करने का आदेश जारी किया। हालांकि, एफएसडीए एक्ट में नाम जाहिर करने का कोई प्रावधान न होने के कारण अब दुकान का नाम और क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है। एफएसडीए ने ग्राहक संतुष्टि के लिए एक विशेष प्रपत्र तैयार किया है, जिसमें दुकान का लाइसेंस नंबर, नाम, पता, मोबाइल नंबर, ईमेल और टोल-फ्री नंबर के साथ क्यूआर कोड शामिल है। ग्राहक इस कोड को स्कैन कर दुकानदार की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और फूड सेफ्टी कनेक्ट एप के जरिये फीडबैक भी दे सकेंगे। यह व्यवस्था यात्रियों के लिए भोजन की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में मददगार साबित होगी। नए सिस्टम के तहत ग्राहक खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायत भी दर्ज कर सकेंगे। शिकायत अपलोड होते ही विभाग के कंट्रोल रूम को सूचना मिलेगी, और नजदीकी खाद्य निरीक्षक तुरंत जांच के लिए पहुंचेगा। प्राथमिक जांच में मिलावट की पुष्टि होने पर संबंधित खाद्य पदार्थ को नष्ट कराया जाएगा। मिलावटखोरी रोकने के लिए एफएसडीए ने व्यापक रणनीति बनाई है। कांवड़ यात्रा मार्गों और धार्मिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे, जिनमें श्रद्धालुओं को खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान करने के तरीके बताए जाएंगे। इसके अलावा, विभाग की मोबाइल वैन भी तैनात रहेगी, जहां लोग खाद्य पदार्थों की जांच करा सकेंगे।

### ढाबों पर दिखे असली नेमप्लेट, किसी के साथ न हो धार्मिक छल: कपिल देव

**सम्भल।** योगी सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा है कि कांवड़ यात्रा पर वाले रास्तों के ढाबों पर असली नेम प्लेट दिखनी चाहिए, क्योंकि यह विषय धार्मिक भावना से जुड़ा है। जो लोग हिंदू धार्मिक नामों से ढाबा चला रहे हैं, लेकिन वहां नॉनवेज परोसा जा रहा है, वह समाज में भ्रम और विवाद पैदा करते हैं। यदि किसी ढाबे पर वैष्णो या दुर्गा नाम लिखा हो और वहां मांसाहार परोसा जाए, तो श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। इससे सामाजिक सद्भाव बिगड़ता है। किसी को खाना बनाने या ढाबा चलाने से रोका नहीं जा रहा, बस पारदर्शिता जरूरी है।



सेंसेक्स 83432.89
निफ्टी 25461.00



सोना रु. 97021
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 107580
प्रति किलो



# इस सप्ताह सीमित दायरे में ऊपर-नीचे होते रहे सूचकांक

**नई दिल्ली, वार्ता**



**शेयर बाजारों के भारत अमेरिका व्यापार वार्ता के परिणाम, कंपनियों के साप्ताहिक नतीजों की प्रतीक्षा**

भारतीय शेयर बाजार में पिछला सप्ताह निवेशकों की सतर्क चाल और मिले जुले वैश्विक संकेतों के बीच कारोबार का दायरा सीमित रहा। सप्ताह के दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सीमित दायरे में नीचे ऊपर होते रहे।

बाजार विश्लेषकों का कहना है कि विश्व स्तर पर भू राजनीतिक तनावों तथा अमेरिका के साथ विभिन्न देशों के व्यापार संबंधों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। भारतीय बाजारों में जून माह की तेजी के बाद भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बारे में अनिश्चितता से विदेशी निवेशक सावधानी का रुख किए हुए है। जुलाई के प्रथम सप्ताह में विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से बिकवाली का दबाव भी बढ़ा हुआ है। बाजार विश्लेषणों के अनुसार हाल के सत्रों में तेज उछाल के बाद बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में मुनाफावसूली का दौर देखने को मिला। मिश्रित वैश्विक संकेतों और भारत के खिलाफ ट्रम्प सरकार के आयात शुल्क संबंधी फैसले की 9 जुलाई की तारीख नजदीक आ गई है। निवेशकों को अमेरिका के निर्णय की प्रतीक्षा है जो सात जुलाई को घोषित किया जा सकता है। विश्लेषकों के अनुसार भारतीय बाजार में शेयरों का मूल्यांकन अब भी ऊंचा है। स्पष्ट संकेतों के अभाव में विदेशी संस्थागत निवेशक सतर्क हो गए हैं, लेकिन जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक बाजार को समर्थन बनाए हुए हैं। घरेलू निवेशकों के इस समर्थन से बाजार की स्थिति संभली हुई है। अमेरिका में प्रशुल्क दरों को लेकर अनिश्चितता से धातु, वाहन और वित्तीय क्षेत्र के शेयर दबाव में दिखे, पर बड़े रक्षा खरीद सौदे के सरकार के फैसलों से उत्साहित रक्षा शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जो रणनीतिक क्षेत्रों पर सरकार के निरंतर ध्यान को दर्शाता है। सरकार ने इसी सप्ताह 1.06 लाख करोड़ रुपये के रक्षा खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिसका अधिकतर ठेका घरेलू कंपनियों को जाएगा। मुद्रास्फीति में कमी और ब्याज दरों में गिरावट जैसी अनुकूल स्थितियों तथा मानसून के अच्छा होने से बाजार की भावना को बल मिल रहा है। जानकारों का कहना है कि अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के बाद कोई अच्छा समझौता निकल है, तो स्थानीय शेयर बाजार उसका जोरदार स्वागत करेंगे। अमेरिका के साथ अच्छे व्यापारिक संबंध से आईटी, फार्मा और ऑटो जैसे निर्यात की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों को लाभ होने की उम्मीद है।

## सोने-चांदी की कीमत रॉकेट स्पीड में बढ़ीं

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी दोनों की कीमत में इस हफ्ते बढ़त देखी गई है। सोने के दाम में 1,200 रुपए से अधिक का इजाफा हुआ, वहीं, चांदी का भाव 2,300 रुपए से अधिक बढ़ गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 97,021 रुपए है, जबकि एक हफ्ते पहले इसी दिन यह 95,784 रुपए थी, जो कि सोने की कीमत में 1,237 रुपए की बढ़त को दर्शाता है। 22 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 88,871 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 87,738 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 71,838 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 72,766 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। वहीं, समीक्षा अवधि में चांदी की कीमत 2,387 रुपए बढ़कर 1,07,580 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,05,193 रुपए प्रति किलो थी। चांदी अपने उच्चतम स्तर के करीब बनी हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ की सीमा 9 जुलाई को समाप्त होना और इसको आगे बढ़ाने को लेकर कोई स्पष्टता न होना इसकी एक अहम वजह है।

# सप्ताह के दौरान विदेशी विनिमय बाजार में रुपये में स्थिरता बनी रही

**नई दिल्ली, वार्ता**

अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता तथा शेयर बाजारों में विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली के दबाव के बावजूद जुलाई माह के पहले सप्ताह में विदेशी विनियम बाजार में भारतीय रुपये में कुल मिलाकर स्थिरता दिखी। अमेरिका के साथ अच्छे व्यापार समझौते की बाजार की उम्मीद पूरी हुई, तो इस सप्ताह रुपये को काफी सहारा मिल सकता है।

सप्ताह के दौरान जारी अमेरिका के गैर कृषि क्षेत्र के रोजगार आंकड़े बाजार की उम्मीद से बेहतर रहे। इससे वहां ब्याज दर में स्थिरता की संभावना के बीच डॉलर के मुकाबले रुपया सप्ताह के मध्य में मजबूत रहा। लेकिन सप्ताह के अंत में थोड़ी गिरावट के चलते करीब करीब यह पिछले सप्ताह के स्तर पर स्थिर रहा। जुलाई के पहले सप्ताह में बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा। पहली जुलाई को रुपया 85.70 के आसपास खुलने के बाद मजबूत हो कर 85.59 रुपये प्रति डॉलर के दायरे में बंद हुआ था।

गुरुवार को स्थानीय मुद्रा मजबूत होकर 85.31 प्रति डॉलर पर बंद हुई। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि यह मजबूती भारत और अमेरिका के बीच संभावित व्यापार समझौते को लेकर आशावाद और आने वाले समय में स्थानीय शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों की मजबूत वापसी की संभावना का संकेत है। शुक्रवार को रुपया फिर डॉलर के मुकाबले गिर कर 85.62 के आसपास स्थिर रहा। उससे एक दिन पहले अमेरिका में रोजगार के आंकड़े मजबूत होने से वैश्विक मुद्राओं के समक्ष अमेरिकी डॉलर को बल मिला था, जिससे रुपये में और तेजी सीमित हो गई। विश्लेषकों को आने वाले सप्ताह में भी रुपया, डॉलर विनिमय दर 85.30.85.90 के दायरे में रहने का अनुमान है।

# मोदी और नड्डा ने मुखर्जी को उनकी जयंती पर किया नमन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जन्म-जयंती पर नमन किया है और भारत के निर्माण में उनके आदर्श और सिद्धांत को बहुमूल्य बताया है।

मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, राष्ट्र के अमर सपूत डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जन्म-जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि। देश की आन-बान और शान की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनके आदर्श और सिद्धांत विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में बहुमूल्य हैं। वहीं नड्डा ने लिखा, अपने प्रखर राष्ट्रवादी विचारों और कार्यों से मां भारती को गौरवान्वित करने वाले महान विचारक, करोड़ो कार्यकर्ताओं के प्रेरणापुंज, विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के आधार स्तम्भ डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जन्म-जयंती पर उन्हें भावपूर्ण नमन करता हूं। जम्मू-कश्मीर से दो विधान, दो निशान और दो प्रधान समाप्त करने के लिए श्रद्धेय डा. मुखर्जी जी अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक संघर्षरत रहे। कश्मीर से धारा-370 हटाकर उनके स्वप्न को प्रधानमंत्री नरेंद्र के नेतृत्व में हमारी सरकार ने साकार किया है। उन्होंने लिखा, मां भारती की एकता, अखंडता और सम्मान के लिए दिया गया आपका अमर बलिदान अनंतकाल तक देशवासियों को राष्ट्रसेवा और समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा।

### राजनाथ कल रक्षा लेखा विभाग के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को यहां रक्षा लेखा विभाग के तीन दिन के नियंत्रक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि सम्मेलन में देश की रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने पर मुख्य रूप से चर्चा की जाएगी। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) एसजी दस्तीदार और रक्षा लेखा महानियंत्रक डॉ. मयंक शर्मा सहित शीर्ष सैन्य और प्रशासनिक अधिकारी सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे। यह भारत की रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने में इसकी महत्ता को दर्शाता है।

# इटावा सफारी की योगी सरकार कर रही है अनदेखी: अखिलेश

**इटावा, वार्ता**



एशियाई शेरों के सबसे बड़े आशियाने के रूप में देश दुनिया में लोकप्रिय इटावा सफारी पार्क को लेकर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा है और लाइन सफारी की अनदेखी करने का आरोप योगी सरकार पर लगाया है। इटावा सफारी पार्क में 18 एशियाई शेर शावक शेरनिया, 21 लेपर्ड, 6 भालू, 6 बारह सिंघा, 250 के आसपास ब्लैक बक ओर हिरण के अलावा करीब तीन सौ से अधिक प्रजाति के पक्षी है, जो पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय ने कहा कि सरकार की सोच पर्यावरणीय नहीं है और इसीलिए इटावा सफारी पार्क के अनदेखी सरकार करने में जुटी हुई है, समाजवादी सरकार में इटावा सफारी पार्क का निर्माण किया गया है और आज तक इटावा सरकारी पार्क के विस्तारीकरण के लिए कोई बजट नहीं दिया गया है। यह सब बातें इटावा सफारी पार्क की अनदेखी की ओर इशारा करती है, उनका कहना है कि जब तक पर्यावरण सोच वाली सरकार नहीं होगी तब तक इसी तरह से पर्यावरण का नुकसान होता रहेगा। इटावा सफारी पार्क में देश का पहला ब्रीडिंग सेंटर खोला गया है, जिसमें एशियाई शेरों की पैदाइश हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट के अभाव में इटावा सफारी पार्क का विस्तारीकरण बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। अखिलेश ने कहा इटावा की पहचान देश दुनिया में कभी को चंबल के कुख्यात डाकुओं के आतंक से देश दुनिया में बनी हुई थी, लेकिन आज इटावा की पहचान लाइन सफारी से बन चुकी है देश दुनिया से बड़ी संख्या में पर्यटक इटावा सफारी पार्क नियमित आने में जुटे हुए हैं। इटावा सफारी पार्क में आने वाले हर पर्यटक को एशियाई शेर हर हाल में देखने को तो मिलते ही है, इसके अलावा अन्य वन्य जीव भी पर्यटक देखकर के खासे आनंदित भी होते हैं। वैसे तो इटावा सफारी पार्क में बडी तादाद में अन्य वन्य जीव भी हैं, लेकिन सबसे बध आकर्षण एशियाटिक शेर ही हैं। इन्हें देखने पर्यटक बड़ी तादाद में साल भर आते हैं।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंडजॉब पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# रजत जयंती वर्ष 25 YEARS 2000–2025 ...ढाई दशक का सुनहरा सफर

## शाह टाइम्स की रजत जयंती पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




समस्त प्रदेशवासियों को शाह टाइम्स की
**रजत जयंती** की हार्दिक शुभकामनाएं



**दीपक बल्यूटिया**
प्रदेश प्रवक्ता
प्रदेश कांग्रेस कमेटी, उत्तराखण्ड

---

Nilkamal FURNITURE & OFFICE IDEAS | Supreme FURNITURE Truly Stylish



अब्दुल क़वी

शाह टाइम्स की 25वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

Qavi ENTERPRISES | WHITE CHARCOAL STUDIO ARCHITECTURE . INTERIOR . URBAN . LANDSCAPE

Abdullah Building Bareilly Road , Haldwani
9837047919 , 9719092666

---

MA BHADRAKALI SOLAR SYSTEM

**माँ भद्रकाली सोलर**
पी.एम. सूर्य घर बिजली मुक्त योजना में
**सोलर मात्र–19999/–** सब्सीडी उपलब्ध
सब्सीडी व बिना सब्सीडी वाले, घरेलू एवं व्यावसायिक प्लान्ट लगाने हेतु सम्पर्क करें
हमारे पास अडानी, विक्रम, टाटा, रिन्यू अन्य सभी कम्पनी के प्लान्ट उपलब्ध है।
ऑनग्रीड, ऑफ ग्रीड, व हायग्रीड उपलब्ध है
PUSHTI MATA ASSOCIATES
Indrapuram, Haripur Nayak Haldwani-263139 Nainital Uttarakhand (India)
प्रो0 अमित कर्नाटक– 9456780328, मनोज जोशी 8923776175, मोहन जोशी–7060064214

---



शाह टाइम्स के 25वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**डा. गणेश उपाध्याय**
प्रदेश प्रवक्ता, कांग्रेस कमेटी उत्तराखण्ड

---

शाह टाइम्स के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**मुकुल बल्यूटिया**
पार्षद वार्ड–48
नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम

---



समस्त प्रदेशवासियों को शाह टाइम्स की
**रजत जयंती** की हार्दिक शुभकामनाएं
**रईस अहमद वारसी** 'गुड्डू'
पार्षद वार्ड– 59
नगर निगम हल्द्वानी– काठगोदाम

---

समस्त प्रदेशवासियों को शाह टाइम्स की



**रजत जयंती** की हार्दिक शुभकामनाएं
**रोहित कुमार**
पार्षद वार्ड–27
नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम
प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस, पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष

---

समस्त प्रदेशवासियों को शाह टाइम्स की



**रजत जयंती** की हार्दिक शुभकामनाएं
**कंचन कश्यप**
सदस्य
राज्य महिला आयोग उत्तराखण्ड

---

समस्त प्रदेशवासियों को शाह टाइम्स की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**प्रदीप नेगी**
नेशनल कॉर्डिनेटर
भारतीय यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी–नैनीताल

---

शाह टाइम्स के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**राजेन्द्र जीना**
पार्षद वार्ड–09
नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम

---

narayani sena

समस्त प्रदेशवासियों को शाह टाइम्स की
**रजत जयंती** की हार्दिक शुभकामनाएं



**रुद्राक्ष सिंह बिष्ट**
अध्यक्ष
नारायणी सेना एवं युवा नेता

---

ST **शाह टाइम्स** खबरें छुपाता नहीं, छापता है
**लोकप्रिय हिन्दी समाचार पत्र**

# दैनिक शाह टाइम्स

## के 25वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**शुएब सिद्दीकी**
राजकीय ठेकेदार
लोक निर्माण विभाग
हल्द्वानी–उत्तराखण्ड

---

# AMRAPALI UNIVERSITY

WISDOM IS REVERED UNIVERSALLY — विज्ञानं सर्वत्र पूज्यते

26 YEARS OF LEGACY

WHERE INNOVATION MEETS EXCELLENCE FOR A BRIGHTER TOMORROW!

ADMISSIONS OPEN FOR 2025–26

Integrated Programmes with IBM L&T In Engineering and Management

### FACULTY OF TECHNOLOGY AND COMPUTER APPLICATIONS

**B.TECH PROGRAMMES**
- B.TECH (CSE)
- B.TECH (AI & ML)
- B.TECH (IOT & DS)
- B.TECH (ME)
- B.TECH (ECE)
- B.TECH (CSE – AI & ML) – IN COLLABORATION WITH IBM
- B.TECH (CSE – DS) – IN COLLABORATION WITH L&T
- B.TECH (CSE – FULL STACK, MEAN, MERN) – IN COLLABORATION WITH L&T
- B.TECH (ME – DIGITAL MANUFACTURING) – IN COLLABORATION WITH L&T
- B.TECH (ECE – EMBEDDED SYSTEM AND VLSI DESIGN) – IN COLLABORATION WITH L&T

**BCA PROGRAMMES**
- BCA (HONOURS)
- BCA-H (AI & ML)
- BCA-H (DS & CS)
- BCA (AI & ML) – IN COLLABORATION WITH IBM

**M.TECH & MCA PROGRAMMES**
- M.TECH (AI & ML)
- M.TECH (ROBOTICS & AUTOMATION)
- MCA

### FACULTY OF COMMERCE & BUSINESS MANAGEMENT

**BBA PROGRAMMES**
- BBA (HONOURS) – HR / FINANCE / MARKETING / ENTREPRENEURSHIP AND FAMILY BUSINESS MANAGEMENT / SUPPLY CHAIN MANAGEMENT
- BBA (HONOURS) – AI & BUSINESS ANALYTICS – IN COLLABORATION WITH IBM

**B.COM PROGRAMMES**
- B.COM (HONOURS) – MARKETING / CORPORATE FINANCE / BANKING, INSURANCE & ANALYTICS

**MBA PROGRAMMES**
- MBA – HR / FINANCE / MARKETING / ENTREPRENEURSHIP AND FAMILY BUSINESS MANAGEMENT INTERNATIONAL BUSINESS MANAGEMENT / SUPPLY CHAIN MANAGEMENT
- MBA – BUSINESS ANALYTICS – IN COLLABORATION WITH IBM

### FACULTY OF HOSPITALITY MANAGEMENT
- BHM (HONOURS)
- BHMCT (HONOURS)
- MHM
- DHO

### FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCES
- B.PHARM
- M.PHARM (PHARMACEUTICS)
- D.PHARM

### FACULTY OF APPLIED SCIENCES
- B.Sc. (BIOTECHNOLOGY – HONOURS)

### FACULTY OF EDUCATION
- B.Ed.
- MA (EDUCATION)

**Ph.D. PROGRAMMES**
- Ph.D. PROGRAMME OFFERED IN ALL FACULTY

**CORPORATE TIE-UP'S**
AND MANY MORE...

**OUR TOP RECRUITERS**
Infosys, TCS, RUBICO, accenture, IBM, L&T, HYATT, TAJ, PRODESK, DECATHLON, virtuos DIGITAL, Allianz, Marriott, Epic, ST REGIS, Oberoi, Hilton, Club Mahindra, IntelliPaat Academy, syscom, Four Seasons, THE LEELA, wipro
AND MANY MORE...

**THE AMRAPALI DIFFERENCE**
- Innovative Curriculum
- Industry Partnerships
- Focus on Research
- Global Exposure
- Entrepreneurship Support
- Clubs for Nurturing Hobbies
- Health Support Facilities
- Separate Boys and Girls Hostels
- Transport Facilities

AVAIL UPTO **100% SCHOLARSHIP** THROUGH AU SCHOLARSHIPS AUSET 2025!

**OTHER SCHOLARSHIPS FOR:**
- MERITORIOUS STUDENTS
- FEMALE STUDENTS
- WARDS OF DEFENSE & PARA-MILITARY PERSONNEL
- PROGRESSIVE STUDENTS
- ALUMNI
- WARDS OF JOURNALISTS
- SPORTS PERSONS

FOR MORE INFORMATION admission.amrapali.ac.in

(+91)-9759670100 | 9759670200 | 9759670300 9759670400 | 9759670500 | 9837302005 | 9520655000
www.amrapali.ac.in
Address: Shiksha Nagar, Lamachaur, Kaladhungi Road, Haldwani - 263139, Nainital, Uttarakhand.

# प्राणमति नदी का बढ़ा जलस्तर रा.उ.मा. विद्यालय में पढेंगे छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** विकास खंड थराली के अंतर्गत राजकीय इंटर कालेज एवं राजकीय बालिका इंटर कालेज थराली के छात्र-छात्राओं को प्राणमति नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते उनके अध्ययन की वैकल्पिक व्यवस्था राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूना में की गई हैं।

दरअसल पिछले वर्षो प्राणमति नदी में थराल-सूना मोटर सड़क पर बना मोटर पुल एवं इसी नदी पर दशकों पूर्व निर्मित पैदल गाडर पुल नदी में आई बाढ़ के कारण बह गये थें।जिस वजह से कई सप्ताह तक थराली गांव के छात्र-छात्राएं अध्ययन से वंचित रह गए थे।इस बरसात में प्राणमति नदी पर बने लकड़ी के अस्थाई पुल के बह जाने के चलते जीआईसी एवं जीजीआईसी थराली के छात्र छात्राओं के अध्ययन की व्यवस्था थराली के उपजिलाधिकारी पंकज भट्ट के निर्देश पर खंड शिक्षाधिकारी थराली ने इसी विकास खंड के ही राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूना में कर दी है, प्रधानाध्यापक सूना को भेजें एक पत्र में बीईओ थराली ने कहा है कि प्राणमति नदी में बढ़े जलस्तर को देखते हुए जीआईसी थराली के 13 छात्रों एवं जीजीआईसी थराली के 13 छात्राओं को सूना विद्यालय में ही पढ़ाया जाएगा।जिसके लिए व्यवस्था करने के लिए प्रधानाध्यापक को कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 4.3 लाख की शराब बरामद

## उत्तराखंड-हिमाचल बॉर्डर से मोरी पुलिस ने बरामद की 85 पेटी शराब की खेप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** मोरी पुलिस ने पंचायत चुनाव के लिए उत्तराखण्ड- हिमाचल बॉर्डर से अवैध देसी शराब 85 पेटियों की खेप के साथ बरामद किया है।

गौरतलब है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-2025 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए उत्तरकाशी पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है, चुनाव के दौरान अवैध शराब व अवांछनीय गतिविधियों पर अंकुश लगाने में पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी, सरिता डोबाल द्वारा स्टैटिक सर्विलांस टीम, उड़न दस्तों के साथ-साथ एसओजी व थाना पुलिस की टीम




को एक्टिव मोड पर रखा है।

थानाध्यक्ष मोरी श रणवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में थाना मोरी पुलिस की टीम ने शनिवार रात्रि को आराकोट, सनेल बैरियर पर सघन चौकिंग अभियान के दौरान वाहन संख्या HP62-4626 (पिकअप) से 85 पेटी अवैध देशी शराब संतरा मार्का नम्बर 1 बरामद की गयी है।

मोरी पुलिस की टीम पंचायत चुनाव के मध्यनजर उत्तराखण्ड-हिमाचल बॉर्डर के सनेल चौक पोस्ट पर चौकिंग कर रही थी, इसी दौरान हिमाचल, कुड्डू की तरफ से एक पिकअप वाहन HP62-4626 उत्तराखण्ड की ओर आ रहा था, बैरियर पर पुलिस को मुस्तैद देख वाहन चालक बैरियर से कुछ दूर पहले ही वाहन को खड़ा कर हिमाचल की तरफ भाग गया, पुलिस द्वारा वाहन को चौक करने पर वाहन से अवैध शराब बरामद की गयी। वाहन को मौके पर सीज किया गया। बरामदगी के आधार पर पुलिस द्वारा थाना मोरी पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध 60/72 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही जारी है। पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी सरिता डोबाल ने बताया गया कि पंचायत चुनाव को पूर्णत: निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए उत्तरकाशी पुलिस पुरी तरह से तैयार है, चुनाव के दौरान अवैध/अवांछनीय गतिविधियों तथा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन करने वालों पर पुलिस लगातार निगरानी बनाये हुये है।

## दो पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**कोटद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी द्वारा जनपद में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार व क्षेत्राधिकारी कोटद्वार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार के नेतृत्व में कोटद्वार पुलिस द्वारा बीईएल रोड निवासी कैलाश पुत्र वीर सिंह को सिंबल चौड़ पैदल मार्ग से 27 अद्धे सोलमेट अंग्रेजी शराब व कोटड़ीढांग स्नेह निवासी प्रदीप कुमार पुत्र दामोदर प्रसाद को 58 पव्वे 8 पीएम गोल्ड के साथ आम पड़ाव के पास से गिरफ्तार किया गया।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**नई टिहरी।** जनसंघ के संस्थापक और राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रबल समर्थक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के उनके संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के विचारों और राष्ट्र के लिए उनके योगदान और बलिदान को याद किया।

# सौहार्द की बने मिसाल बना भगत फर्स्वाण, निर्विरोध चुने गए प्रधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** दशोली ब्लॉक की निजमुला घाटी के ग्राम सभा पंचायत के मोली हड्डग में भगत फर्स्वाण को निर्विरोध ग्राम प्रधान चुन लिया गया है। यह उपलब्धि ग्राम के बुद्धिजीवियों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं के एकजुट सहयोग का परिणाम है, जिसने आपसी सौहार्द की एक नई मिसाल पेश की है। भगत फर्स्वाण के निर्विरोध निर्वाचन से निजमुला घाटी में हर्ष का माहौल है। प्रधान चुने जाने के बाद भगत फर्स्वाण ने सभी सम्मानित ग्रामवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह जीत पूरे गांव की है, और वे सभी के सहयोग से गांव के विकास के लिए समर्पित भाव से काम करेंगे। लगभग 94 मतदाताओं वाली इस ग्राम पंचायत में निर्विरोध निर्वाचन एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। मोली गांव के अवतार फर्स्वाण ने इस ऐतिहासिक पल पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि भगत फर्स्वाण को निर्विरोध प्रधान बनाने में सभी ग्रामवासियों का अभूतपूर्व योगदान रहा। उन्होंने इस पहल को दसोली ब्लॉक और निजमुला घाटी के अन्य गांवों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बताया।

# कयासों को विराम देते हुए निर्विरोध चुने गए पंकज शुक्ला

■ ग्राम देवशाल व रुद्रपुर का मिला साथ, चुने गए क्षेत्र पंचायत सदस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विकासखण्ड ऊखीमठ के रुद्रपुर से पंकज शुक्ला को क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर निर्विरोध चुना गया है, जिससे क्षेत्र की जनता में भी खुशी का माहौल बना है। ग्राम पंचायत रुद्रपुर और ग्राम पंचायत देवशाल के सहयोग से बने क्षेत्र पंचायत रुद्रपुर से इस बार विभिन्न कयासों को विराम देते हुए पंकज शुक्ला को इस पद के लिए समस्त



ग्रामीणों के आपसी समन्वय से निर्विरोध चुना गया है।

बताते चलें कि पंकज शुक्ला स्नातकोत्तर हैं। साथ ही विभिन्न सामाजिक सरोकारों में अपनी सहभागिता निभाते हैं। इसके साथ ही बाबा केदारनाथ के तीर्थ पुरोहित भी है। पंकज शुक्ला अपने नेक व्यवहार के लिए क्षेत्र में जाने जाते हैं। निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य चुने जाने पर पंकज शुक्ला ने सभी ग्रामीणों का धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही यह संकल्प दोहराया कि आगामी पांच वर्षों में क्षेत्र के विकास के लिए युद्ध स्तर पर काम किए जाएंगे और आर्थिक जीवन से विपन्न व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए भी प्रयास करेंगे।

## एक नजर .......

### 11 जुलाई से आयोजित होगा फुटबॉल टूर्नामेंट

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार के हल्दूखाता स्थित यूनिकस एकेडमी की ओर से 11 से 13 जुलाई तक अंडर 14 ब्वायज फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा। टूर्नामेंट नाक आउट राउंड के आधार पर खेला जायेगा। एकेडमी के प्रधानाचार्य मानसिंह सुब्बा ने बताया कि टूर्नामेंट का आयोजन कोटद्वार फुटबाल संघ के सहयोग से किया जा रहा है ।टूर्नामेंट का उद्देश्य क्षेत्रीय फुटबाल खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारना और फुटबाल के प्रति लोगों के रूझान को बढ़ाना है।

### कोटद्वार की दो शिक्षिकाओं को देहरादून में किया गया सम्मानित

**कोटद्वार।** देहरादून में आइएसआरएचई ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, नवाचार व जनकल्याण के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को देवभूमि राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में कोटद्वार की दो शिक्षिकाएं भी शामिल रही । कार्यक्रम का शुभारंभ वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षकों को छात्रों का पथ प्रदर्शक कहा जाता है। शिक्षकों के उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए सरकार भी उन्हें प्रोत्साहित करती है ताकि देश का भविष्य सुदृढ़ हाथों में रहे। वहीं ट्रस्ट संस्थापक डॉ अतुल शर्मा ने कहा कि ट्रस्ट की ओर से नवाचारी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाता रहा है। यह कार्य भविष्य में भी जारी रहेगा। तत्पश्चात अन्य शिक्षकों के साथ ही कोटद्वार के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, कण्वघाटी में सहायक अध्यापक विज्ञान कविता बिष्ट रावत को इंस्पिरेशनल इनोवेटर इन टीचिंग एवं राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ग्रास्टनगंज में सहायक अध्यापक विज्ञान रश्मि उनियाल को इनोवेटिव साइंस टीचर के सम्मान से सम्मानित किया गया एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके प्रेरणादायक योगदान को सराहा गया।

### अंडर 15 कैटेगरी ओपन राष्ट्रीय तीरंदाजी में यावी उपाध्याय ने जीता स्वर्ण

**कोटद्वार ।** नैनीताल में आयोजित अंडर 15 कैटेगरी ओपन राष्ट्रीय तीरंदा. जी प्रतियोगिता में बलूनी पब्लिक स्कूल की छात्रा यावी उपाध्याय ने स्वर्ण व छात्र देवांश नेगी ने इंडियन राउंड में कांस्य पदक जीता, साथ ही यावी उपाध्याय ने कंपाउंड वूमेन टीम में शामिल होकर स्वर्ण पदक जीतकर कोटद्वार क्षेत्र व बलूनी पब्लिक स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं जिला स्तरीय बैडमिंटन अंडर 17 में छात्रा अदिति तिवारी ने भी गोल्ड मेडल जीता। इस अवसर पर बलूनी पब्लिक स्कूल में पदक विजेता छात्र-छात्रा के अभिनंदन में एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बलूनी ग्रुप आफ एजुकेशन के निदेशक विपिन बलूनी ने पदक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्रा को सम्मानित किया।

# आपसी सामंजस्य और बेहतर तालमेल से लड़ें चुनाव: नेगी

■ विधायक प्रतापनगर ने ली कांग्रेस कार्यकर्ता की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** त्रिस्तरीय चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस की बैठक जिला मुख्यालय के गुलाबराय स्थित ज्वाल्पा गेस्ट हाउस में आयोजित की गई, जिसमें जिले के प्रभारी प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने शिरकत की। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक नेगी ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में एकजुट होकर आपसी सामंजस्य एवं बेहतर तालमेल से कांग्रेस को जिताए। कार्यकर्ताओं को एकजुटता



से कांग्रेस को जीत दिलानी है।

उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की ही सोच थी कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायती व्यवस्था लागू की। उन्होंने कहा कि आज भाजपा की जनविरोधी नीतियों से जनता त्रस्त है। विकास का पहिया जाम है। प्रदेश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई चरम पर है। स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। महिलाओं के प्रसव सड़क पर हो रहे हैं। पलायन से गांव के गांव खाली हो रहे हैं। भ्रष्टाचार चरम पर है। सरकार की सोच विक. ासपरक नहीं है। सरकार की कोई नीति नहीं है। राज्य निर्माण की मूलभावना स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार की अनदेखी की जा रही है। ऐसे में जनता कांग्रेस की ओर टकटकी लगाए हुए है, जिससे कांग्रेस की जीत निश्चित है। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुंवर सिंह सजवाण, निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख प्रदीप थपलियाल, वीरेंद्र बुटोला, डॉ योग. बर सिंह नेगी, अभिषेक भंडारी, हरीश गुसाई, अंकुर रौथाण, राय सिंह बिष्ट, शशि सेमवाल, रजनी रावत, सुमित रावत, कुंवर रावत, निवर्तमान जिपंस नरेंद्र सिंह बिष्ट, विजय चमोला, अभिषेक उनियाल सहित अन्य मौजूद थे।

# भदनी ग्राम पंचायत में फिर कायम रही निर्विरोध प्रधान चुने जाने की परंपरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पट्टी पालकोट की भदनी ग्राम पंचायत में निर्विरोध ग्राम प्रधान चुने जाने की परंपरा इस बार भी कायम रही। वर्ष 2008 से चली आ रही इस लोकतांत्रिक परिपक्वता और आपसी सहमति की मिसाल को ग्रामीणों ने एक बार फिर आगे बढ़ाया है। इस बार मुकेश सिंह को सर्वसम्मति से ग्राम प्रधान चुना गया।

गौरतलब है कि भदनी गांव में वर्ष 2008 में इस परंपरा की शुरुआत हुई थी, जब ग्रामीणों ने सामूहिक निर्णय लेकर रुमाली देवी को पहली बार निर्विरोध ग्राम प्रधान चुना था। इसके बाद 2014 में दरबान सिंह और 2019 में महिला आरक्षित सीट होने के चलते कामना बेडवाल को बिना विरोध के प्रधान चुना गया। कामना बेडवाल ने अपने कार्यकाल में गांव के समग्र विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होंने पट्टी पालकोट क्षेत्र का सबसे बड़ा हौज बनवाया, जिससे खेती योग्य भूमि को सिंचाई सुविधा मिली। इसके साथ ही मिनी पंपिंग योजना और तीन नई पेयजल लाइनें भी गांव में स्थापित कराईं, जिससे ग्रामीणों को स्थायी पेयजल समाधान मिला।

# नागरिक मंच ने उठाई जनपद व नगर की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल की बहुप्रतीक्षित समस्याओं और नगर के विकास से जुड़ी मांगों को लेकर रविवार को बौराड़ी स्थित मिलन केंद्र में नागरिक मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद और नगर की विभिन्न समस्याओं पर गहन मंथन कर एक ठोस कार्ययोजना तैयार करना था, ताकि संबंधित मांगों को लेकर उच्च स्तर पर प्रभावी पहल की जा सके।

बैठक के दौरान मंच ने 17 बिंदुओं पर आधारित एक मांग पत्र तैयार किया, जिसे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपने हेतु भाजपा जिलाध्यक्ष टिहरी उदय रावत के माध्यम से समय लेने



का निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी तय हुआ कि टिहरी की प्रमुख जनसमस्याओं को समाहित करते हुए एक विस्तृत ड्राफ्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी भेजा जाएगा।

बैठक के दौरान बदरी-केदार मंदिर समिति के सदस्य बनने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश डोभाल का अभिनंदन भी किया गया। उन्होंने मंच को आश्वस्त किया कि वे जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान में सदैव मंच के साथ खड़े रहेंगे। बैठक में मंच के सदस्यों ने सीएम द्वारा घोषित रिह-घुत्ते से नई टिहरी के लिए प्रस्तावित ग्रेविटी आधारित पेयजल योजना को विभागीय अड़चनों के चलते ठप किए जाने पर नाराजगी जताई। मंच ने आरोप लगाया कि एक ओर जहां विभाग इस योजना को लटकाने का प्रयास कर रहा है, वहीं दूसरी ओर जायका योजना के तहत कोटेश्वर बांध से भारी भरकम बजट वाली पेयजल योजना के पुनर्गठन की तैयारी की जा रही है, जो व्यर्थ और अप्रा. संगिक है। मंच ने ग्रेविटी पेयजल योजना को जल्द लागू करने और पुनर्गठन योजना को रद्द करने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता मंच अध्यक्ष सुंदर लाल उनियाल ने की। इस अवसर पर चतर सिंह चौहान, चंडी प्रसाद डबराल, हुकम सिंह, डॉ. उम्मेद सिंह, आशा तोपवाल, भगवान चंद रमोला, नरोत्तम जखमोला, कमल सिंह महर, राजेंद्र सिंह असवाल, त्रिलोक रमोला, डॉ. राकेश भूषण गोदियाल, जगदंबा पांडेय, कर्म सिंह तोपवाल सहित बड़ी संख्या में नागरिक मंच से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

# पंचायत चुनाव : स्क्रूटनी प्रक्रिया को लेकर वर्चुअल बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** त्रिस्तरीय सामान्य पंचायत निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत रविवार, 06 जुलाई को स्क्रूटनी प्रक्रिया के सफल आयोजन को लेकर मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल की अध्यक्षता में एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में स्क्रूटनी प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने बैठक में स्पष्ट किया कि नामांकन पत्रों की जांच यानी स्क्रूटनी का अधिकार पूरी तरह संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर



(आरओ) और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) के हाथों में है। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ करें। सीडीओ ने यह भी कहा कि स्क्रूटनी के दौरान यदि किसी अभ्यर्थी की ओर से आपत्ति प्राप्त होती है तो उसे नियमानुसार पर्याप्त समय और अवसर दिया जाए और सभी निर्णय नियमों के अनुरूप लिए जाएं।

बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी द्वारा स्क्रूटनी प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया गया। साथ ही, सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार की चूक या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए पुष्पेंद्र चौहान, जिला पंचायतराज अधिकारी एम.एम. खान, सहायक निर्वाचक अधिकारी विजय तिवारी सहित सभी विकास खंडों के आरओ, एआरओ और निर्वाचन व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारी वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित हुए। सभी प्रतिभागियों ने निर्वाचन से जुड़ी जिम्मेदारियों को समयबद्ध एवं निष्पक्ष तरीके से पूर्ण करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# अघान: प्रकृति, आस्था व रोमांच का अद्भुत संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी जनपद के विकासखंड थौलधार के ग्राम सेलूर में स्थित अघान एक ऐसा स्थल है, जहाँ प्रकृति की गोद में आस्था और रोमांच एक साथ सांस लेते हैं। घने चीड़ और देवदार के वृक्षों से घिरा यह बुग्याल एक ओर भक्तों के लिए सिद्धपीठ के रूप में प्रसिद्ध है, तो दूसरी ओर स्थानीय युवाओं और पर्यटकों के लिए मनोरंजन और सुकून का अद्भुत ठिकाना भी।

अघान बुग्याल में एक छोर पर भगवान शिव का प्राचीन मंदिर स्थित है, जिसे "श्री अघान महादेव मंदिर" के नाम से जाना जाता है। यह मंदिर एक सिद्ध पीठ है, जहाँ सदियों से स्वयंभू शिवलिंग के रूप में भगवान शिव अपने भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। स्थानीय लोग इस शिवलिंग को अपने



इष्ट देव के रूप में पूजते हैं और यहां अपने अनुष्ठान तथा विशेष पूजा-पाठ के लिए श्रद्धा के साथ आते हैं। मंदिर के बारे में यह कहा जाता है कि यहां शिव 'अग्नि' रूप में विराजमान हैं, जो स्थल को और भी विशेष और आध्यात्मिक बना देता है। इस मनोरम स्थल की भौगोलिक स्थिति भी दर्शनीय है। अघान से एक ओर हिमालय की बर्फीली चोटियां तो दूसरी ओर धनोल्टी, नागटिब्बा, सेम मुखेम, खैंट पर्वत और सुरकंडा देवी जैसे धार्मिक व प्राकृतिक स्थलों के विहंगम दृश्य स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। ये नजारे पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं और यह स्थान हर दृष्टि से 'प्रकृति का खजाना' प्रतीत होता है। जनपद मुख्यालय नई टिहरी से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित अघान तक पहुंचने के लिए कई मार्ग हैं। प्रमुख मार्ग चंबादृउत्तरकाशी मोटर मार्ग के काण्डीखाल से लगभग 7 किलोमीटर की ब्रांच सड़क मार्ग से ग्राम सेलूर होते हुए जाता है। इसके अतिरिक्त ठांगधार से वाल्काखाल होते हुए या सुल्याधार से भी यहां पहुंचा जा सकता है।

ग्राम पंचायतों के लिए सर्वाधिक नामांकन, अंतिम दिन 4125 प्रत्याशियों ने किया नामांकन जमा किए

# टिहरी में पंचायत चुनाव के लिए 7836 नामांकन दाखिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 को लेकर नामांकन प्रक्रिया शनिवार को संपन्न हो गई। अंतिम दिन तक विभिन्न पदों के लिए कुल 7836 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लो. कतांत्रिक भागीदारी के प्रति लोगों में गहरी रुचि और जागरूकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पंचायत सदस्य की 45 सीटों के लिए 218 नामांकन, ग्राम प्रधान के 1049 पदों के लिए 2594, ग्राम पंचायत सदस्यों के 7467 पदों के लिए 3796 और क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) के 351 पदों के लिए 1228 नामांकन दाखिल हुए। केवल अंतिम दिन ही 4125 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए, जो कि चुनावी माहौल की तीव्रता को दर्शाता है।

**ब्लॉकवार नामांकन की स्थिति कुछ इस प्रकार रही:** प्रता. पनगर ब्लॉक में ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए अंतिम दिन 304 और कुल 416 नामांकन हुए। ग्राम प्रधान के लिए 73 कुल 317 और बीडीसी सदस्य के लिए 60 कुल 193 नामांकन दाखिल हुए। थौलधार ब्लॉक में ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 291 कुल 352, प्रधान के लिए 78 कुल 236 और बीडीसी सदस्य के लिए 56 कुल 135 नामांकन हुए। कीर्तिनगर ब्लॉक में ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 220 कुल 327, प्रधान के लिए 46 कुल 283, तथा बीडीसी सदस्य के लिए 38 कुल 144 नामांकन दर्ज हुए।

देवप्रयाग ब्लॉक से ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 161 कुल 212, प्रधान के लिए 42 कुल 223 और बीडीसी सदस्य के लिए 15 कुल 103 नामांकन प्राप्त हुए।

नरेंद्रनगर ब्लॉक में ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 59 कुल 201, प्रधान के लिए 8 कुल 179 और बीडीसी सदस्य के लिए 2 कुल 82 नामांकन हुए। भिलंगना ब्लॉक में सबसे अधिक नामांकन दर्ज हुए। ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 550 कुल 670, प्रधान के लिए 170 कुल 444 और बीडीसी सदस्य के लिए 64 कुल 165 नामांकन हुए।

जाखणीधार ब्लॉक में ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 161 कुल 182, प्रधान के लिए 57 कुल 225 और बीडीसी सदस्य के लिए 35 कुल 113 नामांकन हुए।जौनपुर ब्लॉक में ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए 627 कुल 764, प्रधान के लिए 133 कुल 357 और बीडीसी सदस्य के लिए 48 कुल 139 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। चंबा ब्लॉक में ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 292 कुल 437, प्रधान के लिए 78 कुल 261 और बीडीसी सदस्य के लिए 52 कुल 126 नामांकन प्राप्त हुए।

## रुकम बिष्ट चौथी बार बने जीआईसी हिंडोलाखाल पीटीए के अध्यक्ष

**नई टिहरी।** स्वतंत्रता सेनानी वचन सिंह चौहान राजकीय इंटर कॉलेज, हिंडोलाखाल में शनिवार को आयोजित अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से रुकम सिंह बिष्ट को चौथी बार पीटीए अध्यक्ष चुना गया, जिससे उनकी कार्यक्षमता और अभिभावकों के बीच विश्वास का स्पष्ट प्रमाण मिलता है। बैठक में प्रधानाचार्य राजीव कुमार धीमान को उपाध्यक्ष चुना गया, जबकि प्रेमलाल को मंत्री, सुखदेव को कोषाध्यक्ष और राजेंद्र सेमवाल को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही सपना, प्रदीप रतूड़ी, गुलाब लाल, सीता देवी, प्रेम सिंह, सीमा देवी, सुरेंद्र भट्ट, नरेंद्र सिंह और सुनीता देवी को कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में चुना गया।

# उत्तरकाशी अतिवृष्टि क्षेत्रों का सीएम ने किया हवाई सर्वेक्षण

## बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी हवाई सर्वेक्षण में रहे साथ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** बीते 29 जून को जिले के बड़कोट तहसील में यमुनोत्री मार्ग पर सिलाई बैंड के समीप स्यान चट्टी क्षेत्र अतिवृष्टि से हुऐ क्षति का आंकलन करने के लिये मुख्यमंत्री ने रविवार को हवाई निरीक्षण किया तथा इसके साथ ही यमुनोत्री क्षेत्र के आसपास की स्तिथि का भी जायजा किया।

मुख्यमंत्री ने हवाई सर्वेक्षण के दौरान प्रभावित क्षेत्रों का गहन अवलोकन किया और स्थिति की गंभीरता का जायजा लिया। उन्होंने सड़कों, पुलों, कृषि भूमि और आवासीय क्षेत्रों को हुए नुकसान का विस्तृत अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, ष्प्रभावित क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का आकलन करते हुए राहत और बचाव कार्यों की पुन: समीक्षा की जाएगी। राज्य सरकार आपदा की इस घड़ी में प्रत्येक प्रभावित नागरिक के साथ खड़ी है।सरकार द्वारा राहत कार्यों में तेजी व प्रभावशीलता लाई गई है ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर मदद मिल सके। मुख्यमंत्री ने राहत और बचाव कार्यों में लगे सभी विभागों, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विस्थापित परिवारों के लिए पर्याप्त आश्रय, भोजन, चिकित्सा सहायता और अन्य आवश्यक आपूर्ति सुनिश्चित करें। इस दौरान राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी उपस्थित रहे।

### यमुनोत्री भूस्खलन के चपेट से लापता दो श्रद्धालु के शव हुए बरामद

**उत्तरकाशी।** बीते 23 जून से यमुनोत्री पैदल मार्ग पर नौ कैंची के पास पैदल मार्ग पर पहाड़ी से अचानक भूस्खलन होने से मलवे की चपेट में आने से लापता दो श्रद्धालु के शव बरामद कर लिया है। 13 दिनों से लगातार हो रही खोजबीन के बाद रविवार दोपहर 1:30 भगेली गाड़ यमुना नदी में लापता श्रद्धालुओं के शव बरामद किया गया है। जिनका जानकी चट्टी चौकी में पंचनामा किया गया है। और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बता दें कि 23 जून को यमुनोत्री पैदल मार्ग पर नौ कैंची के पास पहाड़ी से अचानक भूस्खलन होने से श्रद्धालुओं मलवे की चपेट में आ गए थे।

# योग प्रशिक्षकों के 117 अस्थाई पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों को शीघ्र ही 117 अस्थाई योग प्रशिक्षक मिल जायेगे। उच्च शिक्षा विभाग व कौशल विकास एवं सेवायोजना विभाग के बीच रोजगार प्रयाग पोर्टल के माध्यम से आवेदित 640 आवेदन पत्रों पर ही नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की सहमति बन गई है। उच्च शिक्षा विभाग ने मैरिट के आधार पर योग प्रशिक्षकों के साक्षात्कार के लिए आमंत्रण प्रक्रिया निर्धारित कर समय सारणी तय कर दी गई है। जिसके तहत आगामी 1-8 अगस्त के मध्य अभ्यर्थियों के साक्षात्कार आयोजित किये जायेंगे। तदोपरांत 11 अगस्त से चयनित अभ्यर्थियों को महाविद्यालयों में तैनाती दी जायेगी।

उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 117 योग प्रशिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लम्बे समय से लटकी इस भर्ती को शुरू करने के लिये कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग से पत्राचार किया गया। जिसमें रोजगार प्रयाग पोर्टल के माध्यम से आवेदित 640 आवेदन पत्रों पर ही नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने पर सहमति बनी। विभाग अब साक्षात्कार के माध्यम से योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति करेगा।



लम्बे समय से अटकी योग प्रशिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। शीघ्र ही आउटसोर्स के माध्मय से 117 योग प्रशिक्षकों की तैनाती राजकीय महाविद्यालयों में की जायेगी। इनकी तैनाती से महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं योग के गुर सीखेंगे, जिससे उन्हें न केवल किताबी ज्ञान मिलेगा, बल्कि उत्तम स्वास्थ्य की भी सीख मिलेगी.. **डॉ. धन सिंह रावत, उच्च शिक्षा मंत्री, उतराखंड।**

# जिला पंचायत सदस्य को लेकर भाजपा-कांग्रेस में फूटे बगावत के सुर

## नामांकन के आखिरी दिन लगे झटके

**रोहित डिमरी**

**रुद्रप्रयाग।** जिले में इस बार जिला पंचायत चुनाव रोमांचक होने जा रहा है। नामांकन के आखिरी दिन भाजपा के साथ ही कांग्रेस को भी बड़े झटके लगे हैं। यहां जिला पंचायत सीट पर टिकट नहीं मिलने से नाराज कार्यकर्ताओं ने ताल ठोक दी है।



जहां उनमें पैराशूट प्रत्याशी को टिकट देने से नाराजगी है, वहीं वे राष्ट्रीय पार्टियों के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाने की बात कह रहे हैं। जिससे कहीं ना कहीं भाजपा-कांग्रेस को साफ तौर पर नुकसान पहुंचने के संकेत मिल रहे हैं।

बीते शनिवार को जिला पंचायत सभागार कक्ष में नामांकन की प्रक्रिया संपन हो चुकी है, जिसके बाद से नेताओं ने ग्रामीण इलाकों का चक्कर लगाना शुरू कर दिया है। जो नेताजी लम्बे समय से क्षेत्र में बने हुए हैं, उन्हें गांव की पगडंडियों को नापने में कोई परेशानी नहीं हो रही है, लेकिन जो नेता इन दिनों ही जनता को दिखाई दे रहे हैं, उनके लिए अपनी पहचान को जनता के बीच रखने में ही मुश्किलें खड़ी होती दिख रही हैं।

रुद्रप्रयाग जिले में 18 जिला पंचायत सीटे हैं, जिनमें भाजपा ने अपने पूरे प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं, जबकि कांग्रेस ने मात्र 10 सीटों पर ही अपने प्रत्याशी मैदान में खड़े किए हैं। मगर भाजपा-कांग्रेस के सामने असमंजस की स्थिति भी

■ बागी कार्यकर्ताओं ने कराया भारी समर्थन के साथ नामांकन

पैदा हो गई है, जो कार्यकर्ता लम्बे समय से क्षेत्र में बने हुए थे। पार्टी ने उन्हें टिकट ना देकर पैराशूट प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। दोनों ही राष्ट्रीय पार्टियों के कार्यकर्ताओं में इस बात को लेकर हो-हल्ला मचा हुआ है।

भाजपा के लिए जिला पंचायत ल्वारा, त्रियुगीनारायण, सतेरा के साथ सुमाड़ी सीट को जीतना टेढ़ी खीर बन गया है। यहां ल्वारा सीट पर पैराशूट प्रत्याशी को उतारे जाने से कार्यकर्ताओं में विघटन की स्थिति बन गई है। ऐसे में यहां सुबोध बगवाड़ी ने प्रत्याशी के विरूद्ध नामांकन दाखिल करवा दिया है। उन्हें यहां कांग्रेस का भी समर्थन मिल रहा है, जबकि कांग्रेस ने इस सीट पर अपना प्रत्याशी नहीं उतारा है। इसके अलावा त्रियुगीनारायण, सतेरा और सुमाड़ी सीट पर भी लम्बे समय से तैयारी कर रहे कार्यकर्ताओं को टिकट ना मिलने से बगावत के स्वर फूटने लगे हैं। सतेरा सीट पर वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम पुरोहित नामांकन किया है। ऐसे में ये सीटे हॉट बनी हुई है।



वहीं कांग्रेस की बात की जाए तो चोपता, रतूड़ा, सुमाड़ी वार्ड से बगावत की गई है। यहां पार्टी प्रत्याशी नहीं बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने नामांकन करवाया है। चोपता से संपन नेगी और बलदेव नेगी ने बगावत की है। इसके अलावा सुमाड़ी और रतूड़ा में भी टिकट ना मिलने से नाराज कार्यकर्ताओं ने नामांकन करवाया है। कुल मिलाकर देखा जाए तो पंचायत चुनावों में अपने ही अपनों की नैया डूबाते हुए नजर आयेंगे। जिस प्रकार से पंचायत चुनावों में राष्ट्रीय पार्टियों के कार्यकर्ताओं में विघटन की स्थिति पैदा हो गई है, यह भविष्य के लिए भी शुभ संकेत नहीं है।

# कार्बेट नेशनल पार्क में सीएम धामी ने की जंगल सफारी

■ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लगाए एक हजार पौधे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामनगर / देहरादून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने जिम कार्बेट में जंगल सफारी की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कार्बेट नेशनल पार्क में जंगल सफारी के दौरान वन्य जीवन की अद्भुत और रोमांचकारी झलक का अनुभव किया। उन्होंने कहा कि यह अनुभव केवल प्रकृति की सुंदरता को देखने का नहीं, बल्कि जैव विविधता और प्रकृति की अनमोल विरासत से जुड़ने का अवसर भी है।



राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप जंगल सफारी पर्यटन को आज एक नई पहचान मिली है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक उत्तराखण्ड आ रहे हैं, जिससे राज्य की पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। इसके साथ ही स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार और आजीविका के नए द्वार भी खुले हैं.... :- **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड**

इस अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वन विभाग, स्थानीय समुदाय और पर्यावरण प्रेमियों के सहयोग से 1000 से अधिक पौधों का सामूहिक रोपण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महज एक पौधा रोपण नहीं, बल्कि मातृत्व और प्रकृति के प्रति सम्मान का भावपूर्ण प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने वन विभाग की टीम से भी भेंट की और उनके द्वारा वनों व वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने विभाग की प्रतिबद्धता और समर्पण को राज्य की हरियाली और जैव विविधता के संरक्षण हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।



# करुणा के जीते-जागते प्रतीक हैं दलाई लामा: महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दलाई लामा जी को अवलोकितेश्वर या चेनरेजिग (करुणा के बोधिसत्व और तिब्बत के रक्षक देवता) का अवतार माना जाता है। बोधिसत्व वे प्राणी होते हैं जो समस्त सजीवों के कल्याण के लिए बुद्धत्व प्राप्त करने की आकांक्षा रखते हैं और जिन्होंने मानवता की सेवा के लिए पुनर्जन्म लेने का संकल्प किया है।

यह बात प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम, मंत्री सतपाल महाराज ने रविवार को तिब्बती नेहरू मेमोरियल स्कूल, फुटबॉल ग्राउंड, क्लेमेंट टाउन स्थित तिब्बत कॉलोनी में तिरुपति कल्याण कार्यालय द्वारा आयोजित तिब्बत के 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो के जन्म दिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने तिब्बत के 14वें दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दलाई लामा एक असाधारण बौद्ध भिक्षु होने के साथ-साथ तिब्बत के आध्यात्मिक नेता हैं। केन्द्रीय तिब्बत प्रशासन (सीटीए) ने उनके जन्मदिन के इस आनन्दमयी अवसर को मनाने के लिए इस वर्ष को श्करूणा का वर्ष घोषित किया है।

# पंचायत चुनावों में कम नामांकन पर कांग्रेस ने जताई चिंता

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में पंचायत चुनावों के लिए शनिवार को नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हो गई, लेकिन ग्राम पंचायत सदस्य के हजारों पदों पर उम्मीद के अनुरूप नामांकन नहीं हो सका। इस पर उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि नामांकन की अत्यंत कम संख्या से स्पष्ट है कि जनता में पंचायत चुनावों को लेकर भारी उदासीनता है और यह स्थिति सरकार की विफल कार्यप्रणाली का परिणाम है।

माहरा ने कहा कि ग्राम पंचायत सदस्य के 55,587 पदों के मुकाबले बेहद कम आवेदन आए हैं, जिससे यह अंदेशा बन गया है कि बड़ी संख्या में पद रिक्त रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे संवैधानिक संकट की स्थिति बन सकती है और ग्राम सभाओं का गठन प्रभावित हो सकता है।

**भाजपा सरकार पर लगाए**

■ करन माहरा बोले, ग्राम पंचायतों में खाली रह सकते हैं सैकड़ों पद ■ सरकार की नीतियों से जनता में उदासीनता

### मतदाता सूची पर भी उठाए सवाल

करन माहरा ने बताया कि सितंबर 2019 के शासनादेश को दिसंबर 2019 में संशोधित किया गया था। इसमें यह स्पष्ट था कि यदि कोई व्यक्ति निकाय मतदाता सूची में नाम होने के बावजूद ग्राम सभा में नाम दर्ज कराता है और बिना नाम कटवाए चुनाव लड़ता है, तो वह अयोग्य घोषित होगा। लेकिन राज्य सरकार और निर्वाचन आयोग ने आज तक इस दिशा में कोई ठोस निर्देश जारी नहीं किए हैं, जो बेहद चिंताजनक है।

### चुनाव आयोग से की हस्तक्षेप की मांग

कांग्रेस ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर मांग की है कि दिसंबर 2019 का संशोधित आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, ताकि पंचायत चुनावों की निष्पक्षता और संवैधानिक व्यवस्था बनी रह सके। माहरा ने कहा कि अब सवाल यह उठता है कि आने वाले समय में भाजपा सरकार क्या नया षड्यंत्र रचने जा रही है। कांग्रेस जनता की भागीदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सतर्क है और हर स्तर पर सरकार की विफलताओं को उजागर करती रहेगी।

**गंभीर आरोप:** कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने जानबूझकर छह महीने तक पंचायतों में प्रशासक बैठाकर चुनावों में देरी कराई, ताकि निकाय चुनावों और पंचायत चुनावों के बीच अंतराल पैदा हो और भाजपा इस स्थिति का राजनी. तिक लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने निकाय मतदाताओं को पंचायत चुनावों में शामिल कर त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था को प्रभावित करने की साजिश रची है।



# भाजपा ने प्रदेश भर में डॉ. मुखर्जी को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा परिवार ने अपने संस्थापक, प्रेरणास्रोत और वैचारिक अधिष्ठान स्व. डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जन्म जयंती पर श्रद्धांजलि दी । प्रदेश भर में आयोजित विचार गोष्ठियों के क्रम में प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि उनकी एक देश एक पहचान की बलिदानी नीति पर चलकर ही आज कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और शक्तिशाली राष्ट्र का निर्माण हो रहा है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि जनसंघ के संस्थापक, महान राष्ट्र नायक और भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक एवं सैद्धांतिक प्रेरणा स्रोत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती आज प्रदेशभर में मनाई गई। इस अवसर पर मंडल स्तर पर पार्टी ने गोष्ठियों का आयोजन किया, जिसमें उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया। जिसमें उन्हें पुष्पांजलि देते हुए, उनके बताए रास्ते पर राष्ट्र निर्माण का संकल्प दोहराया गया। मुख्य कार्यकम के रूप में एक विचार गोष्ठी का आयोजन, राजधानी के बलबीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में किया गया। अपने संबोधन में प्रदेशाध्यक्ष भट्ट ने कहा कि, डा मुखर्जी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के वो पुरोधा थे, जिन्होंने देश विभाजन की नीयत को सबसे पहले पहचाना और उसका पुरजोर विरोध किया। आज बंगाल, असम और पूर्वोत्तर भारत का बड़ा हिस्सा देश का हिस्सा है तो उसमें उनका योगदान अतुलनीय रहा है। प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के संचालन में हुई गोष्ठी में पुनीत मित्तल, शैलेंद्र बिष्ट, मुकेश कोली, आदित्य चौहान, कुस्तुभानंद जोशी, मनवीर चौहान, सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, संजीव वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता कमलेश रमन, सुनीता विद्यार्थी, जोगेंद्र पुंडीर, जोत सिंह बिष्ट समेत बड़ी संख्या में प्रदेश पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गांवों में विकास की नई कहानी लिखने मैदान में उतरे युवा व महिलाएं

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जबरदस्त उत्साह






**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** उत्तराखंड में पंचायत चुनाव की तस्वीर इस बार कुछ अलग नजर आ रही है। चुनाव में अब युवाओं और महिलाओं की भागीदारी ने नई लहर पैदा कर दी है। खासतौर से नैनीताल जिले में युवाओं का जोश और महिलाओं की भागीदारी ने पंचायत चुनाव को और दिलचस्प बना दिया है। गांव-गांव में युवाओं में चुनाव लड़ने को लेकर उत्साह है, जो साफ बता रहा है कि अब नई पीढ़ी गांव के विकास में खुद आगे आना चाहती है।

दअरसल, प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। नामांकन प्रक्रिया 2 जुलाई से शुरू हुई थी, जिसकी आखिरी तारीख 5 जुलाई रही। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों के कई युवा और महिलाएं अलग-अलग पदों के लिए नामांकन कराने पहुंचे। इनमें से कुछ पहली बार राजनीति में कदम रख रहे हैं, तो कुछ ने गांव की तस्वीर बदलने का सपना लेकर चुनावी मैदान में उतरने का फैसला किया है।

नैनीताल जिले के ग्राम परबड़ा निवासी निर्मला बिष्ट, जिनकी उम्र 28 साल है, पहली बार वार्ड मेंबर का चुनाव लड़ रही हैं। उनका कहना है कि अगर उन्हें मौका मिला तो सबसे पहले गांव में सौर ऊर्जा, दीवार और खड़ंजे जैसे जरूरी विकास कार्य पूरे कराएंगी।

कौल ग्रामसभा के रहने वाले 25 वर्षीय विक्रम सिंह भी वार्ड मेंबर पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। बीकॉम की पढ़ाई पूरी कर चुके विक्रम का मानना है कि राजनीति में यह उनकी पहली सीढ़ी है, और वे अपने गांव में विकास के नए काम करना चाहते हैं।

वहीं, ससबनी ग्रामसभा से निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य चुने गए 30 वर्षीय गुड्डू नयाल कहते हैं कि उनके क्षेत्र में 41 विधानसभाएं आती हैं। उनका लक्ष्य है कि इन गांवों में अधूरे रह गए विकास कार्य पूरे किए जाएं और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलें। उनका साफ कहना है कि अब गांव की कमान युवाओं के हाथ में आनी चाहिए।

मानघेर ग्रामसभा से ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी कमल, जो पहले रेस्टोरेंट में काम करते थे, बताते हैं कि गांव में विकास की कमी देखकर ही उन्होंने नौकरी छोड़ दी और राजनीति में उतरने का फैसला लिया। 32 वर्षीय कमल ने कहा कि अगर वह ग्राम प्रधान बने तो गांव की सड़कें, पानी, शौचालय, ऑनलाइन सुविधाएं और सरकारी योजनाएं हर व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

देवनगर ग्रामसभा की 27 वर्षीय चंद्रा तिवारी, वार्ड मेंबर पद के लिए चुनाव लड़ रही हैं। चंद्रा कहती हैं कि अगर उन्हें मौका मिला तो गांव में सड़क, बिजली, पानी, सीसी मार्ग और सौंदर्यकरण के कामों में वह बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगी।

जीवन बेलवाल ग्राम गुनियालेख सें ग्राम प्रधान के लिए चुनाव लड़ रहें है. उन्होंने बताया कि सरकार कि योजनाओं को जनता तक पहुंचना है और जनता के लिए काम करना है.खासतौर पर बुजुर्ग कि समस्याओं का समाधान करना है.जनता के जो भी मुद्दे है उन मुद्दों पर कार्य करना है। बताया कि वह पहले भी समाज सेवा का कार्य करते आ रहें है।

पंचायत चुनाव में युवाओं और महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से साफ संकेत मिल रहे हैं कि ग्रामीण राजनीति में अब एक नई सोच, नया उत्साह और विकास की ताजगी आ रही है। नई पीढ़ी सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि गांव-गांव में बदलाव और विकास के लिए भी अपनी जिम्मेदारी निभाने को तैयार है।

# पुलिस ने पकड़ी तीन करोड़ की स्मैक, तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने चैकिंग के दौरान कांवड़ मेले नशे की खेप बचने आये तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से करीब तीन करोड़ की स्मैक बरामद की है। पुलिस ने तस्कर के पास से बाईक भी बरामद की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक बहदराबाद नरेश राठौड ने बताया कि कांवड़ की तैयारियों के बीच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिह डोबाल के दिशा निर्देश पर चलाये जा रहे सघन चैकिंग अभियान के दौरान हरिद्वार व बहादराबाद पुलिस ने नहर पटरी पथरी पॉवर हाऊस के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से 1 किलो 42 ग्राम लाल स्मैक, 457 ग्राम मिलावट स्मैक, एक डिजिटल तराजू, लाल रंग पाउडर व बाइक बरामद हुई। पुलिस को पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मो. मुर्सलीन उम्र 27



वर्ष पुत्र शौकीन अली, निवासी ग्राम जोला थाना बुढाना जनपद मुजफ्फनगर उ.प्र. हाल निवासी सलेमपुर, रानीपुर हरिद्वार बताया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आरोपित के खिलाफ नडीपीसी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पूर्व में हरियाणा, सोनीपत, सहारनपुर व अन्य स्थानों पर स्मैक तस्करी का काम करता है, जो कांवड़ मेले में स्मैक की बिक्री के इरादे से हरिद्वार आया था। आरोपी युवक ने पुलिस से बचने के लिए स्मैक में लाल रंग मिलाया था, जिससे वह पहचान में ना आए, लेकिन पुलिस की तेज निगाहो ने उसके मंसूबो पर पानी फेरते हुए सलाखों के पीछे भेज दिया। आरोपित के तार राजस्थान, हरियाणा, सहारनपुर एवं अन्य स्थानों से भी जुड़े हुए हैं। इसके संबंध में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक बहादराबाद नरेश राठौड, व.उ.नि. प्रदीप राठौर, अमित नौटियाल प्रभारी चौकी बाजार, अपर उ0नि0 राकेश कुमार, का. विरेन्द्र चौहान, का. मुकेश नेगी, कां. जयपाल सिंह, सीएमपी अक्षय कुमार फील्ड यूनिट हरिद्वार, कां. अनिल चौहान फील्ड यूनिट हरिद्वार, कां. विनय भट्ट फील्ड यूनिट हरिद्वार शामिल रहे।

# कर्बला के शहीदों की याद में निकाले गए ताजिए

## मुहर्रम की दसवीं तारीख पर निकाले गए ताजिए, मजलिसों और मर्सियों से भरा रहा दिन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मुहर्रम की दसवीं तारीख यानी यौमे आशूरा के मौके पर रविवार को शहर की फिजाओं में गम, अकीदत और इंकलाब का माहौल नजर आया। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत को याद करते हुए शहर के कई इलाकों में ताजिया जुलूस निकाले गए। मजलिसें पढ़ी गईं, मर्सिये गूंजे और 'या हुसैन' की सदाओं के साथ हर कदम पर इमाम की कुर्बानी को सलाम किया गया।




ज्वालापुर क्षेत्र स्थित मैदानियान, घोसियान, अहबाबनगर, मंडी का कुआं, कैथवाड़ा, तेलियान, कोटरवान, लोधामंडी, हज्जाबान समेत कई मोहल्लों में अकीदतमंदों ने ताजिये उठाए। जुलूस के दौरान अखाड़ों का आयोजन कर कर्बला के संघर्ष और बलिदान को प्रतीकात्मक रूप से जीवंत किया गया। रात को ताजियों को अहबाबनगर स्थित कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस अवसर पर कादरी ताजिया कमेटी की अगुवाई में खलीफा इरफान, हाजी गुलजार अंसारी, रिजवान अंसारी, जमशेद खान, चौधरी उमरसाद अंसारी, प्रवेज खान, शहराज लाइट वाले, हाजी अय्यूब, फैजान अंसारी, सलमान अंसारी, इसरार खान, मेहराज खान, आमिर खान और मोइन खान सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। मौहल्ला हज्जाबान ताजिया बनाने वाले युवा लडकों में आदिल अब्बासी, जुनैद मंसूरी, अयान मंसूरी, अबुजर मंसूरी, आसिफ सलमानी, सुभान सिद्दीकी, आसिफ अब्बासी शामिल रहे। इस्लामिक इतिहास के सबसे बड़े बलिदानों में शुमार कर्बला की जंग को याद करते हुए ताजिये निकाले गए। बताया जाता है कि मुहर्रम की 10वीं तारीख को हजरत इमाम हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ इराक के कर्बला में जालिम यजीद की लाखों की फौज का मुकाबला करते हुए शहादत दी थी। यह जंग हक और इंसानियत की हिफाजत के लिए लड़ी गई थी। इस मौके पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे।

# जुलुस निकालकर ताजियों को किया सुपुर्दे खाक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पैगंबर मौहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन एवं करबला के 72 जांनिसारों की याद में रविवार देर शाम ज्वालापुर में ताजिया जुलूस निकाला गया और ताजियों को सुपुर्दे खाक किया गया। इस दौरान करबला के युद्ध की याद को ताजा करते हुए मुस्लिम समाज के युवकों ने युद्ध कला का प्रदर्शन किया। अखाड़ा खेलते हुए युवाओं ने तलवारबाजी, लाठी, डंडे, चक्र, आग के खेल, मुंगरियां, बरेटी आदि का कौशल दिखाया। अखाड़े की कमेटियों द्वारा युद्ध कला का प्रदर्शन कर रहे युवाओं का



उत्साहवर्द्धन किया गया। मंडी का कुंआ पीरजियों वाली गली स्थित मंसूरियों की बैठक, मैदानियान, कोटरवान, तेलियान, घोसियान, अहबाब नगर, लोधामंडी आदि क्षेत्रों में अंकीदतमंदों ने भव्य रूप से सजाएग गए ताजियों के दर्शन किए। देर रात तक ताजियों का जुलूस देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही। जूलूस के दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

# भूखंड कब्जा करने वालों पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र स्थित भूखंड पर कब्जा करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले में दो नामजद आरोपियों समेत अन्य अज्ञात लोगों को नामजद किया गया है। कुख्यात गैंगस्टर सुनील राठी के करीबी सुशील गुर्जर का आदमी बताकर धमकी दी थी, लेकिन जांच में आरोपियों का कोई संबंध नहीं होने की बात सामने आई है।

कारोबारी महेश पंजवानी पुत्र राम पंजवानी निवासी बिरला रोड, हरिद्वार ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि खन्नानगर स्थित आहुजा पेट्रोल पंप के निकट उनका एक प्लॉट है। पूर्व में शेषराज, सुधीर और कुछ अन्य लोगों ने इस पर कब्जा करने की कोशिश की थी। शनिवार की सुबह बजे एक बार फिर ये लोग प्लॉट पर कब्जा करने के इरादे से पहुंचे और वहां तैनात गार्ड से मारपीट कर उसे भगा दिया। आरोप है कि इनके साथ तीन महिलाएं भी थीं, जो अंदर बैठ गई और मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को हिरासत में लेते हुए कब्जे की कोशिश को विफल कर दिया। आरोप लगाया गया है कि जाते समय शेषराज, सुधीर व अन्य ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। महेश पंजवानी ने बताया कि भूखंड की पैमाइश पूर्व में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व पटवारी की देखरेख में कराई गई थी, जिसमें फैसला उनके पक्ष में आया था। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# श्री अवधूत मंडल आश्रम बाबा हीरादास हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा : डॉ. संतोषानंद देव

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री अवधूत मंडल आश्रम बाबा हीरादास हनुमान मंदिर, सिंहद्वार हरिद्वार में गुरु पूर्णिमा महोत्सव गुरुवार, 10 जुलाई को धूमधाम से मनाया जायेगा। आश्रम के पीठाधीश्वर महंत महामंडलेश्वर डॉ स्वामी संतोषानंद देव महाराज ने बताया कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव की विशेष तैयारी की जा रही है। श्री अवधूत मंडल आश्रम की स्थापना से लेकर गुरू गद्दी पर आसीन आचार्य बाबा सरयू दास, बाबा हीरादास, बाबा गोपाल दास, बाबा रामेश्वर देव, बाबा महेश्वर देव और महामंडलेश्वर स्वामी सत्यदेव की स्मृति में एक जुलाई से लेकर 9 जुलाई तक विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा निरंतर हवन-पूजन का कार्यक्रम



चल रहा है। वहीं गुरुवार, 10 जुलाई को प्रातः 10 बजे से गुरु पूजन एवं सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही देश के कोने- कोने से पधारे भक्तों की दीक्षा कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके उपरांत अपराह्न 12 बजे से संतजनों, ब्राह्मणों एवं आम भक्तजनों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी भक्तों से इस पुण्य कार्य में बढ़ चढ़कर तन मन धन से सहयोग करने की अपील की है।

# सफाई कर्मचारियों को शासनादेश के अनुसार मजदूरी दिए जाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के मुख्य संयोजक सुरेंद्र तेश्वर ने नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर कांवड़ मेले के दौरान सफाई कार्य के लिए आउटसोर्स के माध्यम से रखे जाने वाले पर्यावरण मित्रों को शासनादेश के अनुसार मजदूरी दिलाए जाने की मांग की है। सुरेंद्र तेश्वर ने बताया कि इस वर्ष 10 जुलाई से शुरू हो रहे कांवड़ मेले के लिए भी कर्मचारियों की भर्ती की जा रही है। उन्होंने कहा कि संगठन को जानकारी मिली है कि आउटसोर्स पर भर्ती किए जा रहे कर्मचारियों को शासनादेश के विपरीत कम मजदूरी पर भर्ती किया जा रहा है। जबकि शासनादेश के अनुसार कर्मचारियों को 500 रूपए प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी दी जानी चाहिए।

# सैनी सम्मेलन में आपस में भिड़े दो पक्ष, पुलिस ने कराया शांत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर स्थित सैनी आश्रम में आयोजित सैनी सम्मेलन के दौरान दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के लोगो के बीच जमकर गाली-गलौज हुई और मारपीट तक की नौबत आ गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने मामले को संभाला और समझा बुझाकर दोनों पक्षों को शांत कराया। दरअसल, सैनी आश्रम के संचालन को लेकर पहले से ही दो पक्षों में विवाद चला आ रहा है। रविवार को आश्रम में सैनी सम्मेलन बुलाया गया था, जिसमें समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सम्मेलन में एक पक्ष ने आश्रम परिसर में बड़ा हॉल बनाने का प्रस्ताव रखा तो दूसरा पक्ष ने इस पर आपत्ति जताई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के दर्जनों लोग आमने-सामने आ गए। आपस में गाली-गलौज तक होने लगी। सूचना मिलते ही ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह और एसएसआई नितिन चौहान पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों पक्षों को शांत कराया और संयम बरतने की अपील की। सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस द्वारा मामला शांत कराए जाने के बाद सम्मेलन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

# पांच करोड़ की लागत से बनेगा सैनी आश्रम का नया भवन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर स्थित सैनी आश्रम में आयोजित सैनी सम्मेलन में पांच करोड़ रूपए की लागत से आश्रम के नए भवन के निर्माण की घोषणा की गई। भवन का निर्माण दो चरणों में किया जाएगा। आश्रम की नई प्रबंध समिति द्वारा भवन का नक्शा तैयार कर लिया गया है और समाज के लोगों ने तन-मन-धन से सहयोग देने का वादा किया है। मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मंत्री राम सिंह सैनी ने समाज को एकजुट रहने और विकास के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन शेषराज सैनी ने किया। सैनी आश्रम ज्वालापुर की प्रबंध समिति द्वारा आश्रम के नए भवन का नक्शा मंच से प्रस्तुत किया गया। इस पर लोगों ने सर्वसम्मति से सहमति जताई और करोड़ों रुपये दान



देने की घोषणा की। समिति का कहना है कि यह भवन समाज की भावनाओं, आवश्यकताओं और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान समिति के पदाधिकारियों ने खुलासा किया कि पहले कुछ लोगों ने सैनी आश्रम की संपत्ति का दुरुपयोग किया और निजी लाभ के लिए समाज के नाम पर धन खर्च किया। जब यह मामला सामने आया, तो समाज की सर्वसम्मति से एक नई प्रबंधकारिणी संस्था बनाई गई और उसे विधिवत पंजीकृत कराया गया। समिति के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि अब वही लोग समाज को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं और सैनी आश्रम की वर्तमान समिति के खिलाफ झूठा प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आश्रम की संपत्ति और भविष्य में मिलने वाली किसी भी आर्थिक सहायता का उपयोग केवल समाजहित और पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। समिति ने यह जानकारी भी दी कि भवन निर्माण की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी और इसके शिलान्यास की तिथि तय कर सार्वजनिक की जाएगी। समाज के लोगों ने दान देने की जो घोषणा की है, उससे इस कार्य को समय पर पूरा करने का विश्वास जताया गया है। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख वीर सिंह सैनी, एडवोकेट संजय सैनी, केपी सिंह सैनी, अजय कुमार सैनी, चंद्र मोहन राणा, विजयपाल सैनी, रवि किरण, अनिल सैनी, आदेश सैनी सम्राट, टेकचंद सैनी, अमरजीत सैनी, सुंदर पाल, विकास सैनी, रणबीर, जसपाल सिंह, योगराज सिंह और मदनपाल समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्व केंद्रीय सशस्त्र बल कार्मिक संगठन की मासिक संगोष्ठी आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पूर्व केंद्रीय सशस्त्र बल कार्मिक संगठन की मासिक संगोष्ठी का आयोजन रविवार को भेल स्थित सीआईएसएफ परिसर में किया गया। संगोष्ठी में संगठन के सदस्यों ने कार्मिकों के हित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। संगठन के अध्यक्ष एडवोकेट रुपचंद आजाद ने सिलसिलेवार तरीके से निराकरण के लिए की जाने वाली कार्रवाई के बारे में सदस्यों को अवगत कराया। अध्यक्ष एडवोकेट रूपचंद आजाद ने बताया कि हरिद्वार में डिस्पेंसरी के साथ कम से कम दो मुख्य हॉस्पिटल पैनल में शामिल करने की मांग की जायेगी। 8वें वेतन आयोग में पेंशनर्स से संबंधित विषय पर जानकारी देते हुए सदस्यों से हरिद्वार में रह रहे सीजीएचएस कार्ड होल्डर से मिलकर उनके दस्तावेज



एकत्र को कहा। संगोष्ठी में अध्यक्ष एडवोकेट रुपचंद आजाद, सचिव राजीव शर्मा, उपाध्यक्ष सुभाष कपूर, कोषाध्यक्ष धर्मपाल, हरेंद्र सिंह, प्रवीर सिंह, मामचंद, विरेन्द्र सिंह, मेनपाल, गिरीश प्रसाद, एसडी शर्मा, नरेशचंद, सोमदत्त, योगेन्द्र सिंह, कपिल, योगेन्द्र सैनी आदि शामिल रहे।

# कोतवाली रानीपुर पुलिस ने क्षेत्र में चलाया सत्यापन

## पुलिस ने 110 व्यक्तियों का सत्यापन किया, किराएदारों का सत्यापन नहीं कराने पर 4 मकान मालिकों पर ठोका 40 हजार का जुर्माना

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** 10 जुलाई से शुरू हो रहे कांवड मेले के दृष्टिगत कोतवाली रानीपुर पुलिस ने शिवालिक नगर, टिहरी विस्थापित, शिवलोक, टिबड़ी, सुमननगर आदि इलाकों में बाहरी व्यक्तियो, किरायेदारां की पहचान के लिए सघन सत्यापन अभियान जलाया। अभियान में जुटी पुलिस टीमों ने 110 व्यक्तियो का सत्यापन करने के साथ किराएदारों का सत्यापन न कराने पर 4 मकान



मालिकों पर 40,000 रूपये जुर्माना लगाया। कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी के नेतृत्व में चलाए गए सत्यापन अभियान में जुटी पुलिस टीमों ने सभी मकान मालिको को किरायेदारों, घरेलू नौकरों एवं बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन कराने हेतु निर्देशित करने के साथ जागरूक भी किया। साथ ही होटलों, ढाबों में कार्य करने वाले व्यक्तियो को भी अपना सत्यापन कराने के निर्देश दिए। अभियान में औद्योगिक क्षेत्र प्रभारी एसआई विकास रावत, सुमननगर चौकी प्रभारी एसआई अर्जुन कुमार, एसआई देवेन्द्रसिंह पाल, अपर उपनिरीक्षक सुबोध घिल्डियाल, अपर उपनिरीक्षक मोहन सिंह, अपर उपनिरीक्षक विजय नेगी सहित कोतवाली और चौकियों के पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# भाजपाइयों ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनसंघ के संस्थापक डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डा.मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए देश सेवा का संकल्प लिया। जगजीतपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने लक्सर और ज्वालापुर गन्ना समिति के नवनियुक्त चेयरमैन और डायरेक्टरों का फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया और किसानों के हित में कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर दर्जाधारी डा.जयपाल सिंह चौहान, सुनील सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, पालिका चेयरमैन राजीव शर्मा, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, आशु चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान, देवेंद्र प्रधान, लव शर्मा आदि शामिल रहे।

# इमाम हुसैन की याद में शिया समुदाय ने निकाला मातमी जुलूस

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अंजुमन फरोग ए अजा के अध्यक्ष हैदर नकवी के नेतृत्व में शिया समुदाय ने इमाम हुसैन की याद में अहबाब नगर स्थित इमाम बाड़ा से मातमी जुलूस निकाला। इससे पूर्व इमाम बाड़े में मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस मौलाना इक्त्तेदार नकवी ने पढ़ी। मौलाना इक्तेदार नकवी ने बताया कि इमाम इमाम हुसैन जब हज को उमरे में बदल के चले और मोहर्रम की 2 तारीख को इराक स्थित कर्बला पहुंचे। जहां क्रूर शासक यजीद के कहने पर इमाम हुसैन को रास्ते मे रोक लिया गया। 10 मोहर्रम 61 हिजरी को इमाम हुसैन को उनके परिवार और साथियो सहित यजीद ने कर्बला में तीन दिन का भूखा प्यासा रखने के बाद शहीद कर दिया। मौलाना ने बताया कि जब इमाम हुसैन अपने छह महीने



के बच्चे अली असगर को लेकर पानी लेने गए तो हुरमला नामक व्यक्ति ने बच्चे पर भी दया नही की और तीर मार कर उस बच्चे को भी शहीद कर दिया। यह बच्चा कर्बला में इमाम हुसैन पर शहीद होने वाला सबसे छोटा बच्चा था। इमाम हुसैन को शहीद करने के बाद यजीद ने उनके घरों में आग लगा दी और इमाम हुसैन के घर की महिलाओ और बच्चां को बंदी बना कर उन पर पत्थर बरसाए गए। इमाम हुसैन और उनके परिवार वालों को हर वो यातना दी गयी। जिसके विषय में कोई सोच भी नही सकता।

मजलिस के बाद इमाम हुसैन के गम को याद करते हुए शिया समाज के लोगो ने मातम किया। जुलुस का समापन अंजुमन फरोग ए अजा के अध्यक्ष हैदर नकवी के आवास पर हुआ। जुलूस में सज्जाद, असगर नकवी, हैदर नकवी, फिरोज जैदी, एहतेशाम अब्बास, जहूर हसन, जाफर हुसैन, बिलाल रजा, हादी हसन, अस्करी, अली रजा, इकबाल, फरहान, अंसार हुसैन, अनवार हुसैन, मोहम्मद जमा, दिलशाद नकवी, ऐजाज नकवी, मोहम्मद मुज्तबा, मोहम्मद शहजाद, ऐजाज नकवी, आशु, रविश नकवी, हुसैन हैदर, बिलाल नकवी, अली रजा, काजिम, गाजी, बासित आदि शामिल रहे।

# धनपुरा पंचायत में निकले ताजिए अखाड़ों में उस्ताजों ने दिखाए करतब

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के दर्जनों गांव में मुस्लिम समाज की ओर से इमाम हुसैन की याद में ताजिये निकाले गये। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। अखाड़े के खलीफाओ के नेतृत्व मे अखाड़े व ताजिये का जुलूस रवाना हुआ। जुलूस में शामिल अकीदतमंद ढोल ताशे की धुनों के साथ खेल कर्तव्य दिखाते हुए आगे बढ़े।

गांव धनपुरा की ग्राम पंचायत घिससुपुरा में बुद्धवार को इमाम हुसैन की शहादत पर मोहर्रम पर्व पर ताजिये निकाले गए। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने ताजिये पर प्रसाद चढ़ाकर अमन व चौन की कामना की। अखाड़ा के उस्ताद ताहिर हसन, मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद जाकिर, शमशेर अली, सकील अहमद, खलील अहमद,



सलीम अहमद, हबीब के नेतृत्व में अखाड़ेबाज हैरतअंगेज कारनामों की प्रस्तुति देते रहे। अखाड़ेबाजों ने तलवारबाजी, लाठी, गदका, मुंगरी, ब्रेटी घूमना आदि हैरतअंगेज कर्तब दिखाते हुए आगे बढ़ते गये। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दूसरे गांव से लोग उमड़े। जुलूस के गुजरने वाले मार्ग पर मुस्लिम समाज के विभिन्न संगठनों की ओर से लोगो को हलीम, बिरयानी, सरबत, फल, पानी, चाय, हलवा आदि की व्यवस्था की गई जिसमें शामिल अकीदतमंदों ने ताजिये की इबादत कर मन्नत के सेहरे चढ़ाए। पुलिस दुवारा सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए गांव में पुलिस फोर्स लगाई गई। वही, पथरी एसओ भी गांव में फोर्स के साथ गस्त पर रहे। घिससुपुरा में जब्बार के घर से साबरी मस्जिद होते हुये ताजिये व जुलूस बड़ी मस्जिद तक पहुचा। वही, धनपुरा में शाह बस्ती, समंध अखाड़ा का जुलूस गलियों से होता हुआ झंडा चौक धनपुरा पहुचा जहा युवाओं और बुजर्गो ने हैरतंगेज कारनामे दिखाये। ताजिया कमेटी में मोहम्मद जाकिर, सलीम अहमद, मुस्तफा अंसारी, ताहिर, हबीब, सकील अहमद, सकुर, मुंतजिर, रियासत अली, फारूक, ताजुल, ताहिर, रिजवान, साजिद अली, सज्जाद, शमशाद, इस्तेकार बाली, मुंतियाज, फय्याज, रहमान, नफीस अहमद, हाजी बाबू, यूसुफ, हंशार, खुर्शीद अहमद, शमशाद, निशार, खुर्शीद, आदि मौजूद रहे।

एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया शांति व्यवस्था के लिये पुलिस फोर्स व कुछ एसआई तैनात किये गए है। संबंधित स्थानों पर गस्त की जा रही है। हुड़दंग करने वालो पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीमद् भागवत कथा सिखाती है जीवन जीने की कला : ऋषि रामकृष्ण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** खड़खड़ी स्थित निर्धन निकेतन आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धालु भक्तों को भागवत महिमा से अवगत कराते हुए आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी ऋषि रामकृष्ण ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जीवन जीने की कला सिखाती है। कथा श्रवण से मिले ज्ञान को आत्मसात करें। जिसके प्रभाव से परिवार में संस्कारों का उदय होता है। हरि स्मरण करते हुए संस्कारित जीवन जीने से कष्टों से छुटकारा मिलता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण का अवसर सौभाग्य से मिलता है। इस अवसर का लाभ उठाएं। अन्य व्यक्तियों को भी कथा श्रवण के लिए प्रेरित करें। कथाव्यास महामंडलेश्वर स्वामी शिवानंद ने कहा कि आत्मा और परमात्मा एक दूसरे के अभिन्न अंग हैं। श्रीमद् भागवत कथा आत्मा का परमात्मा से साक्षात्कार कराकर मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करती है। श्रद्धा भाव से श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने मात्र से ही जीवन भवसागर से पार हो जाता है। उन्होंने कहा कि कलियुग में भागवत कथा के आयोजन का उद्देश्य प्रभु की प्राप्ति और जीवन को सही मार्ग दिखाना है। जब



भी जीवन में कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़े तो सच्चे हृदय से श्री हरि का स्मरण करें। सच्चे हृदय से की गयी भक्तों की पुकार भगवान अवश्य सुनते हैं। कथा के मुख्य यजमान नरेंद्र कपूर परिवार, ट्रस्टी विजय सिंगला, जीवन गोयल, ज्ञानचंद व फकीरचंद ने भागवत पूजन किया और कथाव्यास से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रांश, नरेंद्र कपूर, राकेश कपूर, जीवन गोयल, विजय सिंगला, सुशील ढींगरा, राजेश शर्मा, मनोज, रजनी कुमार राजा, स्वामी राजेंद्रानंद, स्वामी रविदेव शास्त्री, महंत मोहन सिंह, महंत दुर्गादास, महंत तीरथ सिंह, स्वामी शिवम, हरिहरानंद, स्वामी दिनेश दास, स्वामी शिवानंद भारती सहित कई संत महंत और श्रद्धालु शामिल रहे।

# जालेन्दरी गाड़ में दो बकरी पालक बहे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** हर्षिल के जंगलों में क्यारकोटि निकट दो बकरी पाल.कों की जालेन्दरी गाड़ में बहने की सूचना है।

इधर जिला आपदा परिचालन केंद्र उत्तरकाशी से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह हर्षिल थाना से एसडीआरएफ , पुलिस, वन विभाग, राजस्व विभाग, एवं ग्रामीण समेत दो खच्चर व दो पोर्टर की संयुक्त टीम खोजबीन करने निकले हैं। बताया दे कि उत्तरकाशी भटवाड़ी तहसील के अन्तर्गत हर्षिल से करीब 14-15 किलोमीटर (पैदल मार्ग) क्यारकोटि के पास जालेन्दरी गाड़ के तेज बहाव में इन दिनों हिमाचल, टिहरी, झाला, बगोरी के सयुक्त बकरी पालक रहते थे। जिनके दो बकरी पालक जालेन्दरी गाड़ में बहने की सूचना है।

इधर पूर्व प्रधान बगौरी भगवान सिंह ने बताया कि जलेंद्रीगाड़ में पुल ना होने से पर्यटक व् अन्य भेड़ पालको को नुकशान भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह पुल हिमाचल प्रदेश को जोड़ने वाला पुल है हम ने जिला प्रशासन से पुल बनाने की मांग उठाई लेकिन पुल नहीं बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र पर्यटकों व् भेड़ पालको के लिए जाना जाता हैं। हर्षिल घाटी से सटा जलेंद्रीगाड़ जो हिमांचल प्रदेश को भी जोड़ता हैं इस पर हर साल कई ट्रेकर आवाजाही करते हैं।

# ड्रीमर्स एड्यू हब ने एक बार फिर से रचा इतिहास, एफएसबी में लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सहस्त्रधारा रोड पर स्थित ड्रीमर्स एड्यूब ने एक बार फिर से नया कीर्तिमान स्थापित किया है ड्रीमर्स के संस्थापक हरिओम चौधरी ने बताया कि 4 जुलाई 2025 को ड्रीमर्स के तीन विद्यार्थियों ने एसएसबी इंटरव्यू में एक ही दिन रिकमेंडेशन प्राप्त कर इतिहास रच दिया है।

जिनमें सक्षम यादव ने एनडीए एंट्री में 5 एफएसबी गुवाहाटी से रिकमेंडेशन प्राप्त किया है जो कि रेवाड़ी हरियाणा के रहने वाले हैं वहीं मेघा मालवी एफकेट एंट्री से 4 एफएसबी वाराणसी से रिकमेंडेशन प्राप्त किया है जो कि जोधपुर राजस्थान की रहने वाली है और मालविका नारोलिया एनडीए एंट्री 4 एफएसबी से रिकमेंडेशन प्राप्त किया है जो कि चूरू राजस्थान से हैं ये तीनों कैडेट्स का एक ही दिन रिकमेंडेशन मिलने के बाद ड्रीमर्स ने एक नया रिकॉर्ड बना दिया।

वहीं संस्था की सह संस्थापिका अंकिता तनेजा ने शुभकामनाएं देते हुए बताया कि इस महीने में संस्था के कुल पांच बच्चों ने रिकमेंडेशन प्राप्त किया है जो एक शानदार रिजल्ट को दिखाता है जिसमें अतुल दहिया अफकैट एंट्री 1 एफसबी देहरादून से रिकमेंडेशन प्राप्त किया है जो कि सोनीपत हरियाणा से है और हिमांशु गुणावत अफकैट एंट्री 1 एफसबी देहरादून से रिकमेंडेशन प्राप्त किया है जो कि सवाई माधोपुर राजस्थान से हैं श्री हरिओम चौधरी जी ने इन सभी कैडेट्स को इनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी साथ ही उन्होंने बताया ये सब वर्षों की कड़ी मेहनत और कुशल शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही संभव होता है इसलिए भारत के हर राज्य के माता पिता का विश्वास दिन प्रति दिन ड्रीमर्स पर बढ़ता जा रहा है।

# दलाई लामा के 90वें जन्मदिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** दलाई लामा जी के 90वें जन्मदिवस के अवसर पर रविवार को क्लेमेनटाउन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग करते हुए समस्त देशवासियों और तिब्बती समाज को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि बुद्धा टेंपल मार्ग का चौड़ीकरण किया जाएगा और तिब्बती श्मशान घाट के टिन शेड का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि परम पूज्य दलाई लामा जी को उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान हो ताकि वे आने वाली पीढ़ियों को भी अपने अमूल्य विचारों और शिक्षाओं से मार्गदर्शन करते रहें। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, विधायक विनोद चमोली, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स, पूर्व मुख्य सचिव सुभाष कुमार, सांगयम सोनम पालडन, डॉ. त्सावांग फुंटसोक, तेनजिंग चोएफेल, महेश पांडे, सरदार इंद्रपाल कोहली, राज.ेश मित्तल और तिब्बती समुदाय के लोग मौजूद थे।

**शांति, अहिंसा व करुणा का मार्ग दिखाया:** मुख्यमंत्री ने कहा कि परम पूज्य दलाई लामा जी ने पूरी दुनिया को शांति, अहिंसा और करुणा का मार्ग दिखाया है। उनकी शिक्षाएं आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हैं, जब विश्व अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है।



### तिब्बती समुदाय के हितों की होती रहेगी रक्षाः धामी

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड ने हमेशा से तिब्बती समाज को प्रेम, सम्मान और सुरक्षा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तिब्बती समुदाय के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ उनके सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामाजिक विकास के लिए हर संभव सहयोग करती रहेगी।

# वार्डों में 25 और बढी डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों की संख्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नगर निगम की ओर से शहर की सफाई व्यवस्था को लगातार बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों एवं ग्रीन गार्बेज उठान ट्रैक्टर-ट्रॉली वाहनों की संख्या बढ़ाई जा रही है, ताकि इस समस्या में कमी आ सके।

**■ कूड़ा उठान की समस्या में आएगी कमी**

बीते दिवस नगर निगम देहराद.ून परिसर से महापौर सौरभ थपलियाल एवं नगर आयुक्त नमामि बंसल ने स्वच्छता सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 25 डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों एवं ग्रीन गार्बेज उठान ट्रैक्टर-ट्रॉली वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था ।

इन 25 वाहनों का उपयोग नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर ठोस अपशिष्ट एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्थित गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स से कचरा संग्रहण के लिए किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का विशेष उपयोग बागवानी अपशिष्ट एवं हरित अपशिष्ट के पृथक संग्रहण एवं निस्तारण के लिए किया जाएगा, जिससे मिश्रित कचरे की समस्या में कमी आएगी एवं अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बन सकेगी।

इस अवसर पर महापौर सौरभ थपलियाल एवं नगर आयुक्त नमामि बंसल ने नगर निगम के स्वच्छता विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यों को पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ करें और आमजन को भी स्रोत पर ही कचरे के पृथक्करण के लिए निरंतर जागरूक करते रहें।

नगर निगम देहरादून ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों से निकलने वाले कचरे को गीला एवं सूखा अलग-अलग करके निर्धारित समय पर निगम की अधिकृत गाड़ी को दें एवं स्वच्छता अभियान में सहयोगी बनें।

# हजरत इमाम हुसैन की याद में निकाले गए ताजिए

## हिन्दू और सिख समुदाय के लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत कर भाईचारे की मिसाल पेश की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** विकासनगर से एक बेहतरीन मिसाल सामने आई है, जहाँ मोहर्रम के मौके पर हिंदू-मुस्लिम एकता का अद्भुत नजारा देखने को मिला। इमाम हुसैन की याद में आयोजित कार्यक्रम में ना सिर्फ मुस्लिम समुदाय ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, बल्कि हिंदू और सिख भाईचारे ने भी अपना योगदान देकर गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की।

'खास बात यह रही कि सिख समुदाय के युवाओं ने 'गतका' और लाठी चलाकर ना सिर्फ अपनी परंपरा का प्रदर्शन किया, बल्कि यह भी दिखाया कि इंसानियत के लिए कोई मजहब नहीं होता।' बता दें जहां पूरी दुनिया में हजरत इमाम हुसैन की शाहदत को याद किया जाता है, तो वहीं विकासनगर में भी यौम-ए-आशूरा के दिन मुहर्रम पर अंजुमन मुहर्रम तंजीम समिति ने, बुराई पर अच्छाई की जीत का पैगाम देने वाले शहीद-ए-करबला हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद किया। इस अवसर पर अंजुमन मुहर्रम तंजीम समिति द्वारा पवित्र कुरआन पाक की तिलावत कर, दुरूदो फातिहा पढ़कर, हजरत इमाम हुसैन की पाक रुह को सवाब पहुंचाया गया।



**■ ताजियों को जगह-जगह रोककर पढ़ा गया मर्सिया**

विकासनगर में पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में मोहर्रम का यह कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष एम यासीन मिर्जा, सचिव आबिद मिर्जा, सलाहकार अब्दुल वहीद मिर्जा, फईम, अमजद मिर्जा, आसिफ, फय्याज, समीर, फरीद अंसारी, आफताब आलम, जावेद, अब्दुल कादिर, शमशाद उर्फ विक्की, साकू, लियाकत अली आदि मौजूद रहे।

# खत समाल्टा से प्रियंका चौहान बनीं निर्विरोध वीडीसी सदस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सरगर्मी जोरों पर है, लेकिन कुछ गांव और क्षेत्र ऐसे हैं जो उदाहरण पेश कर रहे हैं तथा लो.कतंत्र की सबसे खूबसूरत तस्वीर को सामने ला रहे हैं। ऐसा ही एक प्रेरक उदाहरण कालसी ब्लॉक की क्षेत्र पंचायत सीट समाल्टा का है।



जहां एक ओर एक ग्राम सभा होने के बाद भी प्रधान पद के लिए 3-3 दावेदार चुनाव लड़ रहे हैं, वहीं जौनसार बावर के खत समाल्टा के 11 गांवों ने ग्राम फटेऊ की प्रियंका चौहान को निर्विरोध रूप से कालसी ब्लॉक के लिए वीडीसी सदस्य चुनकर एकता, सौहार्द और सामा.जिक समझदारी की अद्भुत मिशाल पेश की है। प्रियंका चौहान का निर्विरोध चुना जाना न केवल स्थानीय स्तर पर प्रशंसा का विषय है बल्कि आने वाले समय में राज्य के अन्य हिस्सों के लिए भी एक आदर्श है। प्रियंका चौहान एक सुशिक्षित महिला हैं, उन्होंने इतिहास से एमए किया है तथा उनका परिवार लम्बे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहा है, जिसकी वजह से आपसी संवाद, विश्वास और परामर्श की प्रक्रिया ने इस निर्विरोध चुनाव को सम्भव बनाया है। प्रियंका चौहान का कहना है कि खतवासियों द्वारा वीडीसी के लिए निर्विवादित रूप से मुझे चयनित करने के लिए मैं पूरे खतवासियों के जनमानस का आभार प्रकट करती हूँ। उन्होंने कहा कि यह जीत मेरी नहीं, बल्कि खत समाल्टा क्षेत्र की एकजुटता की जीत है। मैं हर गांव की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी तथा विकास के कार्य ईमानदारी और बिना किसी भेदभाव के सम्पन्न करने का पूरा प्रयास करूंगी। नामांकन के समय विशेष रूप से पूर्व ब्लॉक प्रमुख अर्जुन सिंह, पूर्व वीडीसी जगत सिंह तोमर, पूर्व डी.एस.पी. प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान सुनील, ग्राम फटेऊ से राजेन्द्र सिंह, चंदन सिंह, विक्रम सिंह, रविन्द्र सिंह, जवाहर सिंह, कमला चौहान, काजल चौहान, प्रेम सिंह, सबल सिंह, गम्भीर सिंह, रणवीर सिंह, जयपाल चौहान, सुरेन्द्र सिंह, सीताराम, काड़िया, ईच्छला से अजब सिंह, टीकम सिंह आदि उपस्थित थे।

# 118 वर्ष पुरानी गलोगी परियोजना से आज भी बन रही बिजली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी ने रविवार को यूजेवीएन लिमिटेड की ऐतिहा.सिक गलोगी लघु जल विद्युत परियोजना का दौरा किया। वर्ष 1907 में मसूरी के पास स्थापित यह परियोजना 118 वर्षों से विद्युत उत्पादन द्वारा क्षेत्र के विकास में भागीदार रहती आई है और आज भी विद्युत उत्पादन द्वारा अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उल्लेखनीय है कि जब दिल्ली जैसे शहरों में भी बिजली नहीं थी तब गलोगी परियोजना द्वारा मसूरी शहर में विद्युत आपूर्ति द्वारा जगमगाहट देखी जाती थी। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी ने इस अवसर पर उपस्थित यूजेवीएन लिमिटेड के अधिकारियों से धरोहर के रूप में सहेजी गई इस परियोजना के तकनीकी एवं ऐतिहासिक पक्षों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इंग्लैंड और स्वीडन में निर्मित परियोजना की मशीनों की अनुरक्षण और परिचालन प्रणाली का अवलोकन किया। परियोजना से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें परियोजना की निरंतर कार्यशीलता, तकनीकी दक्षता और इसके रख-रखाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## एक नजर .......



### रक्तदान कर करबला के शहीदों को किया याद

**विकासनगर।** कालसी इमामबाड़ा व अंबाड़ी में शिया समुदाए के लोगों ने हजरत इमाम हुसैन को याद किया। यौम-ए-आशूरा पर जुलूस में गम में डूबे शिया समुदाय ;अंबाड़ीद्ध के लोगों ने जंजीर, कमा और छुरी से खुद को लहूलुहान करने और करबला के शहीदों की याद में खून को जमीन पर गिराकर जाया करने के बजाए जरूरतमंदों के लिए आगे आकर रक्तदान किया। मुहर्रम के दिन आईएमए ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में सभी समुदाए के लोगों ने रक्तदान कर करबला के शहीदों को याद किया। मुहर्रम पर करबला के शहीदों की याद में बल्ती समुदाए की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सभी समुदाए के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर सफदर अली, शेर खान, हैदर, मेहंदी, मामू खान, नोखेज मेहंदी, मेहंदी खान, मुख्तार, शब्बार, सुलेमान, याकूब, सुहेल, इकबाल, शकील खान कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### अरजान ने ब्राइट एंजल स्कूल का नाम किया रोशन



**विकासनगर।** ब्राइट एंजल स्कूल जीवनगढ़ विकासनगर के सबसे कम उम्र के छात्र अरजान ने द इंडियन गोल्फ यूनियन द्वारा अम्बाला में आयोजित गोल्फ टूर्नामेंट में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के निदेशक कर्नल कादिर हुसैन, निदेशिका अजरा हुसैन, प्रधानाध्यापिका राणा अलमास ने अरजान फारूक को उनके भविष्य के उज्जवल की कामना की।

## मानसून क्वीन कार्यक्रम का आयोजन आज

**देहरादून ।** मॉनसून सीजन शुरू होते ही जगह जगह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होने लगते हैं।इसी क्रम में लक्ष्मण चौक वैलफेयर सोसाइटी महिला प्रकोष्ठ ने आया सावन झूम के मानसून क्विन कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को राज पैलेस गुरू रोड,लक्ष्मण चौक पर आयोजित होना तय हुआ है। जिसमें ,मुख्य अतिथि भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल की धर्मपत्नी व समाजसेवी क्षमा बंसल होंगी।

# मुख्यमंत्री धामी ने डा. मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** विधानसभा सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर के कैंप कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महान राष्ट्रभक्त डॉ. मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी न केवल भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे, बल्कि वे एक ऐसे दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। उनका 'एक देश, एक विधान, एक प्रधान और एक निशान' का उद्घोष आज भी हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि डॉ. मुखर्जी के सपनों का भारत बनाने हेतु हम निरंतर राष्ट्रसेवा में समर्पित रहें। इस अवसर पर सभी भाजपा कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ पदाधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।



## सहसपुर विधायक ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षाविद् व चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें मुख्यमंत्री आवास में श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शिक्षाविद, चिंतक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी एक कुशल राजनीतिज्ञ, विद्वान और स्पष्टवादी नेता थे। राष्ट्र निर्माण में उनका अमूल्य योगदान अविस्मरणीय है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार हमें सदैव राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

## भाजपाइयों ने डा. मुखर्जी की जयंती धूमधाम से मनाई

**विकासनगर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती एक वेडिंग पॉइंट बरोटीवाला में भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल के पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष, महामंत्री, शक्तिकेंद्र संयोजक जिला पदाधिकारी व ज्येष्ट कार्यकर्ताओं ने बड़ी धूमधाम से मनाई। विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कार्यकर्ता केंद्र एवं राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाएंगे। नीरू देवी प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सोच अंतोदय तक उदय होना चाहिए हर वर्ग का विकास होना चाहिए जिसे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा साकार किया जा रहा है। इस अवसर पर एडवोकेट गुरूमेल सिंह राठौड़, अनुज गुलेरिया ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, मालाराम, खुशीराम, अनिल गुलरिया, राजेश कुमार, तथा सुनील पठानिया प्रदेश कार्यकारी सदस्य, कैप्टन सतीश राणा, ममता डोगरा मंडल मंत्री आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुरोला: भूस्खलन ने मकान को लिया चपेट में, परिवार दहशत में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला/उत्तरकाशी।** जिले की पुरोला तहसील के सर बडियार क्षेत्र के डिंगाडी गांव में भूस्खलन ने के जद में आवासीय भवन आ गया है। डिंगाडी गांव में विरपाल सिंह रावत के मकान भूस्खलन की जद में है। उन्होंने बताया की मकान के सामने हुए भूस्खलन से सुरक्षा दीवार पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है, जबकि पीछे की ओर दरारें उभर आई हैं।

# परवाजे अमन के मुशायरे में रात भर सजी महफिल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** साहित्य, कला और संगीत के जरिये सामाजिक समरसता का संदेश देने वाले 'परवाजे अमन' और 'हिंदी-उर्दू शायरी मंच' की और से नगर निगम टाउन हॉल में बीती रात एक ऑल इंडिया मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। देशभर से आए नामचीन शायरों और कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। रात साढ़े दस बजे शुरू हुआ यह कार्यक्रम सुबह चार बजे तक चला, जिसमें वाह-वाह और तालियों की गूंज थमती नहीं दिखी।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना, मेयर सौरभ थपलियाल, दून इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन सरदार डीएस मान, और तुलाज ग्रुप के चेयरमैन सुनील जैन ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर और शमा रौशन कर किया। इस अवसर पर सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि साहित्य, संगीत और कला किसी भी समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम में विश्वप्रसिद्ध शायर शम्स देवबंदी को श्शायरी आजम अवार्डश से नवाजा गया। इसके अलावा आयोजकों द्वारा सूर्यकांत धस्माना, सुनील जैन, सरदार डीएस मान, मेयर सौरभ थपलियाल, शायरा अंबिका सिंह रूही, मोनिका मंतशा, आकाशवाणी के सनोबर अली खां और एक्ट्रेस इंद्राणी बांधी को भी सम्मानित किया गया।

### शायरी की महफिल में पेश की गई भावनाओं से भरी रचनाएं

शायरों ने अपने कलाम से सबका मन मोह लिया। शम्स देवबंदी की मशहूर गजल ष्ाया फलक पर तो अपनी जमीन को भूल गया...ष पर जमकर तालियां बजीं। मोहन मुंतजिर ने कहा ष्एक लमहे में हूं जैसे एक सदी उलझी हुई...ष, जिसने श्रोताओं के दिल को छू लिया। अंबिका सिंह रूही की नज्म ष्इस दिल से एक हूक सी उठती है...ष ने माहौल को भावुक कर दिया। युवा शायर कमलकांत की पंक्तियां ष्रौनके के बढ़ गई हैं गली कि मेरी...ष सुनते ही श्रोताओं ने दिल खोल कर दाद दी।शाश्वत सिंह दर्पण की नज्म ष्यह दुनिया एक दौजखष है...ष और असीम काकोरवी की शायरी ष्बड़ी सहारा न वर्दी की जरूरत होती है साहब...ष को भी खूब सराहना मिली। अमजद खान अमजद की शायरी ष्जो आस्तीन से मेरी निकल के बैठ गए...ष ने श्रोताओं का दिल जीत लिया। शायरा मोनिका मंतशा की रचना ष्तिरे बगैर यूँ वीरान हो गई हूँ मैं...ष पर पूरा हाल वाह-वाह से गूंज उठा। गजलों, नज्मों और कविताओं की यह महफिल सुबह चार बजे तक चलती रही, जिसमें साहित्य प्रेमियों ने शायरी की हर बारीक नजाकत को भरपूर सराहा।

# कूड़ा बीनने वाली किशोरी की मौत मामले में गंभीरता से हो कार्रवाई : कुसुम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** डोईवाला क्षेत्र के कुड़कावाला में बीते दिवस एक दर्दनाक और रहस्यमय घटना, सुसवा नदी के पास स्थित एक क्रेशर में एक नाबालिग कूड़ा बीनने वाली लड़की ने कथित रूप से फांसी लगाकर मृत्यु के मामले में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने त्वरित संज्ञान लिया है। बीते दिवस मामले की जानकारी मिलते ही अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने डोईवाला एसओ से फोन पर घटना में गंभीरता से कार्रवाई व सभी संदिग्धों को कार्रवाई के घेरे में लेने के निर्देश दिए थे।

रविवार को महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने सुसवा नदी किनारे स्थित क्रेशर पर पहुंचकर जानकारी ली तथा डोईवाला थाने में पहुँची। उन्होंने मामले में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जया बलूनी से फोन पर वार्ता करते हुए मामले के अत्यन्त गंभीर होने पर घटना में कड़ी कार्रवाई के लिए कहा। साथ ही अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने कहा कि किसी भी बच्ची या किशोरी को इस प्रकार से बंधक बनाना भी गंभीर विषय है।

# स्कूटी की चपेट में आकर होटल कर्मी की दर्दनाक मौत

## नैनीताल रोड पर हादसा, स्कूटी सवार बैंक का गार्ड भी घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते शनिवार की रात्रि नैनीताल रोड पर रात एक भयावह सड़क हादसा हुआ, इस सड़क हादसे में होटल कर्मी की मौत हो गई और एक बैंक गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस वक्त हुआ जब होटल कर्मी अपने साथियों के साथ काम खत्म कर घर लौट रहा था और उसे स्कूटी सवार बैंक के गार्ड ने टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार अल्मोड़ा सूरी गांव निवासी (44) खीम सिंह जो शीशमहल स्थित एक होटल में वरिष्ठ कर्मी के रूप में कार्यरत थे। बताया जा रहा कि बीते शनिवार रात करीब 11 बजे वह होटल का काम खत्म करके अपने साथियों के साथ पैदल घर लौट रहे थे। जैसे ही वह होटल से कुछ दूर पहुंचा, एक स्कूटी सवार की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि खीम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और घटनास्थल पर ही बेहोश हो गए। वहीं स्कूटी सवार भी बुरी तरह घायल हो गया। आनन-फानन में लोगों ने दोनों घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से खीम सिंह की हालत नाजुक होने पर सुशीला तिवारी रेफर कर दिया। लेकिन वहां पर खीम सिंह ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि स्कूटी सवार (40) शंकर पाल कॉलेज निवासी घायल है। बताया जा रहा कि स्कूटी सवार व्यक्ति काठगोदाम स्थित नरीमैन स्थित एक बैंक में गार्ड के रूप में काम करता है। इधर काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद खीम सिंह का शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

### बाइक की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**हल्द्वानी।** घर के बाहर टहल रहा अधेड़ बाइक सवार की चपेट में आकर मारा गया। पुलिस के मुताबिद दिलीपनगर गूलरभोज निवासी सुंदर सिंह (46) पुत्र मान सिंह शनिवार की शाम अपने घर के बाहर टहल रहा था। तभी एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हुआ। उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर उसे सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान सुंदर ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### नैनापीक पर लगाए पौधे

**नैनीताल।** नगर की प्रमुख धार्मिक संस्था श्री रामसेवक सभा नैनीताल द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए एक बड़े पैमाने पर रविवार को नगर की सबसे ऊंची चोटी नैना पीक को जाने वाले रोड के वन क्षेत्र में देवदार के 101 पौधे रोपित किए गए। इस पौधरोपण कार्यक्रम में रामसेवक सभा में रामलीला की तालीम में भाग ले रहे बाल कलाकारों के साथ ही रामसेवक सभा के पदाधिकारी द्वारा एक पेड़ मां के नाम से पौधे लगाए गए। श्री रामसेवक सभा नैनीताल सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यो के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी कार्य करता है। कार्यक्रम में रामसेवक सभा के अध्यक्ष मनोज शाह, उपाध्यक्ष अशोक शाह, प्रबंधक विमल चौधरी, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी, कोषाध्यक्ष बिमल साह, प्रबंधक विमल चौधरी, व्यापार मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष कमलेश ढौंडियाल, समेत हरीश सिंह राणा, कैलाश बोरा, मिथिलेश पांडे, हीरा रावत, भुवन बिष्ट, अमर साह, गोधन बिष्ट, आनन्द बिष्ट, देवेंद्र बगड़वाल, युवराज करायत व प्रियांशु आर्या आदि मौजूद थे।

# रामलीला मंचन के लिए तालीम की तैयारियां शुरू



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में सांस्कृतिक परम्परा के क्रम में रामलीला मंचन हेतु तालीम की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। शेर का डांडा सात नंबर क्षेत्र में स्थित नव सांस्कृतिक सत्संग समिति के रामलीला ग्राउंड में आयोजित बैठक में मंगलवार से तालीम शुरू करने का प्रस्ताव पारित किया गया। समिति के अध्यक्ष खुशहाल सिंह रावत ने रामलीला मंचन हेतु समय से तालीम प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखाण् सर्वसमति से निर्णय लिया गया की मंगलवार 8 जुलाई की सायं 7 बजे से सात नंबर स्थित रामलीला ग्राउंड में भव्य सुन्दर काण्ड के साथ विधिवत रूप से रामलीला की तालीम शुरू की जाएगी। समिति के सदस्य पूरन चंद्र पांडे ने तालीम में बाल कलाकारों के उत्साहवर्धन हेतु समस्त सदस्यों से उपस्थित रहने की अपील की। इस हेतु समितियों का गठन कर हार्मोनियम वादन में खुशहाल रावत, हिमत सिंह एवं ललित गिरी गोस्वामी, तबला वादन में पूरन चंद्र पांडे, संतोष पंत एवं गौरव जोशी को दायित्व दिया गया जबकि रामलीला मंचन के निर्देशक मंडल में इंद्र सिंह रावत, दीपक जोशी, वीरेंद्र जोशी, चारु पंत को दायित्व दिया गया। बैठक में अध्यक्ष खुशहाल रावत, सचिव पी सी पांडे, उप सचिव डा. हिमांशु पांडे, कोषाध्यक्ष विनोद सनवाल, सांस्कृतिक सचिव हिमत सिंह, सह कोषाध्यक्ष दीपक जोशी सहित वरिष्ठ सदस्य प्रकाश चंदोला, वीरेंद्र जोशी, राजेश जोशी, इंद्र सिंह रावत, उमेश सनवाल, गणेश लोहनी, ललित गिरी गोस्वामी, चंद्र शेखर जोशी, यूडी जोशी, कमल किशोर बिष्ट तथा भैरव बिष्ट आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# दो लोगों ने फांसी लगाकर जान दी

## नशे की लत में छात्र, कर्जदारों से परेशान था ठेकेदार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते शनिवार की रात्रि मुखानी थानाक्षेत्र के अंतर्गत अलग-अलग जगहों पर एक बीटेक के छात्र व एक ठेकेदार ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार नंबर-9 बचीनगर लामाचौड़ मुखानी निवासी 28 वर्षीय मनीष चौहान पुत्र जगदीश चंद्र बीटेक का छात्र था और यहां अपने माता-पिता के साथ रहता था। बीटेक पासआउट होने के बावजूद उसके पास नौकरी नहीं थी। बेरोजगार होने के कारण वह परेशान रहने लगा और धीरे-धीरे नशे की लत में पड़ गया। बीते शनिवार की रात्रि उसने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते कमरे के अंदर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। काफी देर तक वह जब कमरे से बाहर नहीं आया तो परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो वह फांसी के फंदे से लटका हुआ था। आनन फानन में परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे पीपल पोखरा नंबर एक फतेहपुर मुखानी निवासी 42 वर्षीय मुकेश गोस्वामी उर्फ गोविंद पुत्र आनंद बन गोस्वामी पेशे से बिल्डिंग मटैरियल के कारोबारी थे और जेसीबी ठेकेदार भी थे। वह यहां पत्नी व बच्चे के साथ रहते थे। पुलिस बताया कि मुकेश पर काफी कर्ज था और तगादेदार लगातार उनसे तगादा कर रहे थे। लगातार बढ़ते कर्ज के बोझ से दबे मुकेश ने शनिवार को घर में फांसी लगा ली। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि पहली घटना के पीछे नशा और दूसरे मामले में कर्ज की बात सामने आ रही है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद दोनों शवों को परिजनों को सौंप दिया।

# दलाई लामा का जन्मदिन मनाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के सुखनिवास स्थित बौद्ध मठ में रविवार को 14वें परम पावन आध्यात्मिक गुरूदलाई लामा का 90 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नैनीताल के तिबबती और भोटिया समुदाय के लोगों ने



मठ में पूजा अर्चना कर उनकी लंबी आयु की कामना की। केक काटकर दलाई लामा का जन्मदिन मनाने के सांथ ही कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस दौरान तिबबती समुदाय की महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में नृत्य भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पद्मश्री डा. यशोधर मठपाल और वरिष्ठ पत्रकार राजीव लोचन साह मौजूद रहे। तिबती समुदाय के अध्यक्ष येशी थुप्तेन ने कहा कि गुरूजी के जन्मदिन के अवसर पर तीन दिन तक मठ में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और इस दौरान प्रतिष्ठान भी बंद रहेंगे। बताया कि रविवार दलाई लामा के जन्मदिन के अवसर पर उनकी लम्बी उम्र की कामना की गई और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस दौरान केलसंग छुकि, रिंगजिंग छोजुम, सोनम, तेनजिन छोरूंग, ताशी डोलमा, तेनजिन लाडेन सहित तिबबती और भोटिया समुदाय के लोग मौजूद रहे।

### कोटाबाग में तरुण कुमार बने निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** कोटाबाग त्रिस्तरी पंचायती चुनाव के नाम के अंतिम तिथि के बाद जहां प्रत्याशियों ने



अपने आवेदन जमा किये तो वही कोटाबाग ब्लॉक के ग्राम सभा पतलीया में क्षेत्र पंचायत सदस्य पर निर्विरोध बने। तरुण कुमार पतलिया से निरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य चुने गए उनके अलावा वहां से किसी और ने इस पद के लिए नामांकन नहीं कराया। आज सुबह पतलिया ग्रामवासियों ने ढोल नगाड़ों के साथ तरुण कुमार का स्वागत किया और उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी।

# डा. मुखर्जी को याद किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल मंडल भाजपा ने महान राष्ट्रवादी डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 124वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस मौके पर



विधायक श्रीमती सरिता आर्य तथा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की और अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने डा. मुखर्जी के संघर्ष तथा धारा 370 के विरोध और भारतीय जनसंघ की स्थापना पर प्रकाश डाला गया। उनके श्एक देश में दो प्रधानए दो विधान और दो निशान नहीं चल सकते के नारे को राष्ट्रवाद की पहचान बताया गया। कार्यक्रम में मनोज जोशी सलाहकार मंडी परिषद, आशीष बजाज, विमला अधिकारी, भारत सिंह मेहरा, कमल जोशी, अरविंद पडियार, दयाकिशन पोखरिया, भगवत रावत गजाला कमाल, राहुल नेगी,रोहित जोशी, अतुल पाल, पंकज बर्गली, पंकज भट्ट, विक्रम राठौर, विक्रम रावत, भूपेंद्र बिष्ट और पंकज साह सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधारोपण जरूरी

## लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी द्वारा पर्यावरण और वृक्षारोपण पर सेमिनार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी ने नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के विशाल सभागार में पर्यावरण एवं वृक्षारोपण पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने कहा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण अनिवार्य है, क्योंकि आज जो पौधे लगाए जाएंगे, वे भविष्य में हमारी नई पीढ़ी को आक्सीजन प्रदान करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को सफल बनाने के लिए हमें संकल्प लेकर वृक्षारोपण और संरक्षण में



ईमानदारी से योगदान देना होगा। इस मौके पर क्लब के सचिव मुकेश गुप्ता, निशुल अग्रवाल और कोषाध्यक्ष डा. अनुज अग्रवाल ने भी पर्यावरण एवं वृक्षारोपण के महत्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में अंक कार्ड प्रतियोगिता और लकी ड्रा का आयोजन किया गया। जिसमें विजय श्रीवास्तव, प्रो. सौरभ अग्रवाल, संजय गर्ग, राजीव श्रीवास्तव, मुकेश गुप्ता विजयी रहे। इसके अलावा र्यावरण एवं वृक्षारोपण के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी के अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी द्वारा 5 लायंस दंपतियों को लायंस प्रेसिडेंट पर्यावरण अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डा. प्रमोद, डा. अनुज, निशुल अग्रवाल, राखी अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, मधुकर श्रुतिया, विजय श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, प्रदीप गुप्ता, पवन गुप्ता, सिद्धार्थ, समृद्धि, अनिता, स्नेहा, अक्षत, संगीता, यश, अमित, मुकेश अग्रवाल, राकेश वर्मा, अंशील वर्मा, आशीष जैन, विजय शर्मा, संजय गर्ग, अजय कृष्ण गोयल आदि मौजूद रहे।

### वायरल वीडियो पर पुलिस का एक्शन

**नैनीताल।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें ज्योलिकोट के पास हरियाणा नंबर की गाड़ी में सवार एक परिवार के कुछ लोग तेज रफ्तार वाहन की सनरूफ और खिड़कियों से बाहर निकलकर फोटोग्राफी करते दिखाई दे रहा थे। जिससे आमजनता पर नकारात्मक संदेश प्रवाहित हो रहा था। नैनीताल पुलिस द्वारा वाहन की पहचान कर वाहन चालक के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा परिजनों की काउंसलिंग करते हुए उनसे भविष्य में ऐसे कृत्य न करने की सखत चेतावनी दी गई। वाहन चालक व परिजन ने अपनी गलती स्वीकारते हुए माफी मांगी और दोबारा ऐसा न करने का आश्वासन दिया।

# जलभराव से निपटने के लिए सफाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मानसून सीजन में होने वाली भारी बारिश के मद्देनजर नगर निगम ने जलभराव वाले क्षेत्रों में पानी निकासी की व्यवस्था को सुधारने के लिए कदम उठाना शुरू कर दिया है। रविवार को नगर आयुक्त ऋचा सिंह के नेतृत्व में नगर निगम और एडीबी की टीम ने गौजाजाली वार्ड-60 में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया।



नगर आयुक्त ऋचा सिंह के निर्देशन में नगर निगम की टीम ने वार्ड 60 में स्थित जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा किया और वहां की समस्याओं का मौके पर आकलन किया। इस दौरान अधिकारियों ने गूल की सफाई को प्राथमिकता देते हुए उसे जल्द से जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके अलावा एडीबी द्वारा किए जा रहे कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं, ताकि जल निकासी की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की रुकावट न हो। वार्ड-60 में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए एक विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया है, जिसके तहत गूल को खोलने और उसमें फंसे मलबे को निकालने का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### जेसीबी से हटवाया सड़क का मलबा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** देवीधूरा बसानी मार्ग में गिरे मलबे की शिकायत के बाद विभाग हरकत में आ गया है। विभाग ने जेसीबी लगाकर सड़क से मलबा हटाना शुरू कर दिया है। बता दें कि बरसात के चलते देवीधूरा बसानी मार्ग पर कई जगह मलबा गिरने से कीचड़ जमा हो गया। जिसके चलते स्कूली बच्चों समेत ग्रमीणों को पैदल चलने व वाहन चलाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों की शिकायत पर आखिरकार पीएमजीएसवाई ने सड़क से कीचड़ व मलबे की सफाई कर दी है। पीएमजिएसवाई के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि सड़क में जेसीबी लगवा दी गई है। जल्द ही सड़क से मलबा व कीचड़ हटा दिया जाएगा।

# डा. विनय खुल्लर आर्य समाज के प्रधान अध्यक्ष बने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आर्य समाज हल्द्वानी की कार्यकारिणी का गठन करते हुए डा. विनय खुल्लर आर्य समाज हल्द्वानी के प्रधान अध्यक्ष और डा.विनय विद्यालंकार मंत्री चुने गए। वहीं दो पदों प्रधान एवं महिला उपप्रधान पर मतदान भी



हुआ तथा शेष सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। चुनाव अधिकारी राजकुमार राजोरिया और संतोष कुमार भट्ट की देखरेख में संपन्न हुए चुनाव में डा. विनय खुल्लर प्रधान अध्यक्ष, हरीश चंद्र पंत वरिष्ठ उपप्रधान, अरविन्द मलिक उपप्रधान, ढालकुमारी शर्मा महिला उपप्रधान, डा.विनय विद्यालंकार मंत्री, यमुनादत्त बेलवाल उपमंत्री, विनोद कुमार आर्य कोषाध्यक्ष, अनुजकान्त खाडेलवाल लेखा निरीक्षक, कृष्णा आर्य पुस्तकालय अध्यक्ष और कृष्णकांत व रविकान्त माहेश्वरी अंतरंग सदस्य चुने गए। नवनियुक्त प्रधान डा. विनय खुल्लर ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि अब आर्य समाज के कार्यो में तीव्र प्रगति तथा जुलाई में होने वाले वेद प्रचार कार्यक्रम को सफल करने में सभी मिल के प्रयास करेंगे।

# सिटी बस सेवा 21 जुलाई से

**हल्द्वानी।** शहरवासियों के लिए बहुप्रतीक्षित सिटी बस सेवा 21 जुलाई से शुरू होने जा रही है। परिवहन विभाग के अनुसार, यह सेवा हल्द्वानी के छह प्रमुख रूटों रानीबाग, मुखानी, टीपीनगर, लामाचौड़, कालाढूंगी और काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर संचालित की जाएगी। आरटीओ प्रशासन सुनील शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना को 18 मार्च को काठगोदाम सर्किट हाउस में हुई क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) की बैठक में मंजूरी दी गई थी। बैठक की अध्यक्षता आयुक्त एवं मुख्यमंत्री सचिव दीपक रावत ने की थी। प्रारंभ में योजना के अंतर्गत केवल नई बसों को परमिट देने की



शर्त थी, लेकिन आवेदकों की कम संख्या को देखते हुए इसमें शिथिलता दी गई है। अब तकनीकी जांच के उपरांत पुरानी बसों को भी परमिट जारी किए जाएंगे। हर रूट पर चलने वाली बसों की पहचान अलग-अलग रंग की पट्टियों ग्रीन लाइन, ब्लू लाइन और येलो लाइन से होगी, जिससे यात्रियों को रूट की पहचान करने में आसानी होगी। बस सेवा का समय गर्मियों में सुबह 6:30 बजे से रात 8 बजे तक और सर्दियों में सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक रहेगा। मांग के अनुसार भविष्य में सेवा की समय-सारणी में संशोधन किया जा सकता है। किराया आरटीए द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार ही लिया जाएगा। आरटीओ ने यह भी स्पष्ट किया कि सिटी बस सेवा के सुचारु संचालन के लिए ई-रिक्शा के संचालन को नियंत्रित किया जाएगा। ई-रिक्शा को रूट और समय के अनुसार समायोजित किया जाएगा ताकि वे सिटी बस सेवा में बाधा न बनें। इसके अलावा, हाईवे पर किसी भी स्थिति में ई-रिक्शा चलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# स्वस्थ जीवन का संदेश दिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साथी संगठन द्वारा रविवार को हल्द्वानी के हृदय स्थल डीके पार्क




में साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहरवासियों को स्वस्थ और आरोग्यपूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। डीके पार्क, जो हल्द्वानी के प्रथम नगर पालिका अध्यक्ष दया किशन पाण्डेय के नाम पर स्थापित है, में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने व्यायाम, एक्सरसाइज और डांस के विभिन्न प्रदर्शनों से शहरवासियों को शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व का संदेश दिया। विभिन्न मुद्राओं में व्यायाम करते हुए, उन्होंने स्वस्थ और हष्ट-पुष्ट जीवन जीने के महत्व को उजागर किया। इस दौरान संस्थापक अध्यक्ष आनन्द सिंह ठठोला, सचिव आनन्द सिंह रावत, प्रचार मंत्री राजेंद्र सिंह बोरा, कोषाध्यक्ष जेएस खोलिया, सह कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बिष्ट, मोहन सिंह महरा, विरेन्द्र सिंह भाकुनी, शंकर दत्त तिवारी, भीम सिंह वैद्य आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** पुलिस ने नशे के विरुद्ध अभियान चलाते हुए एक व्यक्ति को कच्ची शराब के 22 पाउच के साथ गिरफ्तार किया है। यह अभियान एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन एवं कालाढूंगी प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह मेहता के नेतृत्व में लगातार चलाया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक विजय मेहता ने बताया चैकिंग के दौरान कुआंडाठ से छोटी हल्द्वानी जाने वाले मार्ग पर कोयला भट्टी के पास से रेशम सिंह पुत्र रतन सिंह निवासी गुलजारपुर कालाढूंगी के पास 22 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई है। जिसपर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक तनवीर आलम, कांस्टेबल, गगन भण्डारी, किशन नाथ, सीपी हीरा राम आदि उपस्थित रहे।

# आम हड़ताल को समर्थन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देश की केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और विभिन्न जन संगठनों ने 9 जुलाई 2025 को होने वाली अखिल भारतीय आम हड़ताल का समर्थन किया है। इस हड़ताल के तहत हल्द्वानी के बुधपार्क में सुबह 10 बजे से संयुक्त प्रदर्शन और जनसभा का आयोजन किया जाएगा। ऐक्टू, बीमा कर्मचारी संघ, उत्तराखण्ड बैंक इंप्लॉइज यूनियन, आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन, प्रगतिशील भोजनमाता संगठन, किसान महासभा समेत कई अन्य संगठनों ने यह आह्वान किया है। संयुक्त बयान में कहा गया कि इस हड़ताल के जरिए सरकार से मांग की जाएगी कि वह मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं को वापस ले, सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण रोके, महंगाई और बेरोज़गारी को नियंत्रित करे, और किसानों की समस्याओं का समाधान करे। इसके अलावा, मनरेगा और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में कटौती पर भी विरोध जताया जाएगा। संयुक्त बयान जारी करने वालों में ऐक्टू के राष्ट्रीय सचिव व उत्तराखण्ड प्रदेश महामंत्री केके बोरा, बीमा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महासचिव डीके पांडे, उत्तराखण्ड बैंक इंप्लॉइज यूनियन के जिला सचिव योगेश पंत, उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की हल्द्वानी ब्लॉक अध्यक्ष रिंकी जोशी, प्रगतिशील भोजनमाता संगठन की महासचिव रजनी जोशी, किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी, भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय, ऐक्टू जिलाध्यक्ष जोगेंद्र लाल, सनसेरा श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष दीपक कांडपाल, बीएसएनएल ठेका मजदूर यूनियन के प्रांतीय उपसचिव ललतेश प्रसाद, ऐक्टू नगर सचिव मनोज सिंह आर्य, विद्युत कर्मचारी एकता मंच के प्रांत संयोजक मनोज पंत आदि शामिल हैं।

**। कार्यालय-कांवड मेला समिति/नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती-ढालवाला।**

पत्रांक: मेमो / कांवड मेला पार्किंग निविदा/2025-26 दिनांक- 05.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि कांवड मेला समिति मुनिकीरेती द्वारा नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती-ढालवाला क्षेत्रान्तर्गत कांवड मेला 2025 हेतु पूर्णानन्द पार्किंग (खेल मैदान) एवं जिला विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित खाराश्रोत पार्किंग में दुपहिया वाहन, छोटे एवं बड़े वाहनो की अस्थाई पार्किंगो के संचालन हेतु दिनांक 10.07.2025 को समय 02:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो कि उसी दिन सायं 04:00 बजे कांवड मेला समिति के निविदादाताओ या उनके प्रतिनिधियो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र का विक्रय दिनांक 09.07.2025 को सायं 04:00 बजे तक नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती-ढालवाला के कार्यालय से पार्किंग निविदा की शर्तो सहित निर्धारित निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी0 सहित जमा कर प्राप्त किये जा सकते है, निविदा प्रपत्र के साथ निम्नवत जमानत की धनराशि की एफ0डी0आर0 / सी0डी0आर0/राष्ट्रीय बचत पत्र सचिव कांवड मेला समिति मुनिकीरेती टिहरी गढ़वाल के नाम से बन्धक कर मूल रूप से संलग्न करना अनविार्य है। किसी भी एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति में निहित होगा, इस पर किसी को अपत्ति करने का अधिकार नहीं होगा।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | अवधि | निर्धारित बोली | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | पार्किंग किये जाने वाले वाहन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पूर्णानन्द पार्किंग (खेल मैदान) | दिनांक 11.07.2025 से कांवड मेला अवधि तक | 2,00,000.00 | 30,000.00 | 500.00 +18% जी0एस0टी0 | छोटे एवं बड़े वाहन |
| 2. | खाराश्रोत पार्किंग (जिला विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित) | दिनांक 11.07.2025 से कांवड मेला अवधि तक | 1,00,000.00 | 20,000.00 | 500.00 +18% जी0एस0टी0 | छोटे एवं बड़े वाहन |

**शर्ते-**
1- किसी भी प्रकार की क्षति/हानि के लिये सम्बन्धित ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी।
2- संपादित किये जाने वाले कार्य के सम्बन्ध में सक्षम अधिकारी के दिशा निर्देशानुसार कार्य करना होगा।

**(अंकिता जोशी)**
सचिव
कांवड मेला समिति, मुनिकीरेती

**(आशीष चन्द घिल्डियाल)**
अध्यक्ष
कांवड मेला समिति, मुनिकीरेती

# मोहर्रम पर शहर व देहात में निकाले गए शानदार ताजिये

## हजरत इमाम हुसैन की याद में कलियर में निकाले ताजिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** मुहर्रम की दस तारीख को हजरत इमाम हुसैन की याद में कलियर में आलीशान ताजिए निकाले गए। इस दौरान मजलिशो का दौर चलता रहा।साथ ही जगह जगह छबील लगाकर शर्बत और लंगर बांटा गया।

पिरान कलियर दरगाह साबिर पाक में हुसैनिया ताजिया कमेटी की और से पीतल और स्टील का ताजिया निकाला गया। फव्वारा चौक पर साबरी अल हुसैन कमेटी की और से लकड़ी का खूबसूरत ताजिया निकाला गया। जिस पर खूबसूरत नक्कासी की गई। वहीं दरगाह अब्दाल साहब में पीतल का खूबसूरत ताजिया निकाला गया इसके अलावा ईमाम साहब, नई बस्ती,महमूदपुर समेत अन्य जगहों से भी ताजिये निकाले गए।शनिवार की रात और रविवार को कलियर क्षेत्र में मजलिसों में जिक्रे हजरत इमाम हुसैन का दौर चलता रहा। इस दौरान उलेमाओ ने रातभर जिक्रे हजरत इमाम हुसैन किया जिसको अकीदतमंद लोग बड़ी अकीदत मुहब्बत के साथ सुनते रहे।अकीदतमन्दों ने बड़े जोश और जज्बे के साथ जगह जगह सबील लगा कर हजरत इमाम हुसैन की याद में सरबत और लंगर बांटा।



उसके बाद कुल शरीफ पढ़ा गया। कुल शरीफ में अकीदतमंदों ने देश की अखंडता एकता भाईचारा व देश में अमनो अमान की दुआ की।शाह यावर अली ऐजाज साबरी, सफीक साबरी, जावेद साबरी असलम साबरी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी मुहर्रम के अवसर पर उनकी कमेटियों ने ओर अन्य जगहों पर ताजिए निकाले गए हैं। एसएचओ रविंद्र सिंह ने बताया कि कलियर क्षेत्र में मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया हैं। इस मौके पर सुहैल मियां, शाह गाजी ,सूफी राशिद साबरी, अनवार साबिर,असद साबरी, सूफी इसरार साबरी,परवेज मलिक,इस्तिकार अली,शाहरुख साबरी, सरवर साबरी,सईद कुरैशी,आरिफ साबरी,वारिस अली,तसलीम साबरी,अकरम साबरी आदि अकीदतमंद मौजूद रहें।

## बसेड़ी में अखाड़ों का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** बसेड़ी खादर में मोहर्रम के अवसर पर परंपरागत अखाड़ों का आयोजन पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कमेटी की ओर से मोहर्रम की के दिन पर भव्य अखाड़ा समारोह आयोजित हुआ, जिसका फीता काटकर गांव के वरिष्ठ व्यक्तियों ने शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि व्यक्तियों ने कहा कि मोहर्रम आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक पर्व है, जिसे सभी समुदायों के लोग मिलजुलकर मनाते हैं। वहीं, बसेड़ी खादर के मुख्य व्यक्तियों ने मोहर्रम की बधाई देते हुए कहा कि अखाड़े हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा हैं, जिन्हें नई



पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। अखाड़ा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, युवा और बच्चे मौजूद रहे। युवाओं ने अपने करतब व अन्य पारंपरिक खेलों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय नागरिकों और पुलिस प्रशासन का भी भरपूर सहयोग रहा।

## छात्रों ने सैदपुरा में किया वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** हरिद्वार। ग्राम सैदपुरा मे एमके चिल्ड्रन एस अकैडमी स्कूल के सौजन्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर उपस्थित ग्राम वासियों ने शपथ ग्रहण लेकर पर्यावरण की रक्षा हेतु संकल्प लिया। इस अवसर पर एमक ेचिल्ड्रन एस एकेडमी स्कूल के प्रधानाचार्य अजय कालरा ने वर्तमान समय में पर्यावरण की स्थिति पर अपनी चिंता व्यक्त की और उन्होंने कहा कि अगर हमें पर्यावरण संतुलन को रोकना है तो हमें वृक्ष लगाने होंगे। इस अवसर पर अजीत कलरा , अब्दुल रहमान, आरव, सुनीता, अर्णव, परी एवं आलोक द्विवेदी आदि पर्यावरण प्रेमियों ने उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया।

### मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन के शहीद दिवस पर

## मातमी जुलूस व नोहाखानी के जरिये दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन के शहीद दिवस के अवसर पर नगर में पूर्व की भाँति मातमी जुलूस तथा नोहा खानी के माध्यम से उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिया समुदाय का मातमी जुलूस इमली रोड इमामबाड़े से होता हुआ करबला पहुंचा जहां ताजिए को दफन किया गया! इस अवसर पर विभिन्न अखाड़ों के माध्यम से भी इमाम हुसैन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष राज्य मंत्री स्तर मुफ्ती समून कासमी ने कहा की इमाम हुसैन की शहादत इंसानियत और सच्चाई पर चलने वालों के लिए मार्गदर्शन का कार्य



करती है। उन्होंने कहा की अपने वतन से मोहब्बत तथा मानवता की रक्षा को हजरत इमाम हुसैन ने अपना आदर्श मानकर अपने कुर्बानी दी, जिसको 14 सौ साल बाद भी आज याद किया जा रहा है। शायन अफजल मंगलोरी ने कहा की मोहर्रम का जुलूस हो या कावड़ यात्रा हो इन अवसरों पर रुड़की के हिंदू मुस्लिम भाई आपस में मिलकर एक दूसरे के साथ सद्भाव और सहयोग का वातावरण बनाते हैं। हाजी अकरम प्रोफेसर सोहराब अली,सैयद नफीसु ल हसन मोहसिन अल्वी, तनवीर कुरेशी, इमरान देशभक्त, शिवम शास्त्री, विकास वशिष्ठ आदि ने मुख्य अतिथि राज्य मंत्री मुफ्ती शमुन कासमी का अभिनंदन किया। मोहम्मद मोहम्मद आलम, उस्ताद मोहम्मद राशिद, मोहम्मद इरशाद, उस्ताद,मोहम्मद इमरान खलीफा, मोहम्मद रिजवान खलीफा, मोहम्मद नईम खलीफा, मोहम्मद शहजेब, खलीफा मोहम्मद आफताब, खलीफा मोहम्मद शाहरुख,खलीफा खलीफा मोहम्मद शादाब, इस अवसर पर पुलिस व प्रशासन की व्यवस्था रही।

## ग्रामीणों ने किया कंपनी प्लांट के विस्तारीकरण के विरोध में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपु।** सन्नी सैनी प्रधान मंडावर थाना भगवानपुर के नेतृत्व में क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा हसनपुर-मदनपुर रोड मंडावर स्थित एम0सी0सी0 (जैविक चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण) कंपनी प्लाट का विस्तारीकरण के विरोध में कंपनी के बाहर गेट पर ध रना-प्रदर्शन आयोजित किया गया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय लोगों का कथन है कि उपरोक्त कंपनी की स्थापना वर्ष 2004 में स्थापित हुई थी, तब इस क्षेत्र में आबादी बहुत कम थी परंतु ध ीरे-धीरे आबादी में वृद्धि हो रही है तथा कंपनी से उड़ने वाले काली राख , धुआं एवं अत्यंत दुर्गंध के कारण क्षेत्र के लोगों को सांस लेने में समस्या हो रही है तथा कैंसर जैसी बीमारी के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उपरोक्त मामले में पूर्व में भी क्षेत्रीय लोगों द्वारा कंपनी प्रबंधन से वार्ता/ पर्यावरण मंत्रालय एवं उच्चधिकारियों को समय-समय पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया है लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

इस मौके पर डॉक्टर मधु सिंह जिला अध्यक्ष भाजपा रुड़की धरना स्थल पहुंचकर धरने पर बैठे ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी गई तथा आश्वासन दिया गया कि वह इस संबंध में स्वयं देहरादून जाकर माननीय मुख्यमंत्री से वार्ता करेंगे तथा डब्ब (जैविक चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण) कंपनी का प्लांट अन्यत्र शिफ्ट कराया जाएगा। जिलाध्यक्ष के आश्वासन पर ग्रामीणों ने अपना धरना समाप्त किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्यामवीर सैनी -राज्य मंत्री, भूपेंद्र सैनी मंडल अध्यक्ष डाडा पट्टी भाजपा, विराट गोयल मंडल अध्यक्ष भगवानपुर भाजपा, संदीप रघुवंशी मंडल अध्यक्ष चुड़ियाला भाजपा, नीटू सैनी - जिला महामंत्री भाजयूमो अर्जुन मुखिया आदि द्वारा भाग लिया जा रहा है।

## दरियापुर में दो पक्षों में संघर्ष 11 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के दरियापुर में हुए दो पक्षों के विवाद के मामले में एक पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार पुलिस 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिरान कलियर थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में शुक्रवार शाम को गाली गलौच को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। दोनों पक्षों में हुई मारपीट में पांच लोग घायल हो गए थे।पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेज दिया था। मामला दो समुदायों जुड़ा होने के कारण गांव में पुलिसबल तैनात किया गया था। वहीं एक पक्ष अनिल सैनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि शुक्रवार को करीब सात बजे शेखर अपने खेत पर बैठा हुआ था।वह किसी से फोन पर बाते कर रहा था। किसी के साथ गाली गलौच हो रही थी।उधर से रहमान आ रहा था।उसने सोचा कि शेखर उसे गाली दे रहा है। उसने शेखर से साथ मारपीट कर दी। बीच बचाव के बाद रहमान ने अपने साथियों के साथ दोबारा से लाठी डंडे ओर धारदार हथियार लेकर आए उसके बाद मारपीट कर दी। जिसमें शेखर ,विकास , रोहित और एक महिला घायल हो गई थी।पुलिस ने एक युवक रहमान का शांतिभंग में चालान कर दिया था। वहीं उक्त मामले को लेकर अनिल ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रहमान,राशिद, छोटू, सोएब,समीर, साबाज,साजिद ,वाजिद, हुसैन उर्फ गट्टी, अजीम ,राकिब निवासीगण दरियापुर के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खेत में मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र की नई बस्ती सेठपुर व सलेमपुर बक्काल के बराबर में एक महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया है जानकारी पर सूत्रों के द्वारा बताया गया कि एक महिला पीपली की रहने वाली लक्सर नगर पालिका क्षेत्र शिवपुरी में रह रही थी सूत्र द्वारा उसके किसी पर पैसे भी बताये जा रहे हैं कल करीब 12:00 बजे से महिला घर से जिस पर उसका कर्ज था उसकी मोटरसाइकिल पर बैठकर आई थी नई बस्ती में व उसके मकान या किसी और के मकान पर रुकी न जाने किस तरह से उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई जिसमें किसी व्यक्ति के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई सारी रात पुलिस ने मेहनत कर उस महिला के शव को बरामद कर उसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए रुड़की भेज दिया है अभी उस महिला के मरने की सही जानकारी नहीं मिल पा रही है क्योंकि आज पुलिस फोर्स मोहर्रम की देखरेख में सभी गांव में लगी हुई है पुलिस इस मामले की जांच में बारीकी से जुट गई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा की महिला को किसने मारा है और क्यों मारा गया है।

### भगवानपुर संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर प्रांगण में

## सुबोध राकेश के जन्मदिन पर लगाया नेत्र व रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** आज भगवानपुर नगर पंचायत स्थित संत शिरोमणि रविदास मंदिर में जगत बंधु सेवा ट्रस्ट के माध्यम से पूर्व राज्य मंत्री सुबोध राकेश के जन्मदिन की अवसर पर सुबोध राकेश के साथ सैकड़ो लोगों ने रक्तदान किया। और सैकड़ो लोगों ने अपने नेत्र जांच कराई सभी समर्थकों ने उनको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। भगवानपुर विध ानसभा के लोकप्रिय नेता सुबोध राकेश ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम करने एवं गरीब लाचार व्यक्ति की मददत करने से मन को संतुष्टी मिलती है ओर हम इस प्रकार के कार्यक्रम करते रहते है ओर सभी नेताओ को इस प्रकार



के कार्यक्रम के माध्यम से जनता सेवा करनी चाहिए ।इस अवसर पर सुमित प्रजापति, सौरभ प्रजापति, राहुल अरोड़ा, मयंक कुमार, दीवाकर चौधरी, अनाम नाज, प्रियका, विकास, नितिन प्रधान, अंकित त्यागी,शेर सिंह,जॉनी प्रधान, नीटू मांगेराम,ओम कुमार प्रजापति, रोहित कुमार,रजनीश वर्मा, भगवानपुर विधान सभा वासियों ओर सभी ग्रामीण मौजूद रहे।

## डेबिट कार्ड ब्लॉक होने का झांसा देकर पूर्व सैन्यकर्मी से 33 हजार ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी** डेबिट कार्ड ब्लॉक होने का झांसा देकर ठगों ने शुक्रवार को ढंढेरा निवासी पूर्व सैन्यकर्मी राजकुमार से 33 हजार रुपये ठग लिए। शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के ढंढेरा निवासी सेवानिवृत सैन्यकर्मी रामकुमार ने शिकायत की थी। इसमें बताया कि उनका ढंडेरा स्थित एक बैंक में खाता है। शुक्रवार को उन्हें एक फोन आया। उसने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया और डेबिट कार्ड की अवधि समाप्त होने का झांसा दिया। आरोपी ने डेबिट कार्ड का नवीनीकरण कराने की बात की और घर बैठे इसकी प्रक्रिया करने का झांसा दिया। झांसे में आकर पीड़ित ने नवीनीकरण के लिए आरोपी की ओर से भेजे गए एक लिंक को औपचारिकता पूरी करने के खोला तो उनके खाते से 33 हजार रुपये कट गए।

### हाईवे पर हुई घटना के मामले में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर

## दो नामजद समेत आठ कांवड़ियों के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली हरिद्वार हाईवे पर हुई घटना के मामले में पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर दो नामजद समेत आठ कांवड़ियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले में अग्रिम कारवाई शुरू कर दी है। शनिवार की शाम मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली हाइवे पर कांवड़ियों और राहगीरों के बीच विवाद हो गया था पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कर कोतवाली से वापस भेज दिया था। वहीं अकबरपुर ढाडेकी निवासी नाजिम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि वह अपनी कार से परिवार की कुछ महिलाओं एवं रिश्तेदार के साथ अकबरपुर झोझा गए थे वहां से वापस अपने घर आ रहे थे जैसे ही उन्होंने हुन्डई शौरूम के सामने से पीरपुरा रोड की तरफ गाड़ी मोड़ी तो वहां पर कार सवार कांवड़ियों ने उन्हें रोककर गाली गलौच करते हुए उन्हें ओवरटेक करने पर नाराजगी जताई। आरोप है कि कांवड़ियों ने उनकी कार को तोडना-फोडना शुरू कर दिया और उन्हें कार से बाहर कर उनकी औरतो के साथ भी मारपीट की। जिनमें दो के नाम सागर पुत्र जयवीर निवासी गांव दोघट थाना दोघट, शिवम त्यागी पुत्र रघुनाथ त्यागी निवासी कैनी थाना खरखोंदा जिला मेरठ हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद समेत आठ व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा कर लिया है।

### अवैध खनन के खिलाफ जिलाधिकारी का सख्त एक्शन

## पोकलैंड, डम्पर, जेसीबी सहित कई वाहन किए सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** सरकार को राजस्व की हानि पहुँचाने वालों के विरूद्ध जिलाधिकारी मयूर दीक्षित सख्ती से कार्यवाही कर रहे हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने विभिन्न माध्यम से प्राप्त सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला खान अधिकारी को विभागीय दल के साथ छापेमारी के निर्देश दिए। टीम द्वारा गत दिवस देर रात्रि भोगपुर क्षेत्र में छापेमारी की गई। खनन विभाग द्वारा की गई छापेमारी से अवैध खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान अवैध खनन में संलिप्त वाहनों एक पोकलैंड, एक जेसीबी, 10 टायर वाले दो बड़े डंपर तथा 2 ट्रैक्टर ट्राली को मौके पर ही सीज किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन एवम् भंडारण के विरुद्ध चल रही कार्यवाही जारी रहेगी और सरकार को राजस्व हानि पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही की जाएगी।

### रुड़की में हुसैन सबके हैं थीम पर दस दिवसीय लंगर का समापन

## हजारो लोगों को परोसे गए मटर पनीर, चावल व बादाम शेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद स.अ.व. के नवासे हजरत इमाम हुसैन अ.स. और उनके 72 साथियों की शहादत की याद में मुहर्रम उल हराम के मौके पर अंजुमन गुलामाने मुस्तफा सोसाइटी (रुड़की चैप्टर) द्वारा 10 दिवसीय नूरानी लंगर का आयोजन किया गया। यह लंगर 1 मुहर्रम से लेकर 10 मुहर्रम (रोज-ए-आशूरा) तक चला, जिसका समापन रविवार को भावभीने माहौल में मटर पनीर, चावल और ठंडे बादाम शेक के वितरण के साथ हुआ। लंगर की थीम 'हुसैन सबके हैं' रखी गई, जो इस बात को दर्शाती है कि इमाम हुसैन अ.स. की कुर्बानी किसी एक मजहब की नहीं, बल्कि तमाम इंसानियत के लिए थी।

10 मुहर्रम 61 हिजरी (680 ईस्वी) को कर्बला में जब हजरत इमाम हुसैन अ.स. ने यजीद की बैत को ठुकराया, तो उन्हें उनके परिवार और साथियों सहित शहीद कर दिया गया। इस ऐतिहासिक त्रासदी में शहीद होने वालों में उनके भाई हजरत अब्बास, जवान बेटा अली अकबर, भतीजा कासिम, और छह महीने का मासूम बेटा अली असगर भी शामिल थे। शहादत से पहले इमाम हुसैन अ.स. और उनके खेमे को तीन दिन तक प्यासा रखा गया, लेकिन उन्होंने अन्याय के आगे सर झुकाने से इंकार कर दिया। यही वजह है कि आज भी कहा जाता है। इस्लाम जिंदा होता है, हर कर्बला के बाद। संस्था के सचिव कुंवर शाहिद ने जानकारी दी कि यह लंगर रामपुर रोड (उमर एन्क्लेव



के बाहर) पर लगाया गया, जहाँ हर दिन अलग-अलग शुद्ध शाकाहारी व्यंजन परोसे गए। प्रमुख व्यंजनों में शामिल थे:, दाल मखनी, छोले, राजमा, आलू टमाटर, मटर पनीर, और 10वें दिन विशेष रूप से ठंडा बादाम शेक। रोजाना सैकड़ों लोगों ने इस लंगर का लाभ उठाया। आशूरा के दिन यह संख्या बढ़कर 2000 से अधिक पहुंच गई। आयोजन पूरी तरह सार्वजनिक था, जिसमें हर धर्म, वर्ग और जाति के लोग सम्मिलित हुए। सोसाइटी के अध्यक्ष शाहिद नूर ने बताया कि लंगर के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश की गई कि इमाम हुसैन अ.स. का पैगाम आज भी जिंदा है ख्र और वह हर उस इंसान के लिए है जो जुल्म के खिलाफ खड़ा होना चाहता है। उन्होंने कहा, "कर्बला एक तारीख नहीं, बल्कि ऐसा सबक है जो हर दौर में इंसाफ और इंसानियत की मिसाल बन जाता है। जब-जब जुल्म बढ़ेगा, हुसैनी किरदार उससे लड़ने की हिम्मत देगा।" कार्यक्रम संयोजक आसिफ अली उर्फ हैदर ने कहा कि मुहर्रम केवल मातम का महीना नहीं, बल्कि वफादारी, सब्र और हक की गवाही का महीना है। "लोग रोजा रखते हैं, शबीले लगाते हैं, और लंगर बांटकर यह जताते हैं कि इमाम हुसैन की मोहब्बत आज भी दिलों में जिंदा है।" इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में समाज के विभिन्न तबकों से जुड़े लोगों की भागीदारी रही सेवा में सक्रिय नाम रहे: नसीम अहमद टायर वाले, काकू साबरी, सलमान, फरजान, दानिश, साकिब शहजाद, आदिल गौर, अकिल गौर, गौरव बंसल, रामपाल सिंह, परवेज आलम, मुनव्वर अली, रेहमान खान, सुहैल खान...और दर्जनों अन्य स्थानीय सेवाभावी। इस 10 दिवसीय आयोजन ने यह साबित किया कि हुसैनी लंगर महज एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सांप्रदायिक सौहार्द, सामाजिक सेवा और जन-जुड़ाव का जरिया भी बन सकता है। कई राहगीर, स्थानीय दुकानदार और आस-पास के लोग हर दिन वहां पहुंचते रहे और स्वयंसेवकों ने पूरे समर्पण के साथ सेवा की।

## लोन के नाम पर एक लाख की धोखाधड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी** लोन के नाम पर माहिग्रान निवासी आबिद से एक लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। आरोप है कि वह लोन कराने गए तो उन्हें मना कर दिया गया। इसके बाद उन्हें अब लोन का नोटिस मिला है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के माहिग्रान निवासी आबिद ने न्यायालय में पत्र दिया। उसमें बताया कि कुछ समय पहले उसे और उसके भाई आजम को पैसे चाहिए थे। वे पुराना रेलवे रोड स्थित दुर्गा इंटरप्राइजेज पर विजय नाम के एक व्यक्ति के पास गए। उसे बताया गया कि विजय लोन कराता है लेकिन विजय ने कागजात देखने के बाद उसके नाम पर लोन न होने की बात कही। इसके बाद पीड़ित अपने भाई आजम को लेकर गया। वहां आजम के दस्तावेज पर अंगूठे लगवाकर कागजात जमा कराए। बताया कि लोन की प्रकिया के दौरान अभिषेक सिंघल भी था। उसने खुद को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का कर्मचारी बताया। इस प्रक्रिया के बाद लोन होने से मना कर दिया गया।

# लोजपा संस्थापक स्व. रामविलास पासवान का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

## भारतीय राजनीति में स्वर्गीय पासवान के कार्यों को देश कभी भुला नहीं सकता: केदारनाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के संस्थापक स्व राम. विलास पासवान के जन्मदिन को धूमधाम से मनाया गया। कारगी चौक स्थित एक वेडिंग पॉइंट में आयोजित कार्यक्रम में लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ पंडित, प्रदेश उपाध्यक्ष केसर लाल कनौजिया, संसदीय बोर्ड अध्यक्ष एन के पटेल प्रदेश महामंत्री सर्वेश कुमार शर्मा, वीरेंद्र भारद्वाज, गौतम कुमार, प्रदेश संगठन मंत्री वीरेंद्र सिंह रावत प्रदेश सचिव मोनिका अस्टवाल, प्रदेश प्रवक्ता विशाल ठाकुर, कोषाध्यक्ष जय गोविंद, राजकुमार यादव, संजय कुमार सरवन कुमार संजय प्रजापति, राजतिलक कनौजिया, अशोक कुमार एवं संजीव शर्मा मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ पंडित ने कहा कि हम सभी के लिए स्वर्गीय रामविलास पासवान एक प्रेरणा स्रोत हैं। उनके द्वारा जो भारतीय राजनीति में कार्य किए गए हैं एवं जो समाज सेवा की गई है उसे भारतवर्ष कभी भुला नहीं सकता। उत्तराखंड में भी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) सभी जिलों में सामान्य रूप से कार्य कर रही है एवं प्रदेश के प्रति जिन व्यक्तियों को कुछ करने की चाहत हैं उन सभी के लिए पार्टी से जुड़ने का सुनहरा अवसर है जब पार्टी अपने सभी कार्यकारिणी एवं सदस्यों को एक संगठन के रूप में जोड़ रही है।

# डॉ. मुखर्जी के मार्ग पर चलें, देश को मजबूत बनाएं : जोशी

**कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित व अभिनन्दन, जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी, उत्तराखण्ड का दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद राज्यसभा सांसद महेन्द्र भट्ट का प्रथम बार मसूरी विधानसभा क्षेत्र आगमन पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

देहरादून के न्यू कैंट रोड़ स्थित सालावाला में आयोजित स्वागत कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति गहन आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिस भाव के साथ शीर्ष नेतृत्व ने मुझे पुन: प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है, मैं पूर्ण निष्ठा, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा। संगठन को और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाने के लिए मैं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रत्येक स्तर पर निरंतर कार्य करता रहूंगा। प्रदेश अध्यक्ष ने डॉ. मुखर्जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

अपने सम्बोधन में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इतिहास में शायद पहली बार ऐसा हुआ है ,जब प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए किसी ने नामांकन नहीं भरा। यह इस बात का प्रतीक है कि उनके प्रति शीर्ष नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का अपार विश्वास है। उन्होंने कहा कि महेंद्र भट्ट का संगठन के प्रति समर्पण, परिश्रम और त्याग ही है, जिसके चलते उन्हें दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि जब किसी को दोबारा इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलती है, तो यह उसकी कार्यकुशलता, ईमानदारी और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण होता है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान को समर्पित था। उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और जीवनपर्यंत राष्ट्रहित के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि जिस जनसंघ की स्थापना डॉ. मुखर्जी ने की थी, उसी विचारधारा पर चलते हुए आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनी. तिक पार्टी बन चुकी है। जोशी ने उपस्थित जनों से आग्रह किया कि वे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को आत्मसात करें और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश को मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दें।

युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अंशुल चावला के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट को तलवार भेंट कर उनका अभिनन्दन किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, राज्यमंत्री कैलाश पंत, भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, राजीव गुरुंग, महानगर महामंत्री सुरेंद्र राणा, संध्या थापा, निरंजन डोभाल, आरएस परिहार, पूनम नौटियाल सहित पार्षद, पार्टी पदाधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# उत्तराखंड के फायरफाइटर्स ने भारत का गौरव बढ़ाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** विश्व पुलिस एवं फायर गेम्स 2025 में उत्तराखंड के फायरफाइटर्स ने भारत का गौरव बढ़ाया। उन्होंने पहली बार इस गेम्स में प्रतिभाग कर 9 पदक अपने नाम किये और भारत का नाम मैडल टैली में आगे किया।



बर्मिंघम, अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 में पहली बार भाग ले रहे उत्तराखंड फायर सर्विस के जवानों ने अद्भुत साहस, सहनशक्ति और अनुशासन का प्रदर्शन करते हुए भारत और उत्तराखंड का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से उत्तराखंड फायर एंड इमरजेंसी सेवा में गर्व और उत्सव का माहौल है।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 70 से अधिक देशों के 8500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारत की ओर से चार उत्तराखंड के अग्निशमन कर्मी टीम इंडिया का हिस्सा बने, और यह पहली बार था जब उत्तराखंड फायर सर्विस के फायरफाइटर्स ने इस वैश्विक खेल महाकुंभ में भागीदारी की। 04 फायर फायरटर्स में एक पुरूष तथा तीन महिला फायर फाइटर्स थी। टीम के कुल 09 पदकों में से 2- स्वर्ण पदक, 3-रजत पदक तथा 4-कांस्य पदक शामिल रहे। फायर सर्विस चालक दिनेश चंद्र भट्ट ने अल्टीमेट फायर फाइटर प्रतियोगिता में 1 रजत पदक तथा फायर फाइटिंग चौलेंज में 1 कांस्य पदक अर्जित किया। महिला फायर फाइटर्स ने भी मारी बाजी- महिला फायर फाइटर्स डिंपल, माधुरी भंडारी एवं पिंकी रावत ने अल्टीमेट फायर फाइटर (महिला टीम) श्रेणी में 1 कांस्य पदक तथा स्टेयर रन (फुल फायर गियर-महिला टीम) में 1 रजत पदक प्राप्त किया। पिंकी रावत ने स्टेयर रन (फुल फायर गियर-व्यक्तिगत) में 1 कांस्य पदक जीता। डिंपल रावत ने कुल 6 पदकों के साथ प्रतियोगिता में देश के साथ ही एवं उत्तराखंड की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डिंपल ने स्टेयर रन (फुल फायर गियर-मिक्स टीम) में 1 स्वर्ण पदक, स्टेयर रन (कैजुअल-मिक्स टीम) में 1 स्वर्ण पदक, स्टेयर रन (फुल फायर गियर-व्यक्तिगत) में 1 रजत पदक, स्टेयर रन (कैजुअल-व्यक्तिगत) में 1 कांस्य पदक अपने नाम किया। उनकी यह प्रदर्शन न केवल उत्तराखंड के लिए, बल्कि भारत के लिए भी अत्यंत गौरव का विषय रहा।

**फायर फाइटर्स वैश्विक चैंपियन के रूप में उभरे: धामी**

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे फायर कर्मियों द्वारा जीता गया हर पदक केवल एक जीत नहीं, बल्कि यह समर्पण, शारीरिक फिटनेस और मानसिक दृढ़ता का प्रमाण है, जो उत्तराखंड फायर सर्विस की पहचान है।




## शाह टाइम्स की रजत जयंती पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



















# राफेल के खिलाफ मुहिम

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सात मई को भारत और पाकिस्तान के बीच उस समय संघर्ष छिड़ गया था, भारत में सर्जिकल स्ट्राइक के जरिये पाकिस्तानी आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर हमला बोला था। इस संघर्ष में मिसाइलों और लड़ाके विमानों का इस्तेमाल हुआ था। तब पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने भारत के पांच लड़ाकू विमान गिराए थे, जिनमें 3 राफेल जेट भी शामिल हैं, तभी से राफेल विमान को लेकर एक नई बहस छिड़ गई। हालांकि भारत ने कभी यह स्वीकार नहीं किया कि उस संघर्ष में हमारा कितना नुकसान हुआ, लेकिन पिछले कुछ दिनों में हमारे सैनिक अधिकारियों के माध्यम से ऐसी बातें सामने आई, जो यह बताती हैं कि हमारा भी काफी नुकसान हुआ। सीडीएस अनिल चौहान ने सिंगापुर में यह स्वीकार किया था कि आरंभिक चरण में हमारा कुछ नुकसान हुआ है। उनके बाद सेना उप प्रमुख ने भी माना कि हमने कुछ विमान खोए। अब फ्रांस की सैन्य और खुफिया एजेंसी ने एक कदम आगे जाकर एक नया खुलासा किया है जिसमें कहा गया है कि चीन अपने दूतावासों के जरिये फ्रांस के लड़ाकू विमान राफेल फाइटर जेट के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है और इस विमान पर संदेह पैदा करने की कोशिश कर रहा है। फ्रांस के वायु सेना प्रमुख जनरल जेरोंग बेलेंजर ने भी यह कहा है कि भारत ने संभवत: तीन लड़ाकू विमान खोए, जिनमें एक राफेल, एक सुखोई और एक मिराज 200 शामिल हैं। उनका यह भी कहना है कि फ्रांस ने अभी तक जितने भी देशों को विमान भेजे हैं, उनमें पहली बार राफेल को निशाना बनाने की बात सामने आई है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि लड़ाकू विमान अगर गिरा है तो इस बारे में उस देश से सवाल पूछा जाना चाहिए। जाहिर है, उनका इशारा भारत की तरफ था, क्योंकि भारत ने फ्रांस से ही राफेल विमान को खरीदा है। यह विमान पांचवीं पीढ़ी का विमान है और बेहद उन्नत माना जाता है। वैसे होना तो यह चाहिए था कि सबसे पहले इस तरह की बहस भारत में ही होनी चाहिए थी कि आखिर पाक के साथ क्षेत्रीय संघर्ष में हमने क्या खोया, क्या पाया, लेकिन जो भी समाचार युद्ध के संबंध में आ रहे हैं वह विदेशी धरती से ही आ रहे हैं। भारत में इस संबंध में कोई ज्यादा बात नहीं हो रही है। विपक्षी दल भी बार-बार सरकार को इस मुद्दे पर घेरते रहे हैं और संसद सत्र बुलाने की मांग भी विशेष रूप से करते रहे हैं, ताकि इस संबंध में चर्चा की जा सके। सरकार ने भी विपक्ष की इस मांग को कभी नहीं स्वीकारा। जाहिर है, जब सरकार अति सतर्कता बरतेगी, तो तरह-तरह की भ्रांतियां तो पैदा होंगी ही। सीज फायर को लेकर भी यह भ्रांतियां हो रही हैं। ट्रम्प ने जाने कितनी बार अमेरिका में और बाहर भी यह कहते रहे हैं कि सीजफायर उन्होंने कराया और वह भी व्यापार की धमकी देकर जबकि भारत बराबर इन्कार करता रहा है, लेकिन ट्रम्प पर इस बात का कोई प्रभाव पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। इसमें कोई दोराय नहीं कि चीन का पाकिस्तान पर बड़ा प्रभाव है और ऐसा माना जाता है कि पाक में सैन्य हथियारों के मामले में 82 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। जाहिर है चीन यह दिखाने की कोशिश कर रहा है कि उसके हथियार ज्यादा कारगर साबित हुए।


## महाशक्तियों की तानाशाही और अधिनायकवाद



रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान जैसे युद्धों के कारण दुनियाभर में टकराव का माहौल बन गया है, स्थिति बन रही है जिससे कभी भी विश्व युद्ध छिड़ सकता है, बड़ी महाशक्तियों की तानाशाही और अधिनायकवाद के चलते दुनिया से समन्वय, सौहार्द और प्रेम खत्म होता जा रहा है, आज पूरी दुनिया में संघर्ष का वातावरण है, रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान के बीच युद्ध जारी हैं, कभी भी वर्ल्ड वॉर जैसी स्थिति पैदा हो सकती है, भारत बुद्ध की धरती है, जिसने दुनिया को सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश दिया है, युद्ध की तकनीक अब पूरी तरह बदल चुकी है, अब टैंक और पारंपरिक विमान कम उपयोगी हो गए हैं, जबकि मिसाइल और ड्रोन जैसे आधुनिक शस्त्रों का ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है।

**-नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री**

# बांग्लादेश के चुनाव आयोग के तत्कालीन सुधारों को समझिए





**हफीज किदवई**

आज जानिए की बांग्लादेश चुनाव में वहां के चुनाव आयोग ने क्या किया था। क्या वजह थी कि शेख हसीना प्रचंड बहुमत से जीती। जिस जनता ने इतनी महान विजय दी, वही ने उसे सालभर में निर्वासन पर क्यों भेज दिया। इसे समझना हो, तो बांग्लादेश के चुनाव आयोग के तत्कालीन सुधारों को समझिए।

### वोटर लिस्ट में क्या किया गया था

**मतदाता सूची का पुनरीक्षण**- चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने दावा किया कि देशभर में डिजिटल मतदाता सूची का अपडेट किया गया है। कई जगह बायोमेट्रिक सत्यापन के जरिए मृत मतदाताओं के नाम हटाए गए और नए युवाओं को जोड़ा गया।

**नोट**- विपक्ष कहता रहा कि यह प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है मगर किसी ने नहीं सुनी फर्जी और डुप्लिकेट वोटर शामिल करने के आरोप लगा। कई रिपोर्टों में सामने आया कि फर्जी नाम, डुप्लिकेट आईडी और काल्पनिक मतदाता सूची में शामिल किए गए थे। कुछ इलाकों में एक ही व्यक्ति के नाम से दो बार वोट डालने की घटनाएं सामने आईं। एक ही घर से उसके परिवार के सदस्यों की संख्या से कई गुना अधिक वोट डाले गए। विपक्ष ने तब भी कहा कि यह सब शेख हसीना की पार्टी को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया। मगर किसी ने नहीं सुना फिर आया सबसे महत्वपूर्ण Ghost Voters (भूतिया मतदाता) का मामला। कुछ स्वतंत्र मीडिया रिपोर्ट्स जैसे The Guardian Reuters में कहा गया कि कई मतदान केंद्रों पर ऐसे लोगों के वोट दिखाए गए जो या तो विदेश में थे, मृत थे या वहां कभी रहते ही नहीं थे। यह वोटर अचानक जुड़े, वोट किया, फिर गायब, इनकी संख्या बहुत बड़ी थी। फिर जो हुआ वह भी कम महत्वपूर्ण नहीं था। मतदाता अनुपस्थिति और वोट में असंगत संदिग्ध बढ़त हुई। चुनाव वाले दिन दोपहर तक केवल 27 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ था, लेकिन अचानक अंतिम आंकड़े 41 प्रतिशत तक पहुंचाए गए, जिससे यह संदेह गहरा हुआ कि कुछ बड़ी गड़बड़ की गई है। वोट प्रतिशत दिनभर 27-28 रहना और रात बीतने के बाद जब फाइनल वोट के आंकड़े देना, जिसमें 10 प्रतिशत के ऊपर की बढ़ोतरी ने संदिग्ध हालात पैदा किए। विपक्ष ने तब भी कहा कि चुनाव आयोग सही आंकड़े नहीं दे रहा। कुछ गड़बड़ कर रहा, मगर किसी ने नहीं सुना। चुनाव आयोग ने वहां बुजुर्ग और ग्रामीण इलाकों में गाइडेड वोटिंग भी करवाई, जो बुजुर्गों को अशक्त लोगों को सुविधा देने के नाम पर की गई। रिपोर्टों के मुताबिक, कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में वोटर्स से यह तक कहा गया कि किसे वोट देना है। कई बुजुर्ग मतदाता जिन्हें वोटिंग की प्रक्रिया स्पष्ट नहीं थी, उनके वोट एजेंट्स द्वारा प्रभावित किए गए। एजेंट्स ने खुद वोट डाल दिए। विपक्ष ने विवश होकर इस पर भी चेताया मगर किसी ने नहीं सुना। खूब सवाल उठे, तब क्या कहा गया आधिकारिक रूप से।

चुनाव आयोग ने कहा कि मतदाता सूची पूरी तरह डिजिटल, अद्यतन और पारदर्शी है, लेकिन उन्होंने कुछ जिलों में संदेहास्पद गतिविधियों की आंतरिक जांच शुरू करने की भी बात मानी। यह कहा सब कुछ सही और पारदर्शी है। विपक्ष के आरोप बेबुनियाद हैं। एक आध घटना हो सकती हैं, उसकी जांच हो जाएगी, बाकी सारी प्रक्रिया पारदर्शी है। फिर परिणाम आए, शेख हसीना प्रचंड बहुमत से जीतीं। विपक्ष दहाई नहीं पार कर पाया। मगर सालभर में जब जनता को सच दिखने लगा, तब क्या हुआ। शेख हसीना को अपनी मिट्टी छोड़नी पड़ी। चुनाव आयोग पर कार्यवाही शुरू हुई। हर अधिकारी, बड़ा या छोटा, आज जेल में है और कानूनी कार्यवाही का सामना कर रहा है। देश अस्थिर हो गया। यह सब क्यों हुआ, क्योंकि उनकी एक संवैधानिक संस्था ने देश की जनता और देश से गद्दारी की थी। ज्यादा से ज्यादा क्या होता, शेख हसीना हार जाती मगर सिस्टम का कबाड़ा तो नहीं निकलता। आज उनके चुनाव अधिकारी हुलिया बदलकर छिपे छिपे घूम रहे। अपनी पहचान नहीं बता सकते, जैसे ही पहचाने जाते हैं, मारे जाते हैं। यह कमाया है बंगलादेश के चुनाव आयोग ने, पूरे देश को अराजकता की भेंट चढ़ा दिया। चुनाव आयोग के पास ताकत थी, संविधान ने उन्हें व्यवस्था दी थी मगर वह शेख हसीना के तलवों में लोटने लगे। देश की जनता ने अपने अधिकारों के साथ यह बर्ताव देखा। वोट की ताकत को छिन्न भिन्न होते देखा। हसीना और चुनाव आयोग, सबको उलट पलट दिया। यही होता है, जब कोई जनता के साथ खेल खेलता है। तब यही हश्र होता है मगर देश का तो नुकसान बड़ा हो जाता है। विपक्ष की बात उस वक्त सुन ली होती, तो आज यह दिन न होते की अधिकारी, कर्मचारी अपनी जान की भीख मांगते न फिर रहे होते। बांग्लादेश में बुरा हुआ। जनता के साथ पहले गलत हुआ। फिर जनता ने गलत कर दिया मगर उसके पास रास्ता ही क्या था।

### केंचुआ सरकारी विभाग नहीं है, उसका काम तय है

वोटर यानी मतदाता का मतलब किसी चुनाव क्षेत्र में आमतौर पर रहने वाली आबादी का वह हिस्सा है जो 18 वर्ष से ऊपर का है। मतदाता सूची में इनका नाम दर्ज करने और इसकी जांच या प्राप्त आवेदन की पुष्टि के लिए बीएलओ होता है जो बताए गए पते पर जाकर तस्दीक करता है कि दावा सही है या नहीं। दावे की पुष्टि पड़ोसियों से भी की जा सकती है। इसके अलावा कोई नियम अभी तक नहीं रहा। सुविधा के लिए दस्तावेज मांगना और देना औपचारिकता है। 18 साल से ऊपर की आयु के दावे की पुष्टि के लिए जन्म प्रमाण पत्र जरूर मांगा जा सकता है, लेकिन यह उसी के लिए है जो 18 साल का होते ही मतदाता बनना चाहता है। केंचुआ सरकार से अलग, स्वायत्त और स्वतंत्र है। जो देखने में 18 साल से ऊपर का लगता है उससे कोई प्रमाण पत्र मांगने का रिवाज नहीं है। चुनाव आयोग का काम नागरिकता, जन्म, जन्म स्थान, आयु या माता-पिता के नाम की पुष्टि करना नहीं है। ना उसे मतदाता के लिए कोई प्रमाणपत्र जारी करना होता है। उसे चुनाव क्षेत्र में रहने वाले सभी लोगों का नाम उनके पते के अनुसार दर्ज करना है। वोटर बनाना और चुनाव कराना है। नतीजे बताना है। इसके अलावा कुछ नहीं। अगर किसी कारण कोई विदेशी नागरिक गलती से मतदाता सूची में आ जाए तो सरकार के संबंधित विभाग का काम है कि वह उनका नाम कटवाए या वोट देने से रोके, पर जो किसी चुनाव क्षेत्र में रह रहे हैं, विदेशी होना पक्का नहीं है उसे वोट देने का हक है। उनका वोट जरूर पड़े यह सुनिश्चित करना भी चुनाव आयोग का काम है।

**-संजय कुमार सिंह**

# बारिश का कहर और विकास की विफलता

**शिमला के पास एक बहुमंजिला इमारत के भरभरा कर गिरने के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने भयभीत किया। जब बारिश आती है, तो केवल इमारतें और सड़कें नहीं ढहतीं, आम लोगों का जीवन भी उजड़ जाता है। लोग रातोंरात बेघर हो जाते हैं। स्कूल, अस्पताल, बिजली-पानी की सुविधाएं बंद हो जाती हैं। प्रशासनिक अमला अकसर घटनास्थल पर देर से पहुंचता है और राहत कार्यों में राजनीतिक रस्साकशी आड़े आ जाती है। राहत कैंपों में भोजन, शौचालय और दवाइयों की भारी कमी रहती है।**

बीते कुछ वर्षों में पहाड़ों में बारिश एवं बादल फटना अब डर, कहर और तबाही का पर्याय बन गई है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, और पूर्वोत्तर के अन्य पहाड़ी राज्यों में हर वर्ष मानसून के साथ भयावह भूस्खलन, बादल फटना, पुल बहना और सड़कें टूटना एक आम दृश्य बन गया है। यह केवल प्राकृतिक आपदा नहीं है, बल्कि एक व्यवस्थागत विफलता, सरकारी निर्माण की लापरवाही और अनियोजित विकास की पोल खोलने वाला यथार्थ है। निश्चय ही हाल के वर्षों में बारिश के पैटर्न में बदलाव आया है और बारिश की तीव्रता बढ़ी है।

हर वर्ष जब मानसून की पहली बारिश पहाड़ों को भिगोती है, तो स्थानीय जनजीवन एक नई उम्मीद के साथ खिल उठता है। खेतों में हरियाली, नदियों में जल, और प्रकृति की शीतलता-मानसून एक उत्सव जैसा लगता है, लेकिन हालिया मानसूनी बारिश और मौसमी विक्षोभ की जुगलबंदी से हिमाचल के कई इलाकों में तबाही का जो भयावह मंजर उभरा, उसे हमें कुदरत के सबक के तौर पर देखना चाहिए। बड़ी संख्या में लोगों की मौत व लापता होने के साथ ही अरबों रूपए की निजी व सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ है। 2023 और 2024 के मानसून ने हिमाचल और उत्तराखंड जैसे राज्यों में जो कहर बरपाया, वह केवल आंकड़ों में सीमित नहीं है। दर्जनों लोग मारे गए, सैकड़ों मकान जमींदोज हो गए, हजारों लोग बेघर हुए। हाइड्रो प्रोजेक्ट्स, सड़कों, सुरंगों और इमारतों के निर्माण ने जिस तरह से पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना के साथ छेड़छाड़ की, वह अब प्रकृति के प्रतिशोध का कारण बन रही है। उत्तराखंड में ऑल वेदर रोड, हिमाचल में सुरंगें और जल विद्युत परियोजनाएं-इन सभी ने विकास के नाम पर जिस प्रकार अंधाधुंध खुदाई और कटान किए हैं, उससे पर्वतीय क्षेत्र अपनी स्थायित्व खोते जा रहे हैं। वैज्ञानिक चेतावनियों के बावजूद कई निर्माण कार्यों में भूगर्भीय सर्वेक्षण की अनदेखी की गई। नतीजा यह हुआ कि हल्की-सी भारी बारिश में ही सड़कें धंस जाती हैं, इमारतें दरकने लगती हैं, और पूरा गांव मलबे में दब जाता है।


वास्तव, पहाड़ी इलाकों में अतिवृष्टि से आपदा का जो भयावह मंजर उभर रहा है, उसके मूल में सिर्फ जलवायु परिवर्तन ही मुख्य कारक नहीं है। दरअसल, इस तबाही के मूल में हमारी नाजुक हिमालई पारिस्थिकीय तंत्र के प्रति बड़ी लापरवाही भी है। इस तथाकथित विकास के नाम पर हमने उन सीढ़ीनुमा रास्तों को दरकिनार कर दिया, जो पहाड़ों को मजबूती देते थे। पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन कोई नई बात नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में इनकी तीव्रता और आवृत्ति में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। इसकी मुख्य वजहें हैं-अनियंत्रित पहाडों की कटिंग और खुदाई, बढ़ता भारी वाहन यातायात, जल निकासी की अव्यवस्था एवं वन क्षेत्र का अत्याधिक क्षरण। सरकारी निर्माण एजेंसियां अक्सर तय मानकों की अनदेखी करती हैं। निर्माण सामग्री घटिया होती है और मुनाफाखोरी के चक्कर में दीवारें और पुल बरसात में ताश के पत्तों की तरह ढह जाते हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) और पर्यावरण वैज्ञानिक लगातार चेताते रहे हैं कि हिमालई क्षेत्र बेहद संवेदनशील हैं। फिर भी, निर्माण कार्यों के लिए भू-सर्वेक्षण, पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) और जनसुनवाई की प्रक्रियाओं को या तो टाल दिया जाता है या खानापूर्ति भर की जाती है। चार धाम यात्रा मार्ग पर बनने वाली सड़क परियोजनाओं को सुप्रीम कोर्ट ने भी कई बार रोका और सुझाव दिए कि पहाड़ों को काटने की बजाय टनल या वैकल्पिक मार्ग बनाए जाएं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट है।

निश्चय ही पूरी दुनिया में ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते मौसम के बिगड़े तेवर नजर आ रहे हैं, लेकिन पहाड़ों में जल-प्रलय सी आपदा का विनाश निश्चय ही भयावह है। वैज्ञानिकों को इस तथ्य पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि पहाड़ों में बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि क्यों हुई है। इस साल की मानसूनी बारिश में मंडी जिले में बादल फटने की घटनाओं ने बुनियादी ढांचे, घरों, सड़कों और बगीचों को जिस तरह से नुकसान पहुंचाया है, उसने पहाड़ों में विकास के स्वरूप को लेकर फिर नए सिरे से बहस छेड़ दी है। राज्य के तमाम महत्वपूर्ण राजमार्ग भूस्खलन और अतिवृष्टि से बाधित रहे हैं। कांगड़ा घाटी में ऐतिहासिक रेल परिवहन को स्थगित करना पड़ा है।

**-ललित गर्ग**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# निषादों की ऐतिहासिक भूमिका और उपेक्षा का संताप



**वीरेश तरार**

रामायण में एक अमिट प्रसंग आता है। भगवान राम को जब वनवास मिला तो वह लक्ष्मण और सीता के साथ गंगा पार करने के लिए निकले। वहीं उन्हें मिलते हैं केवट। वह राम के चरण धोकर उन्हें पार उतारता है। वह कहता है। प्रभु आपके चरणों से अहिल्या जैसी स्त्री पत्थर से नारी बन गई, मुझे डर है कहीं मेरी नाव भी नारी न बन जाए। यह प्रसंग करुणा, भक्ति और भोलेपन से भरा है, पर हमारे इतिहास ने इसी केवट को, इसी निषाद को केवल भक्ति का पात्र बनाकर छोड़ दिया। नतीजा यह है कि निषाद को अब साल में एक बार रामलीला के मंच पर याद किया जाता है, बस। क्या यह उस जाति के साथ अन्याय नहीं है जिसने भारत की सभ्यता के बीज बोए?

निषाद कोई एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक परंपरा है। नाव चलाना, जल आधारित उत्पादन करना, जलकुंभी, मखाना, सिंघाड़ा जैसे उत्पादों का व्यापार, नदी के दोनों किनारों से लोगों और माल को पार उतारना, नदी के जरिए सुदूर क्षेत्रों तक माल का ढोना, यही इनका परंपरागत कार्य रहा है। ये नदियों के किनारे रहते आए हैं, नाव बनाते हैं, चलाते हैं और जल मार्गों को जीवन देते हैं। यदि हम देखें कि भारतीय उपमहाद्वीप की समृद्ध सभ्यता कैसे बनी, तो पाएंगे कि नदियों के किनारे बसी बस्तियों से यह सभ्यता उठी और नदी ही वह माध्यम बनी जिसने कृषि, व्यापार और जीवन को जोड़ा। नदियां पहाड़ों से निकलती हैं। हिमालय और अन्य पर्वतों पर जमा बर्फ के पिघलने से, बारिश के जल से, वर्षा ऋतु की बाढ़ों से, ये नदियां



मैदानों तक आती हैं। अपने साथ वे खनिज लाती हैं, बीज लाती हैं, उपजाऊ मिट्टी लाती हैं और नदी के किनारे की भूमि को उपजाऊ बना देती हैं। यही वह बिंदु है जहां जंगली शिकारी मानव समूहों की दृष्टि वनस्पतियों की ओर जाती है। वही मनुष्य जो जानवरों का शिकार करता था, अब वह देखता है कि नदी किनारे की घास, झाड़ियां और अनाज जैसे पौधे बार-बार उसी स्थान पर उगते हैं। यहीं से शुरू होती है खेती। गेहूं, जौ, दालें कृ सब की खेती नदी किनारे से प्रारंभ होती है, परंतु जब एक किसान उत्पादन करता है, तो उसकी अपनी जरूरतें भी होती हैं। नमक, मसाले, आभूषण, उपकरण ये सब उसके पास नहीं होते। तब उस तक ये चीजें कौन पहुंचाता है? यही वह बिंदु है जहां निषाद, केवट, मल्लाह, बंजारा, द्रविड़ जैसे समुदायों की भूमिका सामने आती है।

बंजारे चलते थे गांव-गांव, उनके साथ महिलाएं होती थीं जिन्हें बंजारिन कहा गया। वे मसाले, समुद्री उत्पाद, आभूषण, कोड़ी, शंख, मखाना और भी ढेर सारी चीजें किसान समुदाय तक पहुंचाते थे। बदले में वे उनसे अनाज लेते थे। मुद्रा की जगह वस्तु विनिमय होता था और इस प्रकार भारत की पहली व्यापारिक व्यवस्था स्थापित हुई।

जब निषाद नाव से एक ओर किसान की उपज ले जाते, तो दूसरी ओर समुद्र की चीजें लाकर उसे सौंपते। इसी क्रम में व्यापार के केंद्र बने। हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, राखीगढ़ी, कालीबंगा, लोथल और आज के आधुनिक शहर। सब नदियों के किनारे बसे हैं। भारत का पहला शहरवासी वर्ग इन नाविकों, व्यापारियों, और कृषि उत्पादकों से बना परंतु यही काम अन्य देशों ने भी किया। वास्को-डि-गामा, पुर्तगाल का नाविक, भारत पहुंचा तो वह एक व्यापारिक यात्रा पर निकला था। अरब देश के नाविकों ने भी व्यापार की श्रंखला बनाई। इनके पीछे उनके राजा, बादशाह और सुल्तान खड़े थे। यही कारण है कि यूरोप में नौकायन संस्कृति का विकास हुआ, समुद्री मार्गों से देशों को जोड़ा गया और कालांतर में व्यापार ने ही उन्हें इतना शक्तिशाली बना दिया कि इस्ट इंडिया जैसे नाविक कंपनी भारत से ही शुरू करके पूरे विश्व की सत्ता पर अपनी सत्ता का परचम फहरा सकी। पुर्तगाली नाविक भी तब एशिया के कई हिस्सों में अपनी समानांतर सत्ता चला रहे थे। जबकि भारत में हमारे नाविकों को, निषादों को, बंजारों को, मल्लाहों को कभी कोई संरक्षण नहीं मिला। वे सदियों तक मेहनत करते रहे, नाव खींचते रहे, समुद्र की लहरों में संघर्ष करते रहे, लेकिन उनकी तरफ किसी राजा ने देखा तक नहीं। निषाद समाज ने भारत को भारत बनाया, लेकिन खुद उपेक्षित रह गया। उसके ज्ञान, उसके कौशल, उसकी व्यापारिक सूझबूझ को कभी मान्यता नहीं मिली और आज भी वह उपेक्षित है। जब भारत के परंपरागत जल मार्ग बर्बाद हो गए, जब नदियों को उनके प्राकृतिक स्वरूप से मोड़ दिया गया, तो वह नाविक संस्कृति भी बर्बाद हो गई। आज कंपनियां खेत से सीधे उत्पाद खरीदती हैं और निषाद समाज जैसे परंपरागत बिचौलिए समाप्त कर दिए गए। यही कारण है कि यह समाज आज गरीबी, बेरोजगारी और राजनैतिक उपेक्षा से त्रस्त है। अब समय आ गया है कि भारत अपने अतीत की ओर लौटे। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हमारी सभ्यता नदी आधारित रही है, नदियों से जीवन चलता है और उन नदियों के रक्षक, उनके साथी, उनके व्यापारी निषाद समुदाय हैं। यदि हम इन समुदायों को पुन: महत्व दें, जलमार्गों को फिर से विकसित करें, नदियों की सफाई करें, जल संग्रहण और परिवहन को पुनर्जीवित करें तो न केवल निषाद समाज उठेगा, बल्कि भारत फिर से एक शक्तिशाली राष्ट्र बनेगा।

भारत की आत्मा गांवों में है, पर उसकी धड़कनें नदियों में हैं। जब तक ये नदियां बहती रहेंगी, निषाद समाज नाव चलाता रहेगा, बंजारा व्यापार करता रहेगा, किसान हल चलाता रहेगा, बंजारिन सिर पर टोकरा रखे जाती रहेगी। तभी तक भारत भारत रहेगा, लेकिन आज भारत उस कौवे की तरह होता जा रहा है जो हंस की चाल चलने की नकल में अपनी चाल ही भूल गया है। अगर उसे जीवित रहना है, आगे बढ़ना है, तो उसे अपनी असली चाल, अपनी मिट्टी, अपनी नदियां, अपने निषाद, अपने बंजारे को फिर से पहचानना और अपनाना होगा। तभी भारत फिर से अपनी पहचान और गरिमा के साथ खड़ा हो सकेगा। हम यहां यह भी नहीं कहेंगे कि भारत के यह निषाद, बंजारे और द्रविड उन्हीं परम्परागत साधनों और पोशाकों के साथ मैदान में उतारे जाएं, बल्कि आधुनिक तनीकी से लैस उन्नत संसाधनों का भरपूर समावेश इनकी कार्ययोजना में शामिल किया जाए हमें तो इनके व्यवसायिक ज्ञान, पर्यावरणीय अनुभव आधारित समझ और असीम कार्यक्षमताओं का यथा सामर्थ्य उपयोग बस करना है और इन्हें उस प्रणाली की रीढ़ बनाने की जरूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## शाह टाइम्स की रजत जयंती पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


# JAMIA TIBBIYA DEOBAND

Recognized by NCISM, New Delhi, Affiliated to Mahayogi Guru GorakhnathAyush University, Gorakhpur, U.P.

NABH Accredited
Awarded Grade 'A'by Quality Council of India

ADMISSION OPEN 2025-26

Courses Offered **B.U.M.S.** (Bachelor of Unani Medicine and Surgery)
Duration 5½ Year (01 Year Rotatory Internship)

Counselling code for BUMS - U003
Neet 2025-26
Cut off Score - Gen-144, OBC-113

# JAMIA COLLEGE OF PHARMACY

G.T. Road, Deoband
Approved by PCI New Delhi, Affiliated to AKTU Lucknow &BTEUP Lucknow
Counselling code for D.Pharm- 1317, B.Pharm-1269

**Courses Offered**

**B Pharm**
Bachelor of Pharmacy (4 Year)
Required Qualification- 12th PCB or PCM
Minimum 50% Marks

**D Pharm**
Diploma in Pharmacy (2 Year)
Required Qualification- 12th PCB or PCM
Admission Criteria - JEECUP 2025

# JAMIA PARAMEDICAL COLLEGE

G.T. Road, Deoband
Approved & Affiliated to Board of Ayurvedic & Unani Tibbi Systems of Medicine, Lucknow, U.P

**Courses Offered**

**DIPLOMA IN NURSING (AYURVEDA)**
(3Year 09 Month) (9 month Maternity Training)
Required Qualification- 12th

**DIPLOMA IN PHARMACIST (AYURVEDA)**
(2 Year 03 Month) (3 month Internship)
Required Qualification- 12th P.C.B or P.C.M.

**Key Features**
Well Equipped Labs
Best Infrastructure
Qualified & Well Trained Faculty

**Facilities**
Hostel For Boys/Girls
Cafeteria
Transport for Girls
Ragging Free Campus

**Contact us -**
9897869424
8279730724
9897842060
9359210059

**Helpline - 1800-102-2318**
G.T. Road, Deoband, District Saharanpur, Uttar Pradesh - 247554
Email - info@jamiatibbiya.com, jcpdeoband@gmail.com
Web - www.jamiatibbiya.com, www.jcpdeoband.com

# AL-HAKEEM
# अल-हकीम
## यूनानी मेडिकेयर सेन्टर

हमारे यहां इन बीमारियों का खास इलाज किया जाता है।

1. नसों और दिमाग की बीमारियाँ, सर दर्द, नींद न आना, नर्तनरोग दिमागी कमजोरी, निस्यान, हाथ पेर की जलन, जिगर की बीमारियां।
2. हड्डियों की बीमारियाँ (जोड़ों का दर्द, गठिया, गर्दन का दर्द, कमर का दर्द, नाटी का दर्द, गुर्दे व मसाने की बीमारियां।
3. पेट की बीमारियाँ (कब्ज, बदहज़मी, गैस, आंतों की कमज़ोरी और सूजन, बवासीर (खूनी/बादी), जिगर की बीमारियाँ, सुरअत इनजाल।
4. यौन रोग, नपुंसकता, बांझपन, हस्तमैथुन, धात की बीमारियाँ, पेशाब का बार-बार आना, पेशाब का रूक-रूक कर आना।
5. गुर्दे और मूत्राशय की पथरी, पेशाब मे कष्ट, ग्रंथियों का बढ जाना, पेशाब का कंट्रोल न होना, गुर्दों की कमजोरी, चमडी की बीमारियां।
6. चेहरे के दाग धब्बे (सफेद दाग), खुजली, बालों का गिरना, फोडे, फुन्सी, मुहांसे, बालों का सफेद होना, सोरायसिस, एक्जिमा।
7. पुरानी खांसी, एलर्जी, साइनसाईटिस।

**सुविधाएँ**
यूनानी उपचार, अच्छी गुणवत्ता वाली दवा, हिजामा से इलाज, जोंक से इलाज, अच्छा सुझाव

**देवबन्द ब्रांच**
राहत कॉम्पलैक्स, निकट पुलिस चौकी खानकाह, इन्द्रा पार्क, देवबन्द, सहारनपुर (उ.प्र.) - 247554 - मो. 9045607090

**दिल्ली ब्रांच**
जी-48, अल हबीब मस्जिद के पीछे, निकट सेन्ट्रल बैंक ऑफ इन्डिया, शाहीन बाग, जामिया नगर, ओखला, नई दिल्ली-25 - मो. +91-11 45067236, 93541319122, 9457601009

**मुम्बई ब्रांच**
दुकान सं. 3, असलफा मेट्रो स्टेशन, निकट गलोबल नर्सिगं होम, असलफा अंधेरी-घटकोपर लिंक रोड, घटकोपर (वेस्ट), मुम्बई-400084, मो. 9699277250

# NAWAZ GIRLS' PUBLIC SCHOOL, DEOBAND

(Affiliated to CBSE, New Delhi,10+2)

ALL INDIA RANK HOLDERS CBSE EXAM 2024-25

Our Proud Congratulations

4th RANK 99.2% WALIYA D/O ABDUR RASHEED
7th RANK 98.6% KHADEEJA USMANI D/O ANSAR ILAHI

MERITORIOUS ACHIEVERS CLASS XII
MERITORIOUS ACHIEVERS CLASS X

FOUNDER DR. NAWAZ DEOBANDI

## शाह टाइम्स की रजत जयंती के शुभ अवसर पर अहले वतन को दिली मुबारकबाद

| | | | |
|---|---|---|---|
| ANFAR SINCE1950 8868042813 | MAKTABA FIDA E MILLAT 7417472626 | ASHRAFI DTDC 9758612846 | MAKTABA GHAZALI 7505363799 |
| Pro INCOME 7300661364 | AQ QASMI ATTAR 8936951032 | Al Hamd Art & Decor 8958140373 | RAHMANI GENERAL STORE 7310632727 |
| Sunnati LIBAS 9997015429 | London OPTICALS 9639361752 | Rahman Fragrence 9760693627 | Raushan General Store 9234861029 |
| A to Z GARMENTS 9557525360 | NAJM TRADERS 9258526024 | ALFA TRADERS 8218073407 | Qasmi SHOE HUB 8273033921 |
| Usmani Cool Point 9897346246 | HMS 7906691929 | AL AQSA ENTERPRISES 9458648913 | MASHAAL URBAN BITES 9528352800 |
| MASHAAL RESTAURANT 7520308080 | TAQWA SADRI CENTER 7037963828 | HANEEF JACKET 9997673834 | Norah Dates 9634838339 |
| M HASAN QASMI 8076761276 | Madani Kurta Palace 9897103335 | Rasheedi ENTERPRISES 9536134311 | 9027516038 |
| 7417472626 | AL FALAH ENTERPRISES 9548996673 | Junaid CAP HOUSE 8941851624 | Khushboo Ghar 8860127177 |
| Madani Clinic 9720573831 | NAJMI GENERAL STORE 8709677306 | Tijarah Cloth House 7895282786 | BABARKAT INFRA |

**MASHAAL COMPLEX** +91 78302 80786 | +91 95572 45993
Opp. Masjid Rasheed, Deoband, Saharanpur-247554

# Spring Dale PUBLIC SCHOOL

Affiliated to C.B.S.E., New Delhi | Senior Secondary

**Outstanding Performance in NEET 2025**
*Huge Congratulations To Our Future Doctors!*

SAAD FAIZAN SIDDIQUI
CHAIRMAN SPRING DALE FOUNDER FAIZAN MULTI SPECIALITY HOSPITAL

Ayan Khan, Samiya Siddiqui, Faiz Alam, Zaid Rao, Safiya Ansar

AHMED FAIZAN SIDDIQUI
CO-CHAIRMAN SPRING DALE FOUNDER FAIZAN MULTI SPECIALITY HOSPITAL

Wishing you a journey filled with success and fulfillment!

8439-851-786, 8439-852-786
Head Office: Near Faizan Hospital, Eidgah Road, Deoband
Campus: 2 kms, Deoband Saharanpur Highway, SH-58, Deoband

## रजत जयंती वर्ष ढाई दशक का सुनहरा सफर सभी देश वासियों को शाह टाइम्स की रजत जयंती पर



हार्दिक शुभकामनायें

**हाफिज फहीम उस्मानी**
रूहानी इलाज के माहिर
वरिष्ठ समाजसेवी
मौहल्ला गद्दीवाडा, अबुलमाली, देवबन्द

# tutorix

COACHING CENTRE - HYDERABAD
DEOBAND CAMPUS
का पहला साल बेमिसाल

अब कोटा व दिल्ली से बेहतर कोचिंग अपके शहर में उपलब्ध
INDIA'S BEST COACHING NOW IN YOUR CITY DEOBAND

NEET(UG) 2025 में देवबन्द सेन्टर से दो बच्चों ने लहराया सफलता का परचम
Tutorix परिवार दोनों बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना करता है।

AYAN KHAN NEET SCORE 535 AIR - 20779 (Tutorix Regular Batch)
SAMIYA SIDDIQUI NEET SCORE 529 AIR - 24883 (Tutorix Regular Batch)

सम्पर्क करें
सीमित सीटस NEET/IIT-JEE/ 6th To 12th Tuition के लिए सीमित सीटस

ADMISSION OPEN 2025-26

01336-796652, 9458209045, 9758658500, 8534985109, 9064460044
पता: मजनू वाला रोड, रेलवे रोड बाई पास, देवबन्द

# THE DREAM LAND PUBLIC SCHOOL

English Medium
ADMISSION OPEN

ईदगाह रोड, देवबन्द (सहारनपुर)
मो. 9897223457, 9105685995



शाह टाइम्स की रजत जयंती पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**चौधरी ओमपाल सिंह**
चेयरमैन साधन सहकारी समिति लि० देवबन्द एवं अध्यक्ष उ०प्र० जनकल्याण मंच